राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, शनिवार, 11 अप्रैल 2026

वर्ष 07, अंक 188, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाजियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित


एलडीए की बड़ी कार्रवाई, 6 अवैध निर्माण किए सील; ध्वस्त...13

रेत माफियाओं का बड़ा खेल उजागरः जनता से खुली लूट...12

# जाति आधारित जनगणना रोकने की पीआईएल खारिज सुप्रीम कोर्ट

## 'ऐसी भाषा याचिका में कहां से लिखते हो?' सी जे आई ने लगाई फटकार

**सुप्रीम कोर्ट ने जाति आधारित जनगणना रोकने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया है प्रधान न्यायाधीश (सी जे आई)सूर्यकांत शुक्रवार को सुनवाई के दौरान व्यक्तिगत रूप से पेश हुए याचिकाकर्ता से नाराज दिखे उन्होंने याचिका में लिखी गई अभद्र भाषा को लेकर याचिकाकर्ता को फटकार भी लगाई**



सुप्रीम कोर्ट ने जाति आधारित जनगणना रोकने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया है. बताया जा रहा है कि शुक्रवार को एस सी में सुनवाई के दौरान केंद्र को जाति आधारित जनगणना रोकने का निर्देश देने का अनुरोध करने वाली याचिका कर दिया गया है. इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने जनहित याचिका में इस्तेमाल की गई भाषा को लेकर याचिकाकर्ता को फटकार भी लगाई।

प्रधान न्यायाधीश (सी जे आई)सूर्यकांत सुनवाई के दौरान व्यक्तिगत रूप से पेश हुए याचिकाकर्ता से स्पष्ट रूप से नाराज दिखे. उन्होंने कहा, आपने अपनी याचिका में बदतमीजी की भाषा लिखी है. आपने किससे अपनी याचिका लिखवाई है। प्रधान न्यायाधीश ने याचिकाकर्ता से कहा, आप कहां से ऐसी भाषा लिखते हो याचिका में. बताया जा रहा है कि प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली इस पीठ में न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली भी शामिल थे. पीठ ने इस याचिका को खारिज कर दिया. याचिका में केंद्र को एकल संतान वाले परिवारों को आर्थिक प्रोत्साहन देने के लिए नीतियां बनाने का निर्देश दिए जाने का भी अनुरोध किया गया है।

**देश की पहली पूर्ण डिजिटल जनगणना होगी**

सुप्रीम कोर्ट ने इससे पहले दो फरवरी को भी एक अन्य जनहित याचिका पर भी विचार करने से इनकार कर दिया था जिसमें 2027 की आम जनगणना में नागरिकों के जाति संबंधी आंकड़ों को दर्ज करने, वर्गीकृत करने और सत्यापित करने के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया पर सवाल उठाए गए थे. आधिकारिक तौर पर देश की 16वीं राष्ट्रीय जनगणना- 2027 की जनगणना, 1931 के बाद पहली ऐसी जनगणना होगी जिसमें जाति के आधारित पर व्यापक गणना शामिल होगी और यह देश की पहली पूर्ण डिजिटल जनगणना भी होगी.

**अगर कुछ नहीं होता, तब आप कोर्ट आएंगे**

सीजेआई ने याचिकाकर्ता को फटकार लगाने के बाद बताया कि कोर्ट ने भागने के जाए आपको अधिकारियों संपर्क करना चाहिए. उन्हें कुछ मुद्दों पर समझदार बनना चाहिए. सीजेआई ने आगे कहा कि लेकिन हम उम्मीद करते हैं कि बार के एक मेंबर के रूप में और आपके जैसे कानून की जानकारी रखने वाले व्यक्ति को मुद्दे को विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण से पहचानना चाहिए और तब अधिकारियों को जागरूक करने की कोशिश करनी चाहिए और अगर कुछ नहीं होता, तब आप कोर्ट आएंगे।

# पंजाब के सस्पेंड डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर को एस सी से झटका

## जमानत पर सुनवाई से क्यों किया इंकार

**पंजाब के सस्पेंड डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली है. एस सी ने भुल्लर की जमानत पर सुनवाई से इंकार कर दिया. दरअसल, पिछले साल अक्टूबर में सीबीआई ने भ्रष्टाचार मामले में डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर को गिरफ्तार किया था।**





पंजाब के सस्पेंड डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली है. भ्रष्टाचार मामले में भुल्लर ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी. शुक्रवार को एस सी ने भुल्लर की जमानत पर सुनवाई से इंकार कर दिया. हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने भुल्लर को यह छूट दी है कि अगर ट्रायल दो महीने के भीतर शुरू नहीं होता है तो वो जमानत के लिए पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट में अपील कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और विपुल एम पंचोली की पीठ ने ये आदेश दिया है. दरअसल, पिछले साल अक्टूबर में सीबीआई ने भ्रष्टाचार मामले में डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर को गिरफ्तार किया था. इसके बाद सरकार ने भुल्लर को सस्पेंड कर दिया. वहीं सुप्रीम कोर्ट से पहले पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने भी भुल्लर को जमानत देने से इंकार कर दिया था. इसके बाद ही भुल्लर ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था. माना जा रहा है कि भुल्लर अब पंजाब या हरियाणा हाई कोर्ट में जमानत के लिए दोबारा से अपील कर सकते हैं. फिलहाल भुल्लर में जेल में बंद हैं. उनके वकील जल्द ही हाई कोर्ट में उनकी जमानत के लिए याचिका दायर कर सकते हैं।

**भुल्लर के अधिवक्ता ने एससी में क्या कहा?**

भुल्लर की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने जमानत मांगते हुए कहा कि याचिकाकर्ता के भागने का कोई खतरा नहीं है और मामले में चार्जशीट और सप्लीमेंट्री चार्जशीट पहले ही दाखिल की जा चुकी है. मुकुल की दलीलों को सुनने के बाद बेंच ने कहा कि वह इस स्तर पर याचिका पर सुनवाई करने के लिए इच्छुक नहीं है. बेंच ने साफ तौर पर भुल्लर की जमानत याचिका पर सुनवाई से इंकार कर दिया. हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर अगले दो महीने में उनकी याचिका पर ट्रायल शुरू नहीं होता है तो वह पंजाब या हरियाणा हाई कोर्ट में जमानत याचिका के लिए अपील कर सकते हैं।

**घर से मिला था साढ़े सात करोड़ कैश और ढाई किलो सोना**

पंजाब के सस्पेंड डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर और कृष्णु शारदा को सीबीआई ने 16 अक्टूबर 2025 को गिरफ्तार किया था. दोनों पर भ्रष्टाचार मामले में एक्शन हुआ था. गिरफ्तारी के बाद से दोनों जेल में ही हैं. भुल्लर और कृष्णु पर मंडी गोबिंदगढ़ के एक कारोबारी से आठ लाख रुपये रिश्वत लेने के आरोप हैं. सीबीआई ने गिरफ्तारी के बाद भुल्लर के सेक्टर-40 स्थित घर पर रेड मारी थी. वहां से साढ़े सात करोड़ रुपये कैश और ढाई किलो सोना बरामद हुआ था. महंगी घड़ियां, शराब और प्रॉपर्टी के कागजात बरामद हुए थे। ऐसे में आय से अधिक संपत्ति का भी केस दर्ज कर लिया था।

## संक्षिप्त ख़बरें

### करेली में इरफान हत्या कांड में दो वांछित गिरफ्तार, बाइक बरामद




**ब्यूरो प्रयागराज।** करेली थाना क्षेत्र में चर्चित इरफान अहमद हत्याकांड में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। अशरफ अहमद के ड्राइवर इरफान अहमद की हत्या से जुड़ा हुआ है, जिसने इलाके में सनसनी फैला दी थी। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहम्मद हुसैन उर्फ प्लम्बर और मोहम्मद वसीम उर्फ कबूतर के रूप में हुई है। दोनों को सर्विलांस और मुखबिर की सूचना के आधार पर हिरासत में लिया गया। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने उनके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल भी बरामद की है। **पूछताछ में अहम खुलासे** पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया है कि उन्होंने एक शख्स के इशारे पर इस वारदात को अंजाम दिया। हालांकि पुलिस ने अभी उस मास्टरमाइंड का नाम सार्वजनिक नहीं किया है। अधिकारियों का कहना है कि पूरे नेटवर्क की गहन जांच की जा रही है और जल्द ही अन्य आरोपियों की भी गिरफ्तारी संभव है। **जमीन विवाद से जुड़ा मामला** प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि हत्या का कारण जमीन विवाद हो सकता है। पुलिस इस एंगल को ध्यान में रखते हुए मामले की पड़ताल कर रही है, साथ ही पुराने आपराधिक संबंधों और रंजिशों की भी जांच की जा रही है।

### दिल्ली में फ्लाईओवर, एफ ओबी और सब-वे के नीचे बनेंगी 300 पुलिस चौकियां; सुरक्षा पुख्ता करने की योजना

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के बेहतर इस्तेमाल और सुरक्षा बढ़ाने के मकसद से दिल्ली सरकार ने फ्लाईओवरों, फुट ओवरब्रिजों और पैदल चलने वालों के लिए बने सब-वे के नीचे करीब 300 पुलिस चौकी बनाने की योजना बनाई है। यह जानकारी पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा ने शुक्रवार को दी। लोक निर्माण विभाग 106 फ्लाईओवरों, 115 फुट ओवरब्रिजों और 70 सब-वे का रखरखाव करता है। विभाग दिल्ली पुलिस के लिए प्रस्तावित पुलिस पोस्ट का निर्माण करेगा। मंत्री के अनुसार फ्लाईओवर के नीचे लगभग 50 पोस्ट बनाने का दिल्ली पुलिस का शुरुआती प्रस्ताव पहले ही मंजूर किया जा चुका है। आगे चलकर सभी फ्लाईओवरों, पैदल चलने वालों के लिए बने सब-वे और एफओबी को इसमें शामिल करने की है। इसके तहत लगभग 300 पुलिस पोस्ट बनाए जाएंगे। परियोजना के अगले चरण में पीडब्ल्यूडी पैदल चलने वालों के लिए बने सब-वे के अंदर व्यावसायिक प्रतिष्ठान खोलने की अनुमति देने पर विचार कर रहा है, अभी इस प्रस्ताव को अभी मंजूरी मिलना बाकी है।

# कोई भी विद्यालय किसी भी छात्र से किसी निर्धारित दुकान से ही किताब, जूता, ड्रेस आदि क्रय करने हेतु नहीं करेगा बाध्य- जिलाधिकारी

**अभिभावक नगर मजिस्ट्रेट एवं जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में दे सकते हैं लिखित शिकायत**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** जिलाधिकार मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को संगम सभागार में उ0प्र0 स्ववित्तपोषित स्वतंत्र विद्यालय (शुल्क विनियमन) अधिनियम 2018 के प्राविधानों के अनुसार जिला शुल्क नियामक समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में समिति के सदस्य सचिव जिला विद्यालय निरीक्षक प्रयागराज पी0एन0 सिंह ने बताया किया अधिनियम के प्राविधानों के अनुसार सभी वित्तविहीन विद्यालयों (यथा-सी0 बी0 एस0 ई0, सी0 आई0 एस0 सी0 ई0, यू0 पी0 बोर्ड आदि) को अपनी शुल्क संरचना अपनी वेबसाइट तथा सूचना पट पर प्रदर्शित करना अनिवार्य है। कोई भी विद्यालय किसी भी अभिभावक से शुल्क के अतिरिक्त कोई भी धनराशि नहीं लेगा। विद्यालय द्वारा निर्धारित जो भी शुल्क लिया जायेगा उसकी समुचित रसीद प्रदान की जायेगी। कोई भी विद्यालय किसी भी छात्र से किसी निर्धारित दुकान से किताब, जूता-मोजा, ड्रेस आदि कय करने हेतु बाध्य नहीं करेगा एवं कोई भी विद्यालय अनावश्यक शुल्क वृद्धि नहीं करेगा। विद्यालय शुल्क वृद्धि पूर्ववर्ती वर्ष के अध्यापकों के मासिक वेतन में प्रति व्यक्ति वृद्धि के औसत के बराबर कर सकता है, किन्तु शुल्क वृद्धि नवीनतम उपलब्ध उपभोक्ता मूल्य सूचकांक और छात्रों से वसूल किये गये 5 प्रतिशत शुल्क से अधिक नहीं होगी।

जिला विद्यालय निरीक्षक ने स्पष्ट किया कि इन प्राविधानों का उल्लंघन करने पर प्रथम बार एक लाख रूपये का अर्थ दण्ड, दूसरी बार उल्लंघन करने पर पाँच लाख का अर्थ दण्ड और तीसरी बार उल्लंघन करने पर विद्यालय की मान्यता वापस लिये जाने की संस्तुति का प्रावधान है। जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यालयों द्वारा मनमानी शुल्क वृद्धि, पुस्तकों, यूनिफार्म आदि में मनमानी करने की लगातार शिकायतें आ रही है। इन शिकायतों के निस्तारण हेतु नगर मजिस्ट्रेट और जिला विद्यालय निरीक्षक, प्रयागराज को संयुक्त रूप से नोडल अधिकारी नामित किया गया है और अभिभावक इन दोनों



कार्यालयों में से कहीं भी अपनी लिखित शिकायत दे सकते हैं। बैठक में जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि जनपद प्रयागराज में संचालित समस्त बोर्ड के सभी निजी विद्यालयों को पत्र जारी कर विगत 03 वर्षो की आडिट रिपोर्ट, 05 वर्षो के शुल्क का विवरण और शिक्षकों एवं कर्मचारियों के वेतन विवरण तथा वार्षिक वेतन वृद्धि की सूचना एक सप्ताह के अन्दर प्राप्त करें। पन्द्रह दिनों बाद समिति की बैठक पुनः आयोजित होगी, जिसमें विद्यालयों से प्राप्त सूचनाओं की समीक्षा की जायेगी। समीक्षा में दोषी पाये जाने वाले विद्यालयों तथा सूचना न देने वाले विद्यालयों के विरुद्ध नियमानुसारी कार्यवाही करते हुए दण्ड अधिरोपित किया जायेगा।

# तीन लेखकों को सीबीएसई बोर्ड पर आधारित व्याकरण पुस्तक की नवीं कक्षा में मिला स्थान

**19 अप्रैल रविवार को महाराष्ट्र लोक सेवा मंडल प्रयागराज में आयोजित होगा अभिनंदन समारोह।**


**उपरोक्त साहित्यकारों को पाठ्यक्रम में स्थान मिलने पर आयोजित अभिनंदन समारोह के मुख्य अतिथि भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुनेश्वर मिश्र और अति विशिष्ट अतिथि भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय संरक्षक डॉक्टर बालकृष्ण पांडेय होंगे और इस समारोह की अध्यक्षता भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ उत्तर प्रदेश साहित्य प्रकोष्ठ के प्रभारी सुप्रसिद्ध पाठ्य पुस्तक लेखक सर्वेश कांत वर्मा सरल करेंगे।**

**विशिष्ट अतिथि में गाडरवारा नरसिंहपुर के ख्यातिलब्ध साहित्यकार विजय बेशर्म और जबलपुर की डा0 वंदना विनम्र भी मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर साहित्यांजलि प्रकाशन प्रयागराज द्वारा प्रकाशित तीन पुस्तकों का लोकार्पण भी किया जाएगा। भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय प्रकाशन सचिव रवीन्द्र कुशवाहा ने बताया कि इस अवसर पर साहित्यांजलि प्रभा से जुड़े कुछ साहित्यकारों को भी विशेष सम्मान दिया जाएगा। अभिनंदन समारोह आयोजन मंडल और भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ की महानगर प्रयागराज इकाई ने सभी साहित्यकारों पत्रकारों कवियों को इस समारोह में भाग लेने की अपील की है।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ से संबद्ध पदाधिकारियों में तीन वरिष्ठ लेखकों को सीबीएसई बोर्ड पर आधारित कक्षा 9 की व्याकरण की पुस्तक में शामिल किया गया है जिसे लेकर स्थानीय साहित्यकारों में हर्ष व्याप्त है। उक्त साहित्यकारों का अभिनंदन समारोह 19 अप्रैल 2026 को आयोजित किया जा रहा है।उपरोक्त जानकारी देते हुए सुप्रसिद्ध पाठ्य पुस्तक लेखक सर्वेश कांत वर्मा ने बताया कि सीबीएसई बोर्ड के पैटर्न पर आधारित कक्षा 9 की व्याकरण की पुस्तक किंशुक हिंदी व्याकरण में प्रयागराज के तीन वरिष्ठ लेखकों को स्थान मिला है जिनमें श्रीमती जया मोहन, डॉक्टर भगवान प्रसाद उपाध्याय और डॉ राम लखन चौरसिया वागीश शामिल हैं।

श्री वर्मा जी ने बताया कि इस पुस्तक की लेखिका श्रीमती वर्मा है जिन्होंने उपरोक्त तीन साहित्यकारों को इसमें स्थान दिया है। उल्लेखनीय है कि डॉक्टर भगवान प्रसाद उपाध्याय की एक रचना 2 वर्ष पहले इंटरमीडिएट सामान्य हिंदी की कक्षा 12 में अपठित पद्यांश में शामिल की गई थी जो यूपी बोर्ड पाठ्यक्रम के अनुसार थी। अब इन्हें सीबीएसई बोर्ड में भी स्थान मिला है जो इनके रचनात्मक परिश्रम का प्रतिफल है।उपरोक्त तीनों रचनाकारों का सार्वजनिक अभिनंदन समारोह आगामी 19 अप्रैल 2026 दिन रविवार को पूर्वाहन 11:00 बजे से प्रयागराज के आलोपी बाग मंदिर के पूरब में महाराष्ट्र लोक सेवा मंडल के प्रतिष्ठित सभागार में किया जा रहा है जिसमें जनपद और अन्य



जिलों के अनेक वरिष्ठ साहित्यकार पत्रकार कवि शामिल होंगे।

# एयरपोर्ट जाना था और बीच रास्ते में खड़ी हो गई मेट्रो, आखिर क्यों 50 मिनट तक संचालन रहा प्रभावित?



- **पतंग के मांझे से मेट्रो संचालन 50 मिनट बाधित हुआ।**
- **चारबाग-आलमबाग के बीच ओवरहेड वायर में शॉर्ट सर्किट।**
- **यात्रियों को असुविधा, एयरपोर्ट जाने वाले परेशान हुए।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** मेट्रो फिर पतंग के मांझे की चपेट में आ गई, शुक्रवार को मेट्रो का संचालन 50 मिनट तक प्रभावित रहा। 10 मिनट तक एयरपोर्ट जा रही मेट्रो चारबाग मवैया के पास खड़ी रही, इसके बाद 40 मिनट तक संचालन की गति बेहद धीमी रही।

इस संबंध में यात्रियों को कोई सूचना नहीं देने से लोग परेशान रहे, क्योंकि अधिकांश लोग एयरपोर्ट जाने के लिए मेट्रो पर सवार थे। मेट्रो प्रशासन ने तकनीकी समस्या बताते हुए 10 मिनट में सेवा बहाल करने का दावा किया था लेकिन, आवागमन 50 मिनट बाद सुचारु हो सका। पतंग का मांझा शुक्रवार को मेट्रो के ओवरहेड वायर के संपर्क में आने से शार्ट सर्किट हो गया था। इससे चारबाग से आलमबाग बस स्टैंड मेट्रो स्टेशनों के बीच संचालन प्रभावित रहा। इस सेक्शन में मेट्रो सेवाएं सिंगल लाइन पर संचालित की गईं। सिंगल लाइन पर संचालन जारी रहा वहीं प्रभावित लाइन पर मेट्रो की रफ्तार धीमी हो गई थी। इसी तरह विश्वविद्यालय स्टेशन से एयरपोर्ट जा रही मेट्रो भी बिना किसी सूचना के खड़ी रही, इससे यात्री परेशान हुए।

मेट्रो प्रशासन ने शाम को पतंग से तार में शार्ट सर्किट होना बताया। यह भी कहा कि एक लाइन पर संचालन जारी रहा। यह भी स्वीकारा कि इस खंड में आधे घंटे के लिए सेवाएं धीमी और प्रभावित रहीं। अन्य लाइनों पर मेट्रो संचालन जारी रहा।

## करेली में इरफान हत्या कांड में दो वांछित गिरफ्तार, बाइक बरामद




**प्रयागराज।** करेली थाना क्षेत्र में चर्चित इरफान अहमद हत्याकांड में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। अशरफ अहमद के ड्राइवर इरफान अहमद की हत्या से जुड़ा हुआ है, जिसने इलाके में सनसनी फैला दी थी। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहम्मद हुसैन उर्फ प्लम्बर और मोहम्मद वसीम उर्फ कबूतर के रूप में हुई है। दोनों को सर्विलांस और मुखबिर की सूचना के आधार पर हिरासत में लिया गया। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने उनके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल भी बरामद की है।

**पूछताछ में अहम खुलासे** पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया है कि उन्होंने एक शख्स के इशारे पर इस वारदात को अंजाम दिया। हालांकि पुलिस ने अभी उस मास्टरमाइंड का नाम सार्वजनिक नहीं किया है। अधिकारियों का कहना है कि पूरे नेटवर्क की गहन जांच की जा रही है और जल्द ही अन्य आरोपियों की भी गिरफ्तारी संभव है।

**जमीन विवाद से जुड़ा मामला** प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि हत्या का कारण जमीन विवाद हो सकता है। पुलिस इस एंगल को ध्यान में रखते हुए मामले की पड़ताल कर रही है, साथ ही पुराने आपराधिक संबंधों और रंजिशों की भी जांच की जा रही है।

# हाईटेंशन लाइन बनी मौत का जालः पत्रकार रंजीत तिवारी की दर्दनाक मौत, 10 साल की शिकायतें रहीं बेअसर

## दस वर्षों से लगातार शिकायतों के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं होती और अंततः एक जान चली जाती है

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोंडा।** जिले के पथवलिया पोर्टरगंज गांव में शुक्रवार सुबह एक बेहद हृदयविदारक घटना सामने आई, जहां हाईटेंशन बिजली लाइन का तार टूटकर गिरने से एक पत्रकार की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक रंजीत तिवारी एक हिंदी दैनिक समाचार पत्र से जुड़े थे और क्षेत्र में अपनी सक्रिय पत्रकारिता के लिए जाने जाते थे। बताया जा रहा है कि गांव की आबादी के बीच से गुजर रही हाईटेंशन लाइन लंबे समय से खतरे का कारण बनी हुई थी। ग्रामीणों और स्वयं मृतक द्वारा बीते करीब दस वर्षों से इस तार को हटाने की लगातार शिकायतें की जा रही थीं, लेकिन बिजली विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

**बच्चों को बचाने की कोशिश में गई जान**

घटना के संबंध में मृतक के परिजन अमरजीत तिवारी ने बताया कि शुक्रवार सुबह घर के पीछे लगे पेड़ से हाईटेंशन तार टकरा रहा था, जिससे चिंगारियां निकल रही थीं। उसी स्थान के पास कुछ बच्चे खेल रहे थे। रंजीत तिवारी बच्चों को वहां से हटाने के लिए दौड़े, लेकिन तभी अचानक तार टूटकर उनके ऊपर गिर गया। करंट की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से झुलस गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

**लापरवाही पर गिरी गाज, पांच अधिकारियों पर FIR**



घटना की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन हरकत में आया। जिला जज दुर्गनरायन सिंह, डीएम प्रियंका निरंजन और एसपी विनीत जायसवाल ने मामले की जानकारी ली। पुलिस ने बिजली विभाग के मुख्य अभियंता सहित अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता, उपखंड अधिकारी और अवर अभियंता के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 105 (गैर इरादतन हत्या) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़**

रंजीत तिवारी चार भाई-बहनों में दूसरे नंबर पर थे। उनकी एक बहन की शादी हो चुकी है। उनके पीछे पत्नी पूजा तिवारी, मां सरोज देवी और तीन छोटे-छोटे बच्चे—सात वर्षीय बेटी पूर्णिमा, चार वर्षीय बेटा आर्यन और डेढ़ वर्षीय बेटा विराट हैं। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

**जनप्रतिनिधियों ने जताया शोक, उठे सवाल**



घटना के बाद भाजपा जिला प्रवक्ता विवेक मणि श्रीवास्तव और सपा नेता सूरज सिंह समेत कई जनप्रतिनिधियों ने मौके पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की और पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिया। वहीं, इस दर्दनाक हादसे ने एक बार फिर बिजली विभाग की लापरवाही और संवेदनहीनता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

**बड़ा सवालः आखिर कब जागेगा तंत्र?**

दस वर्षों से लगातार शिकायतों के बावजूद अगर कोई कार्रवाई नहीं होती और अंततः एक जान चली जाती है, तो यह सिर्फ हादसा नहीं बल्कि तंत्र की घोर लापरवाही का नतीजा है। अब देखना यह होगा कि इस मामले में जिम्मेदार अधिकारियों पर क्या ठोस कार्रवाई होती है और क्या भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कोई सख्त कदम उठाए जाते हैं या नहीं।

## संक्षिप्त खबरें

### जनसुनवाई में जिलाधिकारी ने सुनीं शिकायतें, समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश



**अमेठी।** जनपद के कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी संजय चौहान ने आमजन की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने भूमि विवाद, राजस्व, विकास, चिकित्सा तथा अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कीं। जिलाधिकारी ने प्रत्येक शिकायतकर्ता की समस्या को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान हो, इसलिए सभी अधिकारी जनसुनवाई में प्राप्त प्रार्थना पत्रों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी शिकायत के निस्तारण में लापरवाही या अनावश्यक विलंब पाए जाने पर संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। साथ ही अधिकारियों से कहा कि शिकायतकर्ता को निस्तारण की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाए, ताकि लोगों का प्रशासन पर विश्वास और मजबूत हो।

### बार संघ ने उपजिलाधिकारी मड़ावरा को दिया प्रस्ताव

**विद्युत विभाग की तानाशाही में प्रशासन के मौन रहने से अधिवक्ताओं ने हड़ताल**

**मड़ावरा (ललितपुर)।** बार एसोसिएशन मडावरा की एक आवश्यक बैठक बीती शाम 4 बजे कपिलदेव दुबे एड. की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें 31 मार्च 2026 को वरिष्ठ अधिवक्ता बृजलाल साहू एड. के साथ विद्युत विभाग जे.ई. मनोज कुमार द्वारा घटित घटना के सम्बंध में 31 मार्च 2026 को थानाध्यक्ष मड़ावरा को दिये गये प्रार्थना पत्र एवं 01 व 4 अप्रैल 2026को आयुक्त झांसी मण्डल को फिर से 08 अप्रैल 2026 को जिलाधिकारी को सम्बोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी को दिया गया। ज्ञापन के सम्बंध में प्रशासन एवं द्वारा जे.ई. विद्युत विभाग के खिलाफ कोई सुनवाई एवं कार्यवाही नहीं किये जाने के कारण पूर्वानुसार अवगत कराये गये क्रम में समस्त अधिवक्तागण 10 अप्रैल से समस्या के निस्तारण तक किसी भी न्यायालय में किसी प्रकार का कोई सहयोग नहीं करेंगे एवं न्यायिक कार्य से विरत् रहकर आन्दोलन करने की चेतावनी दी। 10 से 12 अप्रैल 2026 तक क्रमिक अनशन, 13 से 15अप्रैल 2026 तक आमरण अनशन, 16 अप्रैल 2026 से समस्या के निस्तारण तक भूख हड़ताल तहसील परिसर में की जायेगी। इस दौरान बार संघ अध्यक्ष कपिल देव दुबे समेत समस्त बार संघ एबं अधिवक्ता मौजूद रहे।

### पंचौरा गांव में जमीन विवाद पर लाठी-डंडे से मारपीट

**भाभी सहित दो पर हमला, चार आरोपियों पर केस**

**ललितपुर।** जखौरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचौरा में अपनी ही जमीन पर तारबाड़ी लगाने को लेकर बुधवार सुबह चार युवकों ने एक व्यक्ति और उसकी भाभी पर लाठी-डंडे से हमला बोल दिया। आरोपियों ने गालियां दीं और जान से मारने की धमकी भी दी। घटना की शिकायत पर जखौरा पुलिस ने चारों पर एफआईआर दर्ज कर ली है। पीड़ितम इन्द्रपाल पुत्र पप्पू पाल ने थाने में बताया कि 9 अप्रैल 2026 को सुबह करीब 9 बजे जब वह अपनी जमीन पर था, तभी सुरेन्द्र पुत्र सियाराम), प्रतिपाल पुत्र चन्दन यादव), भान सिंह पुत्र रतीराम यादव और ब्रजेन्द्र पुत्र बालाराम यादव बल्ली लगाकर तारबाड़ी लगाने लगे। इन्द्रपाल ने उन्हें रोका तो चारों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और लाठी-डंडे से उनकी पिटाई कर दी। जब उनकी भाभी रानी पत्नी राजपाल बीच बचाव करने आई तो आरोपियों ने उन्हें भी मारपीट की और दोनों को जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 351(3) एवं 352 के तहत मामला दर्ज किया है।

# तेंदुए का कहर: एक की मौत, दो घायल

**●सात बच्चों के सिर से उठा पिता का साया, गांवों में दहशत**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** जनपद में तेंदुए का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार सुबह थाना पचपेड़वा क्षेत्र के ग्राम सभा रेहरा चौकी में हुई एक हृदयविदारक घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। यहां 45 वर्षीय हरिकांत यादव (पुत्र बौद्धनरायन) की तेंदुए के हमले में दर्दनाक मौत हो गई, जबकि अलग-अलग क्षेत्रों में हुए हमलों में दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हरिकांत यादव शुक्रवार सुबह महुआ बीनने के लिए गांव से करीब एक किलोमीटर दूर जंगल में गए थे। इसी दौरान घात लगाए बैठे तेंदुए ने उन पर हमला कर दिया और उन्हें मौके पर ही मौत के घाट उतार दिया। काफी देर तक घर न लौटने पर परिजनों व ग्रामीणों ने खोजबीन शुरू की, जिसके बाद जंगल में उनका शव बरामद हुआ। घटना की सूचना मिलते ही पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल फैल गया। मौके पर पहुंची पुलिस व वन विभाग की टीम ने जांच शुरू कर दी है। क्षेत्रीय वनाधिकारी योगेश सिंह ने बताया कि मृतक जंगल में महुआ बीनने गए थे, तभी जंगली जानवर ने हमला किया।

मृतक अपने पीछे सात बच्चों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। वहीं, जिले के अन्य हिस्सों में भी तेंदुए का आतंक जारी है। महाराजगंज तराई क्षेत्र में तेंदुए ने बलदेवनगर ललिया निवासी 30द वर्षीय अलीम और बनकटवा कनहरा निवासी 45 वर्षीय सहजराम पर हमला कर दिया। इस हमले में अलीम के हाथ में कई जगह चोटें आई, जबकि सहजराम के सिर पर गंभीर घाव होने के कारण कई टांके लगाने पड़े। दोनों घायलों को जिला मेमोरियल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। लगातार हो रही इन घटनाओं से ग्रामीणों में भय और आक्रोश दोनों देखने को मिल रहा है। स्थानीय लोगों ने वन विभाग से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने, पिंजरा लगाने और तेंदुए को जल्द पकड़ने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। फिलहाल, पूरे जनपद में दहशत का माहौल है और लोग शाम होते ही घरों में कैद होने को मजबूर हैं। वन विभाग की अगली कार्रवाई पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

### गौरीगंज पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 100 ग्राम स्मैक बरामद



**अमेठी ।** पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम 'नशा मुक्त अमेठी अभियान' के तहत क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा के कुशल नेतृत्व में थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा संदिग्धों की चेकिंग व देखभाल क्षेत्र के दौरान अभियुक्त प्रिंश कुमार उर्फ अशोक कुमार पुत्र मंगल प्रसाद निवासी मोहल्ला चौक बाजार कस्बा व थाना गौरीगंज जनपद अमेठी उम्र लगभग 32 वर्ष को गिरफ्तार किया गया । तलाशी से कब्जे से 100 ग्राम स्मैक बरामद हुआ । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

### बलरामपुर में युवती को शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म- अश्लील वीडियो बनाकर मांगे 5 लाख रुपए, आरोपी गिरफ्ताकर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर-** पुलिस ने युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसने शादी का झांसा देकर युवती से साल भर तक दुष्कर्म किया। उसके अश्लील वीडियो बनाकर 5 लाख रुपए की मांग की। पुलिस के अनुसार, मैराज उर्फ कुन्नू पुत्र जमाल उर्फ गुड्डु, निवासी ग्राम साईपुरवा तेंदुआनगर ने पीड़िता को बहला-फुसलाकर प्रेम जाल में फंसाया। उसने निकाह करने और आर्थिक लाभ का लालच देकर करीब एक वर्ष तक युवती से दुष्कर्म किया। इस दौरान आरोपी ने पीड़िता के अश्लील वीडियो भी बना लिए।बाद में, आरोपी मैराज उर्फ कुन्नू ने इन वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर पीड़िता को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। उसने पीड़िता से 5 लाख रुपये की मांग की। इससे परेशान होकर पीड़िता के परिजनों ने थाना हर्रैया में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत, प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में एक टीम ने गुरुवार, 10 अप्रैल 2026 को वांछित अभियुक्त मैराज उर्फ कुन्नू को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह, उपनिरीक्षक राजेश कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल प्रमोद कुमार दूबे और हेड कांस्टेबल राहुल पटेल शामिल थे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर उसे न्यायालय में पेश किया।

# रोटरी क्लब शिविर में रक्तदानियों को रक्तवीर मेडल तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया

**●फाउंडेशन मेंबरशिप बढ़ायेगा जिससे रोटरी क्लब मान बढ़ेगा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले मे रोटरी मंडलाध्यक्ष 3120 रोटेरियन डॉ आशुतोष अग्रवाल द्वारा रोटरी क्लब बस्ती सेंट्रल का वार्षिक भ्रमण कर गतिविधियों की समीक्षा की गई। डॉ आशुतोष अग्रवाल द्वारा सेवा ब्लड सेंटर पर आयोजित कार्यक्रम में क्लब के स्थायी प्रोजेक्ट के अंतर्गत गोद लिए गए टीव बीव मरीजों में पौष्टिक पोटली का वितरण एवं रक्तदान शिविर में रक्तदानियों को रक्तवीर मेडल तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

क्लब के अध्यक्ष रो. मनीष कुमार सिंह के द्वारा अंगवस्त्र एवं मोमेंटो प्रदान कर मंडलाध्यक्ष महोदय का स्वागत किया गया एवं क्लब के द्वारा अब तक किए गए सामाजिक कार्यों की जानकारी प्रदान की गई। मंडलाध्यक्ष द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में चार्टर सचिव रो- डा. एल. के. पाण्डेय द्वारा भविष्य में 'रोटरी चला गांव की ओर' कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में रक्तदान के लिए जागरूकता, महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु टीकाकरण, स्वास्थ्य जागरूकता आदि कार्यक्रम संचालित किए जाने की रूपरेखा प्रस्तुत की गई कार्यक्रम मे रोटरी फाउंडेशन मेंबरशिप ग्रोथ पर विशेष ध्यान देने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। क्लब विजिट के अन्तर्गत बैठक के प्रारंभ में राष्ट्रगान के उपरान्त रोव राजेश ओझा द्वारा मंडलाध्यक्ष के जीवन परिचय से सभी लोगों को अवगत कराया गया। कार्यक्रम के अंत में सचिव रोव कलीम खान ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में चार्टर अध्यक्ष रोव मुनरुद्दीन अहमद, कोषाध्यक्ष रोव दिलीप कुमार गुप्ता, त्रिपुरारी शंकर श्रीवास्तव, नरेश सदाना, कृष्ण नंदन, आशीष ठुकराल, ज्योति सिंह, मंजू पाण्डे समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बलरामपुर में एसआईआर ने बदली मतदाताओं की संख्या, चार विधानसभा क्षेत्र में 13,10,755 वोटर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर करीब छह माह तक चले विशेष सघन मतदाता पुनरीक्षण अभियान यानी एसआईआर के बाद शुक्रवार को अनंतिम मतदाता सूची प्रकाशित कर दी गई। बलरामपुर में एसआईआर के बाद प्रकाशित मतदाता सूची ने राजनीतिक गलियारों में नई बहस छेड़ दी है। नई मतदाता सूची जारी होने के बाद बलरामपुर में विधानसभा का राजनीतिक समीकरण भी बदलेगा। जिले में 4,11,200 मतदाताओं के नाम पुरानी मतदाता सूची से कट गए है। अभियान में 1,38,928 नए मतदाता जोड़े गए हैं। नए वोटरों को जोड़ कर वर्तमान में चारों विधानसभा में 13,10,755 मतदाता बचे हैं। एसआईआर से पहले 15,83,027 मतदाता थे। मतदाता सूची में कुल 17.20 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। सबसे अधिक मतदाता विधानसभा बलरामपुर में 87,850 और दूसरे स्थान पर विधानसभा उतरौला में 86,576 मतदाता के नाम सूची से हटे हैं। जिले में वृहद अभियान 166 दिनों तक चला है। सभी बूथों पर 1805 बूथ लेवल अधिकारियों ने घर-घर दस्तक देकर मतदाता पुनरीक्षण का कार्य किया है। इसमें 291-तुलसीपुर विधानसभा में पहले 377387 मतदाता थे। 51999 मतदाताओं के नाम सूची से हटने पर 3,25,388 वोटर बचे हैं। गैंसड़ी में 357518 वोटर थे, 45847 के नाम हटाने के बाद 3,11,671 मतदाता बचे हैं। उतरौला में 4,26,213 मतदाता थे, 86576 के नाम कटने के बाद 3,39,637 वोटर बचे हैं। बलरामपुर सदर में 4,21,909 मतदाता थे, 87,850 के नाम कटने से 3,34,059 मतदाता बचे हैं। चारों विधानसभा में अंतिम सूची के प्रकाशन में नए वोटरों को शामिल करने पर यह संख्या है।जिला निर्वाचन अधिकारी विपिन कुमार जैन ने कहा कि मतदाताओं के नाम कटने का मुख्य कारण डुप्लीकेशन (दोहराव) का विलोपन तथा ऐसे निवासियों के नाम हटाना है, जो अब जनपद में निवास नहीं कर रहे हैं। इससे मतदाता सूची अब पहले से अधिक शुद्ध और वास्तविक हो गई है।

# मांग किया कि निजी स्कूलों में शिक्षा के बाजारीकरण पर रोक लगाया जाय, बौद्ध अरविन्द सिंह पटेल

**●शिक्षा में समान अवसर के लिये सौपा ज्ञापनशिक्षा के बाजारीकरण पर रोक लगाये सरकार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले मे गुरूवार को अखिल भारतीय छत्रपति शिवाजी महाराज वेलफेयर फाउन्डेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्वान्चल विकास बोर्ड के निवर्तमान सदस्य बौद्ध अरविन्द सिंह पटेल के नेतृत्व में फाउन्डेशन पदाधिकाग्रियों, कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। मांग किया कि निजी स्कूलों में शिक्षा के बाजारीकरण पर रोक लगाया जाय। ज्ञापन देने के बाद बौद्ध अरविन्द सिंह पटेल ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार के स्तर पर गरीब छात्रों को समान शिक्षा दिये जाने की विधिक व्यवस्था है किन्तु निजी स्कूल इसका पालन नहीं करते। कहा कि फाउन्डेशन प्रदेश के मुख्यमंत्री से निरन्तर आग्रह कर रहा है कि शिक्षा के लिये समान अवसर उपलब्ध कराये जाय। मुख्यमंत्री इस दिशा में गंभीर भी है किन्तु स्थानीय स्तर पर सम्बंधित अधिकारियों की उपेक्षा के कारण गरीब परिवारों के छात्र आर्थिक अभाव में पढाई छोड़ने को मजबूर हो रहे हैं। कहा कि निजी स्कूलों में छात्रों का प्रतिवर्ष रिएडमीशन, स्कूल प्रबंधन द्वारा ड्रेस व मनचाहे प्रकाशन की किताबों के नाम पर लूट खसोट चल रही है और जिम्मेदार चुप है। इस समस्या का समाधान ढूढना ही होगा। ज्ञापन देने वालों में फाउन्डेशन की महिला मंच प्रदेश अध्यक्ष गीता सिंह कुशवाहा, मण्डल अध्यक्ष कपिलदेव चौधरी, जिलाध्यक्ष जुग्गीलाल वर्मा, शिवशंकर श्रीवास्तव एडवोकेट, महेश कुमार, राकेश चौधरी, रामफल गौतम, घनश्याम श्रीवास्तव, राजमति चौधरी, राहुल पटेल, अरूण चौधरी के साथ ही अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल रहे।

# अंतर्राज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश, थानाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह की अगुवाई में बड़ी सफलता; 98,500 नकद व जेवर बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के थाना नगर पुलिस और एंटी थेफ्ट टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक अंतर्राज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस पूरे ऑपरेशन में थानाध्यक्ष नगर भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व और रणनीति की विशेष भूमिका सामने आई, जिनकी सतर्क निगरानी में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शातिर चोर को दबोच लिया।क्षेत्राधिकारी सदर सतेंद्र भूषण त्रिपाठी ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि थाना नगर और थाना कप्तानगंज क्षेत्र में दर्ज चोरी के मामलों (मु0अ0सं0 64/2026 व 35/2026) में वांछित अभियुक्त अर्जुन पुत्र रामकेश (उम्र करीब 28 वर्ष, निवासी मदनगिरी, नई दिल्ली) को 10 अप्रैल 2026 को तड़के लगभग 2:30 बजे बेलाड़ी पुल के नीचे से मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया गया।


गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से 98,500 नकद, एक अंगूठी और एक चैन (पीली धातु) बरामद की गई, जो थाना नगर क्षेत्र के ग्राम मरवटिया बाबू और थाना कप्तानगंज क्षेत्र के ग्राम गड़हा गौतम में हुई चोरियों से संबंधित बताई जा रही है।

पूछताछ में अभियुक्त ने स्वीकार किया कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर एक संगठित गिरोह के रूप में विभिन्न राज्यों में घूम-घूमकर चोरी की वारदातों को अंजाम देता था। गिरोह सुनियोजित तरीके से सुनसान घरों को निशाना बनाकर छत और खिड़की के रास्ते अंदर घुसता था और चोरी के बाद माल आपस में बांट लिया जाता था।पूरे घटनाक्रम में थानाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह की सक्रियता, नेतृत्व क्षमता और टीम समन्वय प्रमुख रूप से देखने को मिला, जिसके चलते पुलिस को यह महत्वपूर्ण सफलता हासिल हुई। इस कार्रवाई में प्रभारी एंटी थेफ्ट टीम उपनिरीक्षक रितेश कुमार सिंह, उपनिरीक्षक अवधेश शर्मा, कांस्टेबल अंकित राय तथा एंटी थेफ्ट टीम के कांस्टेबल अरुण यादव, हरिओम सिंह और सौरभ मिश्रा की सराहनीय भूमिका रही। फिलहाल पुलिस द्वारा अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुए गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश तेज कर दी गई है।

# डीएम की अध्यक्षता में शुल्क नियामक समिति की बैठक, स्कूल फीस व्यवस्था पर सख्त निर्देश

**●नियमों के अनुरूप ही शुल्क निर्धारण, उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**अमेठी।** जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनपदीय शुल्क नियामक समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उत्तर प्रदेश स्ववित्तपोषित स्वतंत्र विद्यालय (शुल्क नियामक) अधिनियम 2018 के प्राविधानों पर विस्तृत चर्चा करते हुए विद्यालयों की शुल्क संरचना को पारदर्शी एवं विनियमित बनाने पर जोर दिया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ राजेश द्विवेदी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे। समिति के कुछ सदस्यों की अनुपस्थिति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्हें प्रतिस्थापित करने के निर्देश दिए। साथ ही विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्यो को आमंत्रित सदस्य के रूप में बैठक में शामिल किया गया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि विद्यालय केवल अधिनियम में निर्धारित श्रेणियों के अंतर्गत ही शुल्क तय करें। वैकल्पिक शुल्क अभिभावकों की सहमति से ही लिया जाए तथा किसी भी सेवा का शुल्क अधिक निर्धारित न किया जाए। परिवहन शुल्क भी परिवहन विभाग द्वारा निर्धारित दरों के अनुसार ही लिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सभी विद्यालय अपनी शुल्क संरचना समिति के समक्ष प्रस्तुत कर अनुमोदन प्राप्त करने के बाद ही लागू करें। साथ ही अधिनियम की धारा 4 से 11 तक के सभी प्राविधानों का पालन सुनिश्चित करते हुए विद्यालयों को शपथ पत्र भी प्रस्तुत करना होगा। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि किसी भी छात्र को पुस्तकें, यूनिफॉर्म या अन्य सामग्री किसी विशेष दुकान से खरीदने के लिए बाध्य न किया जाए। इसके अलावा शुल्क विवरण को शैक्षिक सत्र शुरू होने से पहले प्रस्तुत करना, दो माह पूर्व वेबसाइट एवं सूचना पट्ट पर प्रकाशित करना तथा अनावश्यक शुल्क वृद्धि न करना अनिवार्य होगा। बैठक में यह भी बताया गया कि नियमों के उल्लंघन पर पहली बार में अधिक वसूली गई फीस वापस कराने के साथ एक लाख रुपये तक जुर्माना, दूसरी बार पांच लाख रुपये तक जुर्माना तथा तीसरी बार मान्यता समाप्त करने की संस्तुति की जा सकती है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा अभिभावकों के समय से शुल्क जमा न करने की समस्या उठाई गई, जिस पर समिति ने अभिभावकों से समय पर शुल्क जमा करने की अपील की। समिति ने अभिभावकों एवं विद्यालयों से संबंधित शिकायतों के निस्तारण के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को नामित किया है। शुल्क नियामक अधिनियम से संबंधित शिकायतें इन कार्यालयों में भौतिक अथवा ऑनलाइन माध्यम से दर्ज कराई जा सकती हैं। बैठक के अंत में सभी विद्यालयों को शुल्क नियामक अधिनियम 2018 की प्रतियां अनुपालन हेतु उपलब्ध करा दी गई।

# बीयूएमएस डिग्री के सहारे अवैध क्लीनिक संचालन का आरोप

**● एलोपैथिक इलाज व ऑपरेशन तक किए जाने की चर्चा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पचपेड़वा (बलरामपुर)।** थाना पचपेड़वा क्षेत्र अंतर्गत पचपेड़वा चौराहे के निकट नूरी मस्जिद के सामने नहर के पास स्थित एक निजी क्लीनिक को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है। जानकारी के अनुसार, मिथुन नामक व्यक्ति द्वारा 'निरंकारी क्लीनिक' के नाम से बीते कई वर्षों से चिकित्सा सेवाएं संचालित की जा रही हैं, जिस पर अब गंभीर आरोप लग रहे हैं। स्थानीय सूत्रों एवं ग्रामीणों का आरोप है कि संबंधित संचालक बी ए एमएस (बैचलर ऑफ यूनानी मेडिसिन एंड सर्जरी) की डिग्री धारक है, लेकिन इसके बावजूद क्लीनिक में एलोपैथिक पद्धति से इलाज किया जा रहा है। आरोप है कि यहां मरीजों को बिना किसी विशेषज्ञ चिकित्सक की देखरेख के ड्रिप चढ़ाई जाती है, इंजेक्शन लगाए जाते हैं, और यहां तक कि छोटे-मोटे ऑपरेशन भी किए जाते हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि क्लीनिक में प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज पहुंचते हैं, जिनसे इलाज के नाम पर भारी-भरकम शुल्क वसूला जाता है। कई लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि गंभीर मरीजों को भी यहीं रोककर इलाज किया जाता है, जिससे उनकी स्थिति और बिगड़ने का खतरा बना रहता है।

स्वास्थ्य विभाग के नियमों के अनुसार, किसी भी चिकित्सक को अपनी निर्धारित पद्धति के अलावा अन्य पद्धति से इलाज करने की अनुमति नहीं होती है। ऐसे में यदि बीयूएमएस डिग्री धारक द्वारा एलोपैथिक दवाओं एवं प्रक्रियाओं का प्रयोग किया जा रहा है, तो यह नियमों का उल्लंघन माना जाएगा। स्थानीय लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि क्लीनिक बिना पर्याप्त संसाधनों और आवश्यक लाइसेंस के संचालित हो रहा है। यहां स्वच्छता, आपातकालीन सुविधाएं एवं प्रशिक्षित स्टाफ की कमी होने की बात भी सामने आई है, जो मरीजों की सुरक्षा के लिहाज से गंभीर चिंता का विषय है।

ग्रामीणों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही और अवैध चिकित्सा प्रथाओं पर रोक लगाई जा सके। वहीं, इस पूरे मामले पर जब स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से बात की गई तो उन्होंने कहा कि उन्हें यदि लिखित शिकायत प्राप्त होती है तो टीम गठित कर जांच कराई जाएगी और दोषी पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# हैलट अस्पताल में टॉर्च से इलाज: वार्ड-18 में एक घंटे गुल रही बिजली

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कानपुर।** कानपुर के हैलट अस्पताल में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े करने वाला मामला सामने आया है। वार्ड नंबर-18 में अचानक बिजली गुल हो जाने के बाद डॉक्टरों को मोबाइल की फ्लैश और टॉर्च की रोशनी में मरीजों का इलाज करना पड़ा। वायरल वीडियो में वार्ड में अंधेरा छाया नजर आ रहा है, जहां डॉक्टर, मरीज और तीमारदार मोबाइल की रोशनी के सहारे काम करते दिख रहे हैं। बताया जा रहा है कि करीब एक घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही, जिससे इलाज व्यवस्था प्रभावित हुई। वार्ड-18 में गंभीर मरीज भर्ती रहते हैं, ऐसे में बिजली जाना बड़ी लापरवाही माना जा रहा है। अंधेरे में इलाज करना मरीजों की जान के लिए जोखिम भरा हो सकता है। वीडियो सामने आने के बाद अस्पताल प्रबंधन में हड़कंप मच गया है। हालांकि वीडियो कब का है, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। मामले में CMS और अन्य जिम्मेदार अधिकारियों से संपर्क नहीं हो सका। अब सवाल उठ रहा है कि आखिर बिजली आपूर्ति क्यों बाधित हुई और बैकअप व्यवस्था क्यों काम नहीं कर सकी। फिलहाल अस्पताल प्रशासन की ओर से कोई स्पष्ट जवाब सामने नहीं आया है।

# संक्षिप्त खबरें

### विवेक सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि, छात्रों को दी भावपूर्ण विदाई

**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के बाल्हेमऊ मजरे ऐहार स्थित ब्लूमिंग चाइल्ड पब्लिक स्कूल में बृहस्पतिवार को समाजसेवी विवेक सिंह की आठवीं पुण्यतिथि श्रद्धा और भावनात्मक माहौल में मनाई गई। इस अवसर पर श्रद्धांजलि सभा के साथ कक्षा पांच उत्तीर्ण छात्रों का विदाई समारोह भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कैंडल जलाकर और पुष्प अर्पित कर की गई। उपस्थित लोगों ने विवेक सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके व्यक्तित्व और समाजसेवा को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि उनका जीवन समाज के लिए समर्पण और सेवा का प्रेरणादायक उदाहरण है। इसके बाद विद्यालय के कक्षा पांच पास छात्रों को सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने मेधावी एवं प्रतिभाशाली बच्चों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया। शिक्षकों ने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विदाई के दौरान माहौल भावुक हो गया और छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम को विद्यालय समिति के अध्यक्ष मुकेश सिंह, डायरेक्टर स्वदेश यादव, प्रधानाचार्य भानु प्रताप यादव एवं पीआरओ दिव्यांशी तिवारी ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि विवेक सिंह की स्मृतियां सदैव प्रेरणा देती रहेंगी। इस अवसर पर ममता सिंह, जय प्रकाश श्रीवास्तव, संजय सिंह, नागेंद्र सिंह, केशव प्रसाद यादव, विजय सिंह, कौशलेंद्र सिंह, जीशान, सुरेन्द्र यादव, रिंकू त्रिपाठी, अमर सिंह, नीरज पाल और आलोक पाल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### नाली खुदाई में अंडरग्राउंड केबल क्षतिग्रस्त, उपभोक्ताओं की बिजली गुल




**तेज धमाके के साथ आग लग गई, मची अफरातफरी**

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के बछरावां रोड स्थित नवरंग सिंह का पुरवा मोहल्ले में बृहस्पतिवार देर शाम नाली निर्माण के दौरान जेसीबी से खुदाई करते समय अंडरग्राउंड विद्युत केबल क्षतिग्रस्त हो गई। इससे करीब साढ़े तीन हजार उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। बताया जा रहा है कि बछरावां रोड पर सड़क के दोनों ओर नाली निर्माण का कार्य चल रहा था। इसी दौरान जेसीबी मशीन से खुदाई के समय टाउन फर्स्ट फीडर की अंडरग्राउंड केबल मशीन में फंस गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, केबल फंसते ही तेज धमाके के साथ आग लग गई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। केबल क्षतिग्रस्त होने से कस्बे के करीब साढ़े तीन हजार घरों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई, जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना मिलते ही विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मरम्मत कार्य शुरू कराया। बाद में टाउन सेकंड फीडर से जोड़कर आपूर्ति बहाल की गई। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद बिजली व्यवस्था सामान्य हो सकी। अवर अभियंता दीपक कुमार ने बताया कि क्षतिग्रस्त केबल की मरम्मत कराई जा रही है। साथ ही जेसीबी चालक के खिलाफ पुलिस को शिकायती पत्र देकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### एस0आई0आर0के बाद मतदाता सूचियों का हुआ अंतिम प्रकाशन



**बिसवां (सीतापुर)।** विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान के बाद नयी मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन शुक्रवार को सार्वजनिक रूप से उच्च प्राथमिक विद्यालय कम्पोजिट जहांगीराबाद के प्रांगण में किया गया जिसमें बूथ संख्या 265 से 271 तक समस्त बूथों के बीएलओ मतदाता सूची सहित केन्द्र पर उपस्थित रहे। जिन्होंने मतदाता सूची पढ़कर सुनाई। शुक्रवार को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया जिसमें गांव के कई मतदाताओं ने स्कूल पहुंच कर नयी प्रकाशित वोटर लिस्ट में अपना व अपने परिवार के अन्य मतदाता लोगों के नाम तथा उनके सही विवरण की जानकारी प्राप्त की। इस मौके पर बीएलओ सुनीता वर्मा, अफरोज जहां, मेहनाज बेगम, शीला श्रीवास्तवा व सुमन कुमारी वर्मा आदि मौजूद रहे।

## इजाबेला थोबर्न कॉलेज बेकलारियट पुरस्कार समारोह 2025-26 का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के इजाबेला थोबर्न कॉलेज बेकलारियट पुरस्कार समारोह -2025-26 शैक्षणिक उत्कृष्टता के समृद्ध इतिहास के साथ एशिया का प्रथम नारी अध्ययन केंद्र इसाबेला थोबर्न कॉलेज लखनऊ शहर में ज्ञान का प्रकाश स्तंभ रहा है। एक प्रमुख महिला संस्थान के रूप में, कॉलेज ने कई छात्राओं को विभिन्न पदों पर सफल और सशक्त बनाया है। बैकलॉरिएट पुरस्कार समारोह कॉलेज की एक गौरवशाली परंपरा है जिसके अंतर्गत अपने छात्रों की शैक्षणिक उत्कृष्टता और उत्कृष्ट उपलब्धियों का जश्न मनाया जाता है। महाविद्यालय में शुक्रवार, 10 अप्रैल, 2026 को इस समारोह को कॉलेज अध्यक्ष डॉ0 ई एस चार्ल्स के संरक्षण में उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर के मुख्य अतिथि रेवरेंड बिशप डॉ0 सी0 सेल्विन थे जिन्होंने अपनी पत्नी श्रीमती एल सैल्विन के साथ कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।रेवरेंड बिशप सेल्विन ने अपने उदबोधन में कहा कि सीखने की प्रक्रिया जीवन भर चलती है और कॉलेज आपको शिक्षित करने के साथ साथ जीवन में सामंजस्य, जिम्मेदारी,और नैतिकता जीवन जीने की कला सिखाता है, आज का युग तकनीकी विकास का है पर चरित्र का विकास सर्व प्रमुख है,शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि अपनी क्षमताओं का विकास कर आप सभी प्रगति करें। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्या डॉ0 (मेजर) नीरजा मसीह, द्वारा आराधना के आह्वान के साथ हुई। सेवा में धर्मग्रंथ पढ़ना, प्रार्थनाएँ और भजन शामिल थे।

ज्ञान के प्रकाश का प्रतीक दीप रेवरेंड बिशप सी सेल्विन्, एल सेल्विन्, कार्यवाहक प्राचार्या डॉ0 मेजर नीरजा मसीह, प्रोफेसर सीमा जोशी, प्रोफेसर विनीता विजय, और डॉ0 पॉल मैथ्यू द्वारा प्रज्वलित किया गया।

प्रोफेसर सीमा जोशी, (रसायन शास्त्र विभाग,) प्रोफेसर विनीता विजय (गणित विभाग)और डॉ0 पॉल मैथ्यू, (शिक्षा शास्त्र विभाग), संकाय सदस्य जो इस शैक्षणिक सत्र से सेवानिवृत्त हो रहे हैं, को कॉलेज में उनके समृद्ध योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इसके बाद, शैक्षणिक और सांस्कृतिक उपलब्धियों के लिए मेधावी छात्रों को प्रशंसा प्रमाण पत्र, पुरस्कार और पदक प्रदान किए गए: इसाबेला थोबर्न छात्रवृत्ति-महक आल्टर, बी0 ए0 3 मैरी ई0 शैनन छात्रवृत्ति- जेसिका पालिन् लाकरा बी0 एच0 एस0सी0 2 मार्जोरी डिमिट छात्रवृत्ति-अस्मा वजाहत बी0ए0 3, ओलिव रेडिक छात्रवृत्ति-माही सिंह बी0ए0 3 सारा चक्को फेलोशिप-नैना तिवारी एम एस सी,अनुष्का सिंह बी0एड0, सारा चाको मेरिट अवार्ड -प्रशंसा बी0ए0 3, दिव्यन्शी पांडे बी काम 3 और अंशिका वर्मा बी0एस0सी0 3, बी0ए0 में सर्वोच्च अंक-शैमिल नाज़- (बी0ए0 तृतीय वर्ष) बी0एस0सी0 पी0सी0एम0 में सर्वोच्च अंक-कनिष्का सिंह- (बी0एस0सी0 तृतीय वर्ष) बी0एस0सी0 में सर्वोच्च अंक 'क्ष्ट-अंबरीन खान- (बी0 एस0सी0 तृतीय वर्ष) बी0कॉम0 में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली कृतिका राणा- (बी0कॉम0 तृतीय वर्ष) बी0एच0एस0सी0 में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली भूमिका वर्मा- (बी0 एच0एस0सी0 तृतीय वर्ष) स्नातकोत्तर छात्राएं जावेरिया नजाम और वैशाली वर्मा, ताशु, साइमा सिद्दीकी और अनन्या श्रीवास्तव को क्रमशः एम0ए0 अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, भूगोल और समाजशास्त्र में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया गया। मेघा कुमारी, अक्सा खान, उज़्मा बानो, अफ़रीन खान और सारा फ़ातिमा को क्रमशः एम0 एस0सी0 जैव प्रौद्योगिकी,रसायन विज्ञान, पोषण, प्राणी विज्ञान और बी0लिब0 एस0 सी0 में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन कॉलेज कार्यवाहक प्राचार्या डॉ0 मेजर नीरजा मसीह द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## पाली स्थित ब्लाक संसाधन केंद्र पर स्कूल चलो अभियान के तहत निकाली गई बाइक रैली

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महराजगंज/रायबरेली।** शिक्षा का अलख जगाने व लोगों को जागरूक कर बच्चों का परिषदीय विद्यालय में शत-प्रतिशत नामांकन कराने के उद्देश्य से स्कूल चलो अभियान के तहत बाइक रैली निकाली गई। जिसमें शिक्षकों के अतिरिक्त जनप्रतिनिधियों ने भी प्रतिभाग किया। शुक्रवार को पाली स्थित ब्लाक संसाधन केंद्र पर स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख सत्येन्द्र प्रताप सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि अब परिषदीय विद्यालयों को भाजपा सरकार द्वारा पर्याप्त डिजिटल संसाधनों से लैश किया गया है। नवीन सत्र में ब्लाक क्षेत्र की न्याय पंचायतों के सबसे ज्यादा नामांकन वाले प्राथमिक विद्यालय दौतरा, बलीपुर, कोटवा मोहम्मदाबाद, मदनिया, मऊ गर्वी, पूरे अचली, पखनपुर व सलेथू समेत आठ विद्यालयों के शिक्षकों को सम्मानित भी किया। इस दौरान कम्पोजिट विद्यालय जमुरांवा के छात्र छात्राओं ने स्कूल चलो अभियान के तहर कई प्रेरणा गीत व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। इसके बाद पूर्व ब्लाक प्रमुख सत्येन्द्र प्रताप सिंह के द्वारा झंडी दिखाकर शिक्षकों की बाइक रैली को रवाना किया गया। ब्लाक संसाधन केंद्र में चंदापुर चौराहे तक व बछरावां रोड पर शिवगढ़ मोड़ तक निकाली गई बाइक रैली का नेतृत्व खण्ड शिक्षा अधिकारी राम मिलन यादव, प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष विनोद अवस्थी, जूनियर शिक्षक संघ के शिवबालक व राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष मधुकर सिंह ने किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी राम मिलन यादव ने कहा स्कूल चलो अभियान के तहत समाज को जागरूक करने के लिए जागरुकता रैली, विचार गोष्ठी का आयोजन, किया जा रहा है। हम सबका दायित्व है कि 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों का विद्यालयों में शतप्रतिशत नामांकन कराये। ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व ए आर पी दिनेश शुक्ला ने किया। इस मौके पर ए आर पी अंकित गुप्ता, मीनाक्षी पाण्डेय, विकास चौधरी, शिक्षक आशीष सिंह, पंकज सिंह, पुनीत बाजपेई, प्रदीप चौरसिया, महेश कश्यप, आकाश, दिलीप, राकेश गौतम, रामअनुज श्रीवास्तव, अनुदेशक इंद्र कुमार, सुरेश, अवनीश, श्यामू पाल, आशीष कुमार समेत दर्जनों शिक्षिकाऐं व लोग मौजूद रहे।

## देश की जड़ है ग्रामीण भारतः शंकरी सिंह





### ● प्रियंका बाल शिक्षा निकेतन इंटर कालेज का वार्षिकोत्सव सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** सरोजनीनगर के वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व प्रत्याशी विधानसभा सरोजनीनगर शंकरी सिंह ने शुक्रवार को प्रियंका बाल शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज में विद्यालय के वार्षिकोत्सव एवं वार्षिक परिणाम घोषणा समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। समारोह को संबोधित करते हुए शंकरी सिंह ने कहा, 'ग्रामीण भारत देश की जड़ें हैं। यहाँ की मिट्टी में हमारी संस्कृति और शक्ति निहित है। आप सभी विद्यार्थी पढ़ाई पर पूरा ध्यान दें, मेहनत करें और अपने गांव का नाम रोशन करें। शिक्षा ही वह हथियार है जो आपको सपनों को साकार करने की ताकत देगी। 'उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। बच्चों की मासूम मुस्कान और उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्होंने कहा कि ये छोटे बच्चे ही कल का सशक्त भारत बनेंगे। कार्यक्रम में प्रबंधक व आयोजक योगेन्द्र सिंह, प्रधानाचार्य श्रीमती अनामिका सिंह , अध्यापिका श्रीमती संगीता, विनय दीक्षित, अचल कुमार, रमेश राजपूत, धूम सिंह, मोहित सिंह, अठेंदर रावत, गुरदयाल गौतम सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, अभिभावक और शिक्षकगण उपस्थित रहे। स्कूल प्रबंधन समिति, प्रधानाचार्य, शिक्षकगण एवं अभिभावकों ने भाजपा नेता शंकरी सिंह का हार्दिक स्वागत किया और उनके मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया। प्रियंका बाल शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज ग्रामीण क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य को संवारने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

## बुजुर्ग महिला की जमीन पर कब्जे का आरोप, डीएम से लगाई न्याय की गुहार

**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के मलकेगांव निवासी शांती देवी ने अपनी पुश्तैनी जमीन पर कब्जा किए जाने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा है। पीड़िता का कहना है कि गांव के ही दो लोग उसकी बुजुर्गों की जमीन पर जबरन कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। शिकायत में बताया गया कि आरोपी जमीन पर कूड़ा-करकट डालकर कब्जा करने की नीयत से लगातार दबाव बना रहे हैं। विरोध करने पर गाली-गलौज करने के साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी गई। पीड़िता के अनुसार, आरोपियों द्वारा उसे और उसके परिवार को गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी जा रही है। शांती देवी ने यह भी आरोप लगाया कि हल्का लेखपाल आरोपियों से मिलकर उनकी मदद कर रहा है, जिससे अब तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। पीड़िता ने कई बार शिकायत करने की बात कही, लेकिन उसे न्याय नहीं मिल पाया।

## ग्राम प्रधान उलरा, जयन्ती देवी की अध्यक्षता में बैठक का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बिसवां सीतापुर** ग्राम पंचायत उलरा एवं भूड़कुंडी मे ग्राम पंचायतो को साफ सुथरा रखने और ग्रामीण समुदाय की संक्रामण से बचाने के लिए ग्राम प्रधान उलरा जयंती देवी की अध्यक्षता मे पंचायत भवन के सभागार मे बैठक का आयोजन हुआ। बैठक मे बड़ी संख्या मे ग्रामीणों से सहभागिता की। बैठक को सम्बोधित करते हुए ग्राम पंचायत सचिव रविशंकर ने सरकार ने गावों को स्वच्छ एवं साफ सुथरा बनाये रखने के लिए एकीकृत ठोस अप सिस्ट प्रबन्धन् केंद्र की स्थापना कराया है ताकि सुखा कचरा और गीला कचरा,एवं कांच का सही निपटान कराया जा सके, और गावों भी शहरों की तर्ज पर साफ सुथरे दिखे इसके लिए सरकार एवं ग्राम पंचायतो का संयुक्त प्रयास है।इसके लिए ग्राम पंचायत स्तर पर कूड़ा उठाने के लिए कूड़ा गाड़ी की व्यवस्था पंचायतो मे की गई है इस गाड़ी को चलाने हेतु कर्मचारी की नियुक्त की गई है कूड़ा उठाने हेतु सुबह से ही यह गाड़ी गावों मे भ्रमण शील होगी ,उन्होंने समुदाय से अपील की घरों से निकलने वाला कूड़ा और कचरा गाड़ी लेकर आने वाले कर्मचारी को दे जिससे कूड़े का सही से निपटान हो और गावों मे कूड़ा कचरा से होने वाली गंभीर बीमारियों से बचाव हो सके। वही ग्राम पंचायत भूड़कुंडी मे ग्राम प्रधान आयशा की अध्यक्षता मे बैठक सम्पन्न हुई।

इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि उलरा रितेश कुमार, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि भूड़कुंडी मोहम्मद याकूब,सुशीला देवी, सुषमा देवी, प्रवीण कुमार, जय नारायन, तेजपाल, सरला देवी, सफीुद्दीन, प्रवीण बानो, गिरजेश वर्मा, अवधेश कुमार, गफ्फार, कुंती देवी आदि सहित बड़ी संख्या मे ग्रामी न उपस्थिति रहे।

## सिधौली में सीओ कपूर कुमार का सम्मान समारोह सम्पन्न वक्ताओं ने सीओ के कार्यों की सराहना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिधौली।** क्षेत्राधिकारी सिधौली श्री कपूर कुमार के जिला मुख्यालय सीतापुर में नगर क्षेत्राधिकारी पद पर स्थानांतरण होने के उपलक्ष्य में स्वामी विवेकानंद सामाजिक सेवा संस्थान, सिधौली में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पहल फाउंडेशन के तत्वावधान में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आदर्श नगर पंचायत सिधौली के अध्यक्ष श्री गंगाराम राजपूत रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षाविद् गुरुजी आर. डी. वर्मा ने की। समारोह में उपस्थित वक्ताओं ने श्री कपूर कुमार के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके सरल, संवेदनशील एवं कर्तव्यनिष्ठ व्यक्तित्व की प्रशंसा की।

इस अवसर पर प्रख्यात साहित्यकार डॉ. देवेंद्र कश्यप 'निडर' ने अपने काव्यपाठ के माध्यम से शुभकामनाएं देते हुए कहा– 'यहां ये देखकर लगता चरागों की तरह हो तुम,
जहां पर आप जाएंगे, इलाका जगमगाएगा। 'उन्होंने सीओ साहब के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित प्रभावशाली कविता भी प्रस्तुत की।

कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. चंद्रशेखर प्रजापति द्वारा किया गया। समारोह में स्थानीय पत्रकार, समाजसेवी, अधिवक्ता, सभासद, विद्यार्थी एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस दौरान पुष्पेंद्र यादव, एडवोकेट राम प्रकाश यादव, मुन्नन शुक्ल, अविनाश मधुर, जवान सिंह, संजीव राजपूत, नेहा सिंह, राकेश गुप्ता, आदित्य सहित तमाम लोग मौजूद रहे। समारोह के अंत में सभी ने श्री कपूर कुमार को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## शिक्षा का दीप जलाना है,हर बच्चे को पढ़ाना है........




**बिसवां (सीतापुर)।** सकरन विकास खण्ड के उच्च प्राथमिक विद्यालय कलिमापुर कंपोजिट में शुक्रवार को स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत रैली का आयोजन कर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बुद्धि सागर अवस्थी द्वारा बच्चों को झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया गया। बच्चों ने 'सर्व शिक्षा अभियान, सबको मिले प्राथमिक ज्ञान' व 'शिक्षा का दीप जलाना है,हर बच्चे को पढ़ाना है' तथा 'इक्कीसवीं सदी की यही पुकार, शिक्षा है सबका अधिकार' आदि नारे लगाते हुए पूरे कलिमापुर गांव में भ्रमण किया। बच्चों द्वारा विभिन्न स्लोगन लिखे पोस्टर के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक कफील अहमद खान, शिक्षिका प्रीति देवी, शिक्षक अशोक गौतम, सोनू सरोज,राजेश कुमार भार्गव, बृजेश कुमार व भारत प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

## चंद्रभानु गुप्त कृषि महाविद्यालय विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं को दी गई विदाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर** 10 अप्रैल चंद्रभानु गुप्त कृषि महाविद्यालय में विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं के सम्मान में चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के पूर्व निदेशक प्रो योगेश कुमार शर्मा, प्राचार्य डॉ. योगेंद्र कुमार सिंह एवं डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ योगेंद्र कुमार सिंह एवं पूर्व निदेशक डॉ प्रोफेसर योगेश कुमार शर्मा ने छात्रों को आशीर्वचन दिया। छात्र-छात्राओं के द्वारा एक दर्जन से अधिक रंगारंग कार्यक्रम एवं नुक्कड नाटक प्रस्तुत किए गए नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से देश पर्यावरण बचाओ, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मिशन शक्ति बच्चों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया।

महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. सत्येंद्र कुमार सिंहने अपने संबोधन में बताया कि चंद्रभानु गुप्ता कृषि महाविद्यालय बक्शी का तालाब क्षेत्र का उच्च कोटि का विद्यालय है यहां से प्रत्येक वर्ष अच्छी नौकरियों में छात्र-छात्राएं जाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि निरंतर परिश्रम और लगन से ही उच्च स्थान प्राप्त कर सकते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में काफी संभावनाएं हैं छात्र अपने जीवन में अच्छे मार्ग पर चलकर सब कुछ हासिल कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान मिस्टर फेयरवेल का खिताब भी दिये गये। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी शिवमंगल मंगल चौरसिया, आरपी सिंह, डॉ सुधाकर सिंह, डॉ. सुधीर कुमार रघुवंशी, डॉ. धनेंद्र कुमार सिंह डॉ, डॉ. के.डी. सिंह, डॉ. गुरप्रीत सिंह



भाटिया,डॉ उपमा त्रिपाठी, डॉ अखिलेश कुमार, इबाद खान, श्वेता मिश्रा, डॉ रश्मि पांडे नलिनी मिश्रा, रजनी शुक्ला, डॉ अनिल कुमार वर्मा, डॉ विवेक कुमार वर्मा, डॉ रवी शंकर वर्मा, प्रतिमा सिंह एवं दिलीप कुमार सिंह उमेश कुमार सहित सभी गणमान्य शिक्षक तथा कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। मंच का संचालन श्रेष्ठी सिंह एवं श्रेयांश सिंह चौहान द्वारा किया गया।

## बूथ स्तर तक कमेटियों का गठन कर दल को करें मजबूतः- डा0 गया प्रसाद वर्मा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बिसवां (सीतापुर)।** अपना दल (एस) की विधानसभा सेवता की समीक्षा बैठक शुक्रवार 10 अप्रैल को जिला सचिव किसान मंच कालिका प्रसाद पटेल की अध्यक्षता में क्षेत्र के मवासेपुर गांव में संपन्न हुई। संचालन विधानसभा महासचिव सुधाकर मिश्र ने किया।

समीक्षा बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अपना दल(एस) के जिला महासचिव डा0 गया प्रसाद वर्मा ने उपस्थित कार्यकर्ताओं से दल को मजबूती प्रदान करने के लिए जोन, सेक्टर एवं बूथ स्तर तक समितियों का गठन करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जब हमारे कार्यकर्ता बूथ स्तर तक मजबूत होंगे तभी हम बढ़ चढ़ कर आगामी चुनावों में अपना दमखम दिखा सकते हैं। उन्होंने दल के विस्तार पर भी चर्चा की।

बैठक शुरू होने से पहले सभी अतिथियों और कार्यकर्ताओं ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल,डा0 भीमराव आंबेडकर तथा दल के संस्थापक बोधिसत्व डा0 सोनेलाल पटेल आदि महापुरुषों के चित्रों पर पुष्पार्चन किया। पिछली कार्यवाही भी पढ़कर सुनाई गई जिसका सभी कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

इस मौके पर विधानसभा उपाध्यक्ष राम लखन वर्मा, हेमराज भार्गव, माधव राम, विवेक कुमार, बाबू राम, राजकुमारी, घूरू, दयाराम गौतम, हरिनाम भारती व रघुराज गौतम सहित लगभग एक दर्जन कार्यकर्ता उपस्थित रहे।अंत में विधानसभा उपाध्यक्ष राम लखन वर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### दोपहर 12 बजे क्या हुआ था? प्रतापगढ़ जेल में बंदी की मौत के बाद 3 पर गिरी गाज



**लखनऊ।** प्रतापगढ़ की जिला जेल में शुक्रवार दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में एक विचाराधीन बंदी की आग लगने से मौत हो गई। जेल प्रशासन ने इस मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में तीन जेल कर्मियों को निलंबित किया है। साथ ही घटना की विस्तृत जांच डीआइजी जेल प्रदीप गुप्ता को सौंपी है। डीजी जेल पीसी मीणा ने बताया कि प्रतापगढ़ जिला जेल में उन्नाव निवासी दीपक उर्फ राहुल पहली नवंबर 2025 में बंद था। उस पर कंधई थाने में छेड़छाड़, धमकी, आत्महत्या के लिए उकसाने और पाक्सो एक्ट समेत कई गंभीर धाराओं में केस दर्ज है। शुक्रवार को दोपहर करीब 12 बजे संदिग्ध परिस्थितियों में जेल परिसर में आग लग गई और इसकी चपेट में आए दीपक की मौके पर जलकर मौत हो गई। उन्होंने बताया कि इस मामले में प्राथमिक जांच में हेड जेल वार्डर चोन्हर कुमार, अखिलेश सिंह और उप कारापाल ध्रुव नारायण श्रीवास्तव की लापरवाही सामने आई है। इसलिए उन्हें निलंबित कर विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं।

## एलडीए की बड़ी कार्रवाई, 6 अवैध निर्माण किए सील; गोसाईगंज में 40 बीघा की अवैध प्लाटिंग की ध्वस्त

**● एलडीए ने लखनऊ में छह अवैध निर्माण सील किए।**

**गोसाईंगंज में 40 बीघा अवैध प्लाटिंग ध्वस्त की गई।**

**दो आरएमसी प्लांट भी अवैध पाए जाने पर सील।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** एलडीए ने शुक्रवार को मड़ियांव व सैरपुर में अभियान चलाकर दो आरएमसी (रेडी मिक्स कंक्रीट) प्लांट समेत छह अवैध निर्माण सील किये। वहीं, गोसाईगंज में न्यू जेल रोड पर 40 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। प्रवर्तन जोन-दो के जोनल अधिकारी रवि नंदन सिंह ने बताया, अभिषेक सिंह व अन्य द्वारा गोसाईगंज में न्यू जेल रोड स्थित ग्राम-शिवलर में 40 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। एलडीए से ले-आउट स्वीकृत कराए बिना की जा रही अवैध प्लाटिंग को न्यायालय ने ध्वस्त करने का आदेश दिया था। प्रवर्तन टीम द्वारा मौके पर कार्रवाई करते हुए अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया।

प्रवर्तन जोन-चार के जोनल अधिकारी माधवेश कुमार ने बताया, गगन सिंह, मंजीत सिंह, शिवम मिश्रा, तारिक व अन्य द्वारा मड़ियांव, प्रबंध नगर में यादव चौराहे के पास 400 वर्गमीटर क्षेत्रफल में आरएमसी प्लांट संचालित किया जा रहा था। इसी तरह पवन सिंह व अन्य द्वारा यादव चौराहे के पास




100 वर्गमीटर क्षेत्रफल में आरएमसी प्लांट संचालित किया जा रहा था।

एलडीए से मानचित्र स्वीकृत कराए बिना अवैध रूप से निर्मित व संचालित दोनों आरएमसी प्लांट को सील कर दिया गया। इसके अलावा मड़ियांव व सैरपुर में अभियान चलाया गया। जहां याकूब, देशराज अग्रवाल, शिवेन्द्र मिश्रा, गोपाल अग्रवाल व अन्य द्वारा निर्मित किये जा रहे चार अवैध व्यावसायिक निर्माण सील किए गए।

### यूपी में आपदा प्रबंधन की 31 परियोजनाओं पर खर्च होंगे 410 करोड़ रुपये, 44 जिलों में खरीदे जाएंगे मोटर बोट

लखनऊ। मुख्य सचिव एसपी गोयल की अध्यक्षता में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक में विभिन्न विभागों की 31 परियोजनाओं हेतु 410 करोड़ रुपये धनराशि जारी करने की स्वीकृत दी गई। उन्होंने असमय आने वाली प्राकृतिक आपदाओं के प्रति पूरी तैयारी रखने पर विशेष बल दिया। बेमौसम बारिश के कारण फसल क्षति से प्रभावित किसानों को शीघ्र मुआवजा उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। स्वीकृत परियोजनाओं में मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने के लिए 34.75 करोड़, अयोध्या में बाढ़ शरणालय के निर्माण के लिए 19.31 लाख रुपये तथा वाराणसी के घाटों पर फ्लोटिंग बैरियर निर्माण के लिए 5.28 करोड़ रुपये शामिल हैं। विद्यालयों में आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण और ग्राम स्तर पर आपदा प्रबंधन योजनाएं तैयार करने के लिए 43.45 करोड़ रुपये की योजनाएं भी अनुमोदित की गईं। डूबने से होने वाली जनहानि को कम करने के उद्देश्य से 'बाल तरणवीर' कार्यक्रम के लिए 7.5 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

# महात्मा फुले: सामाजिक क्रांति के अग्रदूत

महात्मा ज्योतिराव फुले भारतीय समाज सुधार के इतिहास में एक ऐसे युगप्रवर्तक के रूप में प्रतिष्ठित हैं, जिन्होंने उस समय सामाजिक परिवर्तन की मशाल जलाई जब समाज गहरी रूढ़ियों, जातिगत विभाजन और स्त्री-वंचना के अंधकार में डूबा हुआ था। उनका जन्म 11 अप्रैल 1827 को महाराष्ट्र के पुणे में एक साधारण माली परिवार में हुआ। उनका पूरा नाम ज्योतिराव गोविंदराव फुले था। उनके पिता गोविंदराव फूलों का व्यापार करते थे, इसी कारण उनके परिवार को 'फुले' नाम से जाना जाने लगा। बचपन से ही उन्होंने जाति आधारित भेदभाव और अपमान का सामना किया, जिसने उनके भीतर अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करने की तीव्र चेतना जागृत की।

ज्योतिराव फुले का जीवन केवल व्यक्तिगत संघर्ष की कहानी नहीं है, बल्कि वह उस सामाजिक क्रांति की कथा है जिसने भारत में समानता, शिक्षा और मानव अधिकारों की नई दिशा निर्धारित की। प्रारंभिक शिक्षा के लिए उन्हें स्कॉटिश मिशन विद्यालय में प्रवेश मिला, जहाँ उन्हें स्वतंत्र चिंतन, समानता और मानवता के विचारों से परिचित होने का अवसर मिला। यही शिक्षा उनके जीवन का निर्णायक मोड़ बनी और उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों के विरुद्ध आवाज उठाने का संकल्प लिया। उनकी जीवन यात्रा में उनकी पत्नी सावित्रीबाई फुले का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। सावित्रीबाई स्वयं उस समय की सामाजिक व्यवस्था की पीड़ित थीं, जहाँ स्त्रियों को शिक्षा से वंचित रखा जाता था। ज्योतिराव ने उन्हें शिक्षित किया और आगे चलकर दोनों ने मिलकर समाज सुधार का ऐसा कार्य आरंभ किया, जिसने इतिहास में अमिट छाप छोड़ी। 1848 में उन्होंने पुणे में भारत का पहला कन्या विद्यालय स्थापित किया, जो उस समय एक क्रांतिकारी कदम था, क्योंकि उस दौर में स्त्रियों और निम्न वर्गों के लिए शिक्षा की कल्पना भी नहीं की जाती थी।

इस विद्यालय की स्थापना केवल एक शैक्षिक प्रयास नहीं थी, बल्कि यह सामाजिक व्यवस्था के विरुद्ध एक खुली चुनौती थी। समाज के रूढ़िवादी वर्गों ने इसका तीव्र विरोध किया। सावित्रीबाई जब विद्यालय जाती थीं, तो उन पर पत्थर, कीचड़ और गोबर तक फेंका जाता था, फिर भी उन्होंने अपने कार्य को नहीं छोड़ा। यह संघर्ष दर्शाता है कि फुले दंपत्ति केवल विचारक ही नहीं, बल्कि साहसी कर्मयोगी भी थे।

ज्योतिराव फुले ने समाज में व्याप्त जाति व्यवस्था को मानवता के विरुद्ध बताया। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि जाति के आधार पर मनुष्य का मूल्यांकन अन्यायपूर्ण है। 1873 में उन्होंने 'सत्यशोधक समाज' की स्थापना की, जिसका उद्देश्य शूद्रों, अतिशूद्रों और स्त्रियों को सामाजिक अन्याय से मुक्त करना था। इस संस्था ने धार्मिक आडंबरों और ब्राह्मणवादी वर्चस्व को चुनौती दी तथा समाज में समानता और आत्मसम्मान की भावना को जागृत किया। फुले ने केवल शिक्षा और संगठन के माध्यम से ही नहीं, बल्कि अपने लेखन के द्वारा भी समाज को जागृत किया। उनकी प्रसिद्ध कृति 'गुलामगिरी' में उन्होंने जाति व्यवस्था की तीखी आलोचना की और यह बताया कि किस प्रकार सामाजिक ढांचे ने एक बड़े वर्ग को मानसिक और सामाजिक दासता में जकड़ रखा है। उनका लेखन केवल आलोचना नहीं था, बल्कि वह एक वैचारिक क्रांति का आह्वान था।

उन्होंने विधवाओं और अनाथों के लिए आश्रय स्थल स्थापित किए, जहाँ उन्हें सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर मिल सके। उस समय विधवाओं की स्थिति अत्यंत दयनीय थी, उन्हें समाज से बहिष्कृत कर दिया जाता था। फुले दंपत्ति ने इस अन्याय के विरुद्ध खड़े होकर उन्हें संरक्षण और सम्मान दिया। उन्होंने बाल हत्या को रोकने के लिए भी महत्वपूर्ण कदम उठाए और समाज को मानवीय दृष्टिकोण अपनाने की प्रेरणा दी। ज्योतिराव फुले का सबसे बड़ा योगदान यह था कि उन्होंने समाज के सबसे वंचित वर्गों को यह विश्वास दिलाया कि वे भी सम्मान और अधिकार के साथ जीवन जी सकते हैं। उन्होंने अपने घर का कुआँ सभी जातियों के लिए खोल दिया, जो उस समय एक अत्यंत साहसिक कदम था। यह कार्य केवल प्रतीकात्मक नहीं था, बल्कि यह सामाजिक समानता का वास्तविक उदाहरण था। उनकी विचारधारा ने आगे चलकर अनेक समाज सुधार आंदोलनों को प्रेरित किया। डॉ. भीमराव आंबेडकर ने उन्हें अपने प्रमुख प्रेरणा स्रोतों में शामिल किया और उनके विचारों को आगे बढ़ाया। फुले का यह मानना था कि शिक्षा ही वह साधन है, जिसके माध्यम से समाज में वास्तविक परिवर्तन लाया जा सकता है। उन्होंने शिक्षा को केवल ज्ञान प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक मुक्ति का उपकरण माना।

उनका जीवन इस बात का प्रमाण है कि सामाजिक परिवर्तन केवल विचारों से नहीं, बल्कि साहस और निरंतर प्रयास से संभव होता है। उन्होंने उस समय के समाज में व्याप्त अन्याय के विरुद्ध संघर्ष किया, जब इसके लिए उन्हें सामाजिक बहिष्कार और अपमान का सामना करना पड़ा। फिर भी उन्होंने अपने लक्ष्य से कभी समझौता नहीं किया। 28 नवंबर 1890 को उनका निधन हुआ, लेकिन उनके विचार आज भी जीवित हैं। उनका जीवन और कार्य आज भी उन सभी लोगों के लिए प्रेरणास्रोत है, जो समाज में समानता, न्याय और मानवता की स्थापना के लिए प्रयासरत हैं। आज जब हम आधुनिक भारत में शिक्षा, समान अधिकार और सामाजिक न्याय की बात करते हैं, तो उसके मूल में कहीं न कहीं ज्योतिराव फुले के विचार और संघर्ष मौजूद हैं। महात्मा फुले का जीवन हमें यह सिखाता है कि सच्चा परिवर्तन वही है, जो समाज के सबसे कमजोर और वंचित वर्ग तक पहुंचे। उन्होंने अपने जीवन के माध्यम से यह सिद्ध किया कि एक व्यक्ति भी पूरे समाज की दिशा बदल सकता है, यदि उसके भीतर सत्य के प्रति दृढ़ निष्ठा और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करने का साहस हो। उनका कार्य केवल इतिहास का एक अध्याय नहीं, बल्कि एक सतत प्रेरणा है, जो आने वाली पीढ़ियों को समानता और मानवता के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता रहेगा।

**महेन्द्र तिवारी**

# रिकॉर्ड मतदान, बदलता भारत - लोकतंत्र अब जनता की मुट्ठी में

**[ बारिश, धूप और जिद — तीन प्रदेशों ने दिखा दी असली ताकत ]**

**[ असम की जिद, केरल की समझ, पुडुचेरी का उत्साह - लोकतंत्र की नई मिसाल ]**



कभी-कभी इतिहास शोर से नहीं, कतारों में खड़ी खामोश भीड़ के संकल्प से लिखा जाता है। 9 अप्रैल 2026 ऐसा ही दिन था। असम, केरल और पुडुचेरी में भोर से पहले ही मतदान केंद्रों के बाहर जनसैलाब उमड़ पड़ा। कहीं भीगे हाथों में छाते थे, कहीं तपती सुबह से पहले ही चेहरों पर जिद चमक रही थी। कोई कांपते कदमों और झुकी कमर के साथ पहुंचा था, तो कोई पहली बार वोट देने का उत्साह आंखों में लिए खड़ा था। चेहरे अलग थे, भाषाएं अलग थीं, परिस्थितियां अलग थीं, लेकिन सबको एक ही विश्वास जोड़ रहा था– लोकतंत्र को और मजबूत करने का विश्वास। शाम तक आंकड़ों ने बता दिया कि जनता ने केवल मतदान नहीं किया, बल्कि लोकतंत्र के पक्ष में अपना ऐतिहासिक फैसला सुना दिया।

चुनाव आयोग के अनुसार मतदान समाप्ति से एक घंटे पहले (शाम 5 बजे तक) के आंकड़े चौंकाने वाले ही नहीं, बल्कि लोकतंत्र की नई ताकत का ऐलान करने वाले हैं–असम में 84.42 प्रतिशत, केरल में 75.01 प्रतिशत और पुडुचेरी में 86.92 प्रतिशत मतदान। ये केवल संख्या नहीं, बल्कि उस जागते भारत की तस्वीर हैं, जो अब राजनीति को दूर से देखना नहीं, उसे अपनी मुट्ठी में लेना चाहता है। लगभग 5.3 करोड़ मतदाताओं की इस भागीदारी ने साफ कर दिया कि जनता अब भाषणों और नारों के पीछे चलने वाली भीड़ नहीं रही। वह सवाल करती है, जवाब मांगती है और अपने वोट से बता रही है कि सत्ता का असली मालिक नागरिक है। यही वजह है कि ये चुनाव केवल तीन राज्यों की घटना नहीं, बल्कि पूरे देश के लोकतांत्रिक भविष्य की दिशा बन गए हैं।

असम में इस बार का चुनाव कई अर्थों में ऐतिहासिक रहा। 126 सीटों वाले राज्य में 84.42 प्रतिशत मतदान ने पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए। 2023 के परिसीमन के बाद बदले राजनीतिक समीकरणों के बीच यह पहला चुनाव था, इसलिए लोगों की भागीदारी भी बढ़ी। भाजपा-एनडीए, मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व में सत्ता बचाने में जुटा है, जबकि कांग्रेस और अन्य दल वापसी की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन सबसे बड़ी बात यह रही कि मतदाता दलों से अधिक अपने मुद्दों पर केंद्रित दिखा। भूमि अधिकार, सांस्कृतिक पहचान, सीमा सुरक्षा, बेरोजगारी और विकास जैसे सवाल लोगों को बूथ तक ले आए। डलगांव जैसे क्षेत्रों में 94 प्रतिशत से अधिक मतदान ने बता दिया कि असम अब केवल सरकार नहीं, अपना भविष्य चुन रहा है।

असम की जनता ने इस बार केवल वोट नहीं डाला, बल्कि अपनी राजनीतिक चेतना भी दिखा दी। पहचान, घुसपैठ, सीमाई तनाव और अवसरों की कमी से लंबे समय तक जूझते रहे इस राज्य ने साफ कर दिया कि अब उसे केवल वादे नहीं, ठोस जवाब चाहिए। गांवों, पहाड़ी इलाकों और सीमा से लगे क्षेत्रों में जिस तरह महिलाएं, बुजुर्ग और युवा मतदान के लिए निकले, उसने साबित कर दिया कि लोकतंत्र की ताकत शहरों तक सीमित नहीं है। असम ने यह भी दिखाया कि पूर्वोत्तर अब राष्ट्रीय राजनीति का किनारा नहीं, बल्कि उसकी दिशा तय करने वाली मजबूत आवाज बन चुका है। वहां की जनता ने बता दिया कि लोकतंत्र सबसे मजबूत तब होता है, जब सबसे दूर बैठा नागरिक भी अपने वोट की कीमत समझने लगे।

केरल में तस्वीर अलग थी, लेकिन संदेश उतना ही मजबूत। 140 सीटों पर हुए चुनाव में 75.01 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ। यह आंकड़ा असम और पुडुचेरी से कम जरूर है, लेकिन राजनीतिक रूप से बेहद जागरूक केरल में यह भागीदारी अपने आप में असाधारण है। एलडीएफ, यूडीएफ और भाजपा गठबंधन के बीच त्रिकोणीय मुकाबले ने चुनाव को और दिलचस्प बना दिया। पलक्कड़, कोझीकोड और कई जिलों में 80 प्रतिशत के आसपास मतदान हुआ। स्वास्थ्य, शिक्षा, बेरोजगारी, पर्यावरण और महंगाई जैसे मुद्दों पर जनता ने खुलकर अपनी राय दी। यहां मतदाता केवल दल नहीं देखता, बल्कि उनके काम, नीतियों और भविष्य की दिशा को भी परखता है।

केरल की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि वहां लोकतंत्र केवल प्रक्रिया नहीं, बल्कि सामाजिक संस्कृति बन चुका है। बारिश के बावजूद बूथों पर लगी लंबी कतारों ने बता दिया कि यहां का नागरिक मतदान को अधिकार से अधिक कर्तव्य मानता है। बड़ी संख्या में महिलाएं और पहली बार वोट डालने वाले युवा मतदान के लिए पहुंचे। युवाओं ने बेरोजगारी, तकनीकी शिक्षा और बेहतर अवसरों के सवाल उठाए, जबकि महिलाओं ने स्वास्थ्य, सुरक्षा और सम्मान को प्राथमिकता दी। केरल के मतदाता ने साफ कर दिया कि अब राजनीति केवल विचारधारा तक सीमित नहीं रहेगी। जनता का विश्वास उसी दल को मिलेगा, जो उसकी उम्मीदों पर खरा उतरेगा।

इन चुनावों में अगर किसी ने पूरे देश को सबसे ज्यादा चौंकाया, तो वह पुडुचेरी था। केवल 9.5 लाख मतदाताओं वाले इस छोटे केंद्र शासित प्रदेश में 86.92 प्रतिशत मतदान ने लोकतंत्र की नई मिसाल कायम कर दी। 30 सीटों वाले पुडुचेरी में एनडीए, कांग्रेस-डीएमके गठबंधन और अन्य दलों के बीच मुकाबला था, लेकिन सबसे बड़ी जीत जनता की भागीदारी की रही। कराईकल, पुडुचेरी और आसपास के इलाकों में सुबह से शाम तक मतदान केंद्रों पर भीड़ उमड़ी रही। स्थानीय रोजगार, पर्यटन, बुनियादी सुविधाएं, विकास और स्वायत्तता जैसे मुद्दों ने लोगों को बूथ तक पहुंचाया। इस छोटे प्रदेश ने पूरे देश को बता दिया कि लोकतंत्र की ताकत आबादी से नहीं, नागरिकों की जागरूकता से तय होती है।

असम, केरल और पुडुचेरी के चुनावों ने भारत को एक बड़ा संदेश दिया है। चुनाव आयोग की तैयारी, कड़ी सुरक्षा, ईवीएम पर बढ़ा भरोसा, डिजिटल अभियान और सोशल मीडिया से बढ़ी जागरूकता ने मतदान को जन-आंदोलन बना दिया। लेकिन सबसे बड़ी बात यह रही कि भारत का मतदाता अब बदल चुका है। वह चुप रहने वाला नागरिक नहीं, बल्कि अपने अधिकारों और भविष्य के प्रति सजग प्रहरी बन गया है। 4 मई को नतीजे आएंगे, सरकारें बनेंगी और समीकरण बदलेंगे, लेकिन इन चुनावों की सबसे बड़ी जीत पहले ही सामने आ चुकी है। वह जीत है जनता का यह विश्वास कि उसकी उंगली पर लगी स्याही केवल निशान नहीं, लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**

# बाल तस्करी पर सख्ती जरूरी न्याय और जिम्मेदारी का समय

**सुप्रीम कोर्ट का सख्त निर्देश**

भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में बच्चों की सुरक्षा केवल एक सामाजिक जिम्मेदारी नहीं बल्कि नैतिक और संवैधानिक कर्तव्य भी है। हाल ही में सुप्रीम करतबने बाल तस्करी के बढ़ते मामलों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए राज्यों को सख्त और त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। अदालत ने स्पष्ट कहा कि वह निगरानी कर सकती है लेकिन वास्तविक कार्रवाई का दायित्व राज्य सरकारों और प्रशासनिक तंत्र पर ही है। यह टिप्पणी केवल एक कानूनी बयान नहीं बल्कि पूरे समाज के लिए चेतावनी है कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो स्थिति नियंत्रण से बाहर हो सकती है।

बाल तस्करी एक जटिल और बहुआयामी अपराध है जो केवल बच्चों के अपहरण तक सीमित नहीं रहता बल्कि इसमें जबरन मजदूरी यौन शोषण भीख मंगवाना और अवैध गतिविधियों में धकेलना जैसे गंभीर अपराध शामिल होते हैं। यह समस्या केवल शहरों तक सीमित नहीं है बल्कि ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में भी तेजी से फैल रही है जहां जागरूकता की कमी और गरीबी के कारण बच्चे अधिक संवेदनशील होते हैं। अदालत ने इस बात पर भी जोर दिया कि देशभर में संगठित गिरोह सक्रिय हैं जो बच्चों को निशाना बनाते हैं और उन्हें एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाकर शोषण करते हैं।

इस मुद्दे की गंभीरता को समझने के लिए यह आवश्यक है कि हम इसके मूल कारणों पर भी ध्यान दें। गरीबी बेरोजगारी अशिक्षा और सामाजिक असमानता जैसे कारक बाल तस्करी को बढ़ावा देते हैं। कई बार माता पिता आर्थिक मजबूरी के चलते बच्चों को काम पर भेजने के लिए मजबूर हो जाते हैं और यही स्थिति तस्करों के लिए अवसर बन जाती है। इसके अलावा शहरीकरण और पलायन भी एक बड़ा कारण है जहां परिवारों का सामाजिक ढांचा कमजोर पड़ जाता है और बच्चों की सुरक्षा खतरे में आ जाती है।

अदालत ने अपने अवलोकन में यह भी कहा कि कई मामलों में राज्य सरकारों की प्रतिक्रिया धीमी और असंगठित होती है जिससे अपराधियों के हौसले बढ़ते हैं। पुलिस और प्रशासन के बीच समन्वय की कमी भी एक बड़ी समस्या है। कई बार मामलों की सही जांच नहीं हो पाती और पीड़ित बच्चों को न्याय मिलने में देरी होती है। अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि कानून का प्रभावी क्रियान्वयन ही इस समस्या का समाधान है और इसके लिए सभी संबंधित एजेंसियों को मिलकर काम करना होगा।

बाल तस्करी के मामलों में त्वरित कार्रवाई इसलिए भी जरूरी है क्योंकि इसमें हर पल महत्वपूर्ण होता है। जितनी देर कार्रवाई में होती



है उतनी ही संभावना बढ़ जाती है कि बच्चा किसी अन्य स्थान पर ले जाया जाए या उसका शोषण किया जाए। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि केवल नीतियां बनाना पर्याप्त नहीं है बल्कि उन्हें जमीन पर लागू करना भी उतना ही आवश्यक है। इसके लिए प्रशासनिक इच्छाशक्ति और जवाबदेही जरूरी है।

इस संदर्भ में समाज की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। केवल सरकार और अदालत पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं होगा। आम नागरिकों को भी सतर्क रहना होगा और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों को देनी चाहिए। स्कूलों और समुदायों में जागरूकता अभियान चलाकर बच्चों और अभिभावकों को इस खतरे के बारे में जानकारी दी जानी चाहिए। इससे न केवल अपराधों की रोकथाम होगी बल्कि पीड़ितों को समय पर सहायता भी मिल सकेगी।

तकनीक का उपयोग भी इस दिशा में एक महत्वपूर्ण साधन बन सकता है। डिजिटल प्लेटफॉर्म और डाटाबेस के माध्यम से लापता बच्चों की जानकारी को तेजी से साझा किया जा सकता है जिससे उन्हें खोजने में सहायता मिलती है। हालांकि इसके लिए डेटा की गोपनीयता और सुरक्षा का भी ध्यान रखना आवश्यक है ताकि किसी प्रकार का दुरुपयोग न हो। अदालत ने यह भी संकेत दिया कि यदि राज्य सरकारें अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन नहीं करती हैं तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। यह केवल कानून व्यवस्था का मुद्दा नहीं बल्कि मानवाधिकार का प्रश्न है। हर बच्चे को सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन जीने का अधिकार है और इसे सुनिश्चित करना राज्य का दायित्व है।

अंततः यह कहा जा सकता है कि बाल तस्करी के खिलाफ लड़ाई केवल कानूनी या प्रशासनिक नहीं बल्कि सामाजिक और नैतिक संघर्ष भी है। इसके लिए सरकार अदालत और समाज सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। जब तक हम इस समस्या को जड़ से समाप्त करने के लिए सामूहिक रूप से आगे नहीं बढ़ेंगे तब तक इसका समाधान संभव नहीं है। सुप्रीम कोर्ट की चेतावनी को एक अवसर के रूप में देखते हुए हमें ठोस कदम उठाने चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ी को एक सुरक्षित और उज्ज्वल भविष्य मिल सके।

**कांतिलाल मांडोत**

# प्रसव से पहले और बाद में सुरक्षा का कवच: मातृ स्वास्थ्य का नवयुग

**कस्तूरबा गांधी की विरासत: सुरक्षित मातृत्व के प्रति जागरूकता**

**हर माँ, हर बच्चा, हर अधिकार: सुरक्षित मातृत्व की जिम्मेदारी**

जब जीवन में अनिश्चितता छा जाए, तब भी एक माँ की मुस्कान सब कुछ रोशन कर देती है। यह मुस्कान केवल सुकून नहीं, बल्कि जीवन और शक्ति का प्रतीक है। माँ जन्म को अर्थ देती है, आशा को आकार देती है और आने वाली पीढ़ी को मजबूती देती है। लेकिन जब गर्भधारण और प्रसव खतरों से भरे हों, तब यही आशा भय में बदल सकती है। इसी सच को उजागर करता है भारत में हर साल 11 अप्रैल को मनाया जाने वाला राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस हमें याद दिलाता है कि हर गर्भवती महिला को सुरक्षित, सम्मानजनक और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल मिलनी चाहिए, ताकि माँ और बच्चा दोनों स्वस्थ, सुरक्षित और खुशहाल जीवन की ओर बढ़ सकें।

यह दिन केवल एक तारीख नहीं, बल्कि हर नागरिक के लिए संकल्प और जिम्मेदारी का प्रतीक है। 11 अप्रैल इसलिए चुना गया क्योंकि यह कस्तूरबा गांधी की जन्मतिथि है – वह अद्भुत महिला जिन्होंने जीवनभर महिलाओं और बच्चों के कल्याण के लिए संघर्ष किया। 2003 में व्हाइट रिबन एलायंस इंडिया की पहल पर भारत सरकार ने इसी दिन को राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस घोषित किया। इस दिन का संदेश साफ है – मातृ स्वास्थ्य, सुरक्षित गर्भावस्था, प्रसव और प्रसवोत्तर देखभाल के प्रति देश में सर्वव्यापी जागरूकता फैलाना और हर माँ को सम्मानजनक, सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाएँ सुनिश्चित करना।

सुरक्षित मातृत्व का अर्थ केवल अस्पताल और डॉक्टर तक पहुँच नहीं है। यह माँ के सम्मान, सम्मानजनक देखभाल, सामाजिक समर्थन और सशक्त अधिकारों की गारंटी भी है। गर्भावस्था केवल नौ महीने का सफर नहीं, बल्कि जीवन का सुरक्षित, सम्मानजनक और स्वस्थ अनुभव होना चाहिए। दुनिया भर में हर साल लाखों महिलाएँ गर्भावस्था और प्रसव से जुड़ी जटिलताओं के कारण जीवन खो देती हैं। हालांकि भारत ने लगातार प्रयासों से मातृ मृत्यु दर में कमी लाई है, फिर भी आज भी उच्च जोखिम, स्वास्थ्य सेवाओं की कमी और सामाजिक बाधाएँ बड़ी चुनौती बनी हुई हैं। भारत ने मातृ मृत्यु दर में वर्षों में बड़ी प्रगति की है, लेकिन यह अभी भी आवश्यक लक्ष्य तक नहीं पहुँची है। 2030 तक सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) 3.1 के तहत मातृ मृत्यु दर को प्रति 1,00,000 जीवित जन्मों पर 70 से नीचे लाना है – यह स्पष्ट संकेत है कि सुधार की अभी भी बहुत गुंजाइश मौजूद है। गर्भावस्था के दौरान एनीमिया, उच्च रक्तचाप, संक्रमण, दूर-दराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी और पुरानी सामाजिक मान्यताएँ मातृ स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं। इन सभी चुनौतियों का सामना करने के लिए केवल सरकारी योजनाएँ ही नहीं, बल्कि समाज और समुदाय की सक्रिय भागीदारी भी अनिवार्य है, ताकि हर माँ सुरक्षित और स्वस्थ मातृत्व का अनुभव प्राप्त कर सके।

राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस पर सरकार और स्वास्थ्य मंत्रालय माताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह सक्रिय रहते हैं। गर्भवती महिलाओं के लिए प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान हर महीने 9 तारीख को निःशुल्क एंटीनेटल चेकअप उपलब्ध कराता है। इसके अलावा, जननी सुरक्षा योजना संस्थागत प्रसव को प्रोत्साहित करती है और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। सुमन और लक्ष्य जैसी योजनाएँ गर्भावस्था, प्रसव और प्रसवोत्तर देखभाल को सुरक्षित, सम्मानजनक और प्रभावी बनाने का काम करती हैं। इन कार्यक्रमों को घर-घर पहुँचाने में आशा कार्यकर्ताओं और एएनएम बहनों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक रही है।

सुरक्षित मातृत्व केवल योजनाओं तक सीमित नहीं है; यह समाज में वास्तविक बदलाव की भी मांग करता है। कई समुदायों में आज भी कम उम्र में विवाह, अपर्याप्त पोषण, पुरानी रूढ़ियाँ और महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता की कमी बड़ी बाधाएँ हैं। बेटी की शिक्षा, शादी की उम्र में देरी, स्वास्थ्य की जानकारी, गर्भावस्था के जोखिमों की समझ, प्रसव के बाद पोषण और मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान – ये सभी पहलू मातृत्व को सुरक्षित और सम्मानजनक बनाने में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। परिवार का सहयोग, विशेषकर पति और ससुराल का समर्थन, इस पूरी प्रक्रिया को सुखद, सुरक्षित और सकारात्मक अनुभव में बदल देता है।

राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस की अहमियत केवल जानकारी तक सीमित नहीं है; यह अनुभव, संघर्ष और प्रेरक कहानियों से भी जुड़ा है। हर गाँव, कस्बा और शहर उन माताओं की कहानियों से जीवंत हो उठता है, जिन्होंने सुरक्षित देखभाल और समय पर सहायता पाकर अपने परिवारों को मजबूत बनाया। हर आशा कार्यकर्ता, डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मी जोखिमों को पहचानकर, समय पर हस्तक्षेप करके, पोषण और स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान कर जीवन बदल रहे हैं। यह दिवस हमें यह याद दिलाता है कि जब ज्ञान और सहयोग सही समय पर पहुँचता है, तब हर माँ सुरक्षित, स्वस्थ और सशक्त भविष्य की ओर कदम बढ़ा सकती है।

राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस का संदेश स्पष्ट और सशक्त है – हर महिला को गर्भावस्था और प्रसव के दौरान जीवन और सुरक्षा का अधिकार है। इस दिन की गतिविधियों का उद्देश्य यही है कि समाज में जागरूकता फैलाना कि प्रत्येक माँ को सुरक्षित और सम्मानजनक स्वास्थ्य देखभाल मिले। इस वर्ष 2026 का विषय है – 'मातृ स्वास्थ्य देखभाल में समानता: किसी भी माँ को पीछे न छोड़ें' – जो हमें याद दिलाता है कि कोई भी महिला अपनी सुरक्षा और स्वास्थ्य के मामले में पीछे नहीं रह सकती, चाहे वह शहर की हो या दूरदराज के गाँव की। यह विषय हर परिवार, हर समुदाय और पूरे समाज के लिए सशक्त संदेश और जिम्मेदारी लेकर आता है।

आज राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस पर हमारा संकल्प होना चाहिए कि हर गर्भवती महिला को उच्चतम गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएँ मिलें, हर बच्चा सुरक्षित और स्वस्थ जन्म ले, और कोई माँ अपने मातृत्व के सफर में कभी अकेली या असुरक्षित महसूस न करे। जब हर माँ गर्भावस्था की शुरुआत से अंत तक सुरक्षित, सम्मानजनक और सशक्त देखभाल प्राप्त करेगी, तभी हमारा परिवार, हमारा समाज और हमारा राष्ट्र सच्चाई में स्वस्थ, मजबूत और समृद्ध बन पाएगा। यह संकल्प केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हमारा सामूहिक दायित्व है – ताकि आने वाली पीढ़ियाँ स्वस्थ, सशक्त और उज्जवल भविष्य की ओर बढ़ सकें।

**कृति आरके जैन**

# डिजिटल भुगतान में ठहराव का नया अध्याय सुरक्षा की दिशा में एक घंटा—विश्वास, संयम और सतर्कता का समय




**डिजिटल युग ने हमारे जीवन को अभूतपूर्व गति दी है। आज मोबाइल फोन के एक स्पर्श से हम कहीं भी, कभी भी पैसे भेज सकते हैं। यह सुविधा जितनी सरल और तेज़ है, उतनी ही संवेदनशील भी बन चुकी है। पिछले कुछ वर्षों में ऑनलाइन फ्रॉड के मामलों में तेजी से वृद्धि हुई है, जिससे आम उपभोक्ता की मेहनत की कमाई पर खतरा मंडराने लगा है। इसी पृष्ठभूमि में रिज़र्व बैंक ऑफ़ इंडिया द्वारा 10,000 रुपए से अधिक के ऑनलाइन भुगतान पर एक घंटे का होल्ड लगाने का प्रस्ताव एक दूरदर्शी कदम प्रतीत होता है। यह केवल तकनीकी बदलाव नहीं, बल्कि उपभोक्ता सुरक्षा की दिशा में एक नई सोच का संकेत है। वर्तमान समय में अधिकांश डिजिटल लेन-देन तत्काल हो जाते हैं। यह सुविधा जहां समय की बचत करती है, वहीं दूसरी ओर किसी भी प्रकार की गलती या धोखाधड़ी की स्थिति में सुधार का अवसर लगभग समाप्त कर देती है। कई बार लोग जल्दबाजी, भ्रम या मानसिक दबाव में आकर पैसे ट्रांसफर कर देते हैं और बाद में पछताते हैं। ऐसे में एक घंटे का यह होल्ड एक 'सुरक्षा कवच' की तरह कार्य कर सकता है। यह समय उपयोगकर्ता को सोचने, स्थिति का मूल्यांकन करने और आवश्यकता पड़ने पर लेन-देन को रोकने का अवसर प्रदान करेगा।**

**इस प्रस्ताव का सबसे बड़ा लाभ यह है कि यह धोखाधड़ी के मनोवैज्ञानिक पहलू को कमजोर करता है। साइबर अपराधी अक्सर पीड़ित पर तत्काल निर्णय लेने का दबाव बनाते हैं—जैसे कि 'अभी पैसे भेजो, वरना नुकसान होगा' या 'आपका अकाउंट बंद हो जाएगा।' इस प्रकार के भय और जल्दबाजी के वातावरण में व्यक्ति सोचने की क्षमता खो बैठता है। लेकिन यदि लेन-देन पर एक घंटे का अनिवार्य विराम होगा, तो यह दबाव स्वतः समाप्त हो जाएगा। व्यक्ति को यह समझने का समय मिलेगा कि वह किसी धोखाधड़ी का शिकार तो नहीं हो रहा। इसके अतिरिक्त, यह व्यवस्था मानवीय त्रुटियों को सुधारने का अवसर भी देती है। कई बार लोग गलती से गलत अकाउंट नंबर डाल देते हैं या किसी अन्य व्यक्ति को पैसे भेज देते हैं। तत्काल ट्रांजैक्शन में ऐसी गलतियों को सुधारना लगभग असंभव होता है। लेकिन यदि एक घंटे का समय उपलब्ध होगा, तो उपयोगकर्ता अपनी गलती पहचान कर उसे ठीक कर सकता है। इससे न केवल आर्थिक नुकसान से बचाव होगा, बल्कि मानसिक तनाव भी कम होगा।**

**एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि यह कदम डिजिटल भुगतान प्रणाली में विश्वास को मजबूत करेगा। वर्तमान में कई लोग ऑनलाइन ट्रांजैक्शन करने से हिचकिचाते हैं, विशेषकर बुजुर्ग और ग्रामीण क्षेत्रों के लोग। उन्हें डर रहता है कि कहीं उनकी मेहनत की कमाई किसी धोखेबाज के हाथ न लग जाए। जब उन्हें यह भरोसा मिलेगा कि बड़े ट्रांजैक्शन पर एक सुरक्षा अवधि उपलब्ध है, तो उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा। इससे डिजिटल भुगतान को व्यापक स्वीकृति मिलने की संभावना है। यह प्रस्ताव विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों और कमजोर वर्गों के लिए लाभकारी सिद्ध हो सकता है। उम्र के साथ तकनीकी समझ में कमी आना स्वाभाविक है, और ऐसे में वे आसानी से साइबर अपराधियों के निशाने पर आ जाते हैं। एक घंटे का होल्ड उन्हें अपने परिवार या किसी भरोसेमंद व्यक्ति से सलाह लेने का समय देगा। इससे उनके साथ होने वाले फ्रॉड के मामलों में कमी आ सकती है। इसके साथ ही, 'व्हाइटलिस्ट' की सुविधा इस व्यवस्था को और अधिक व्यावहारिक बनाती है। जिन लोगों या संस्थानों पर उपयोगकर्ता को भरोसा है, उन्हें पहले से सूचीबद्ध किया जा सकता है, जिससे नियमित लेन-देन में कोई बाधा न आए। इस प्रकार, सुरक्षा और सुविधा के बीच संतुलन बनाए रखने का प्रयास स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। यह दिखाता है कि उद्देश्य केवल नियंत्रण नहीं, बल्कि सुरक्षित और सहज डिजिटल अनुभव प्रदान करना है।**

**'किल स्विच' का विचार भी इस पूरी व्यवस्था को और मजबूत बनाता है। यदि किसी उपयोगकर्ता को यह संदेह हो कि उसका अकाउंट खतरे में है, तो वह तुरंत अपनी डिजिटल सेवाओं को बंद कर सकता है। एक घंटे का होल्ड और किल स्विच मिलकर एक बहु-स्तरीय सुरक्षा प्रणाली तैयार करते हैं, जो आधुनिक साइबर खतरों से निपटने में प्रभावी हो सकती है। हालांकि, यह भी स्वीकार करना होगा कि इस प्रकार की देरी से कुछ असुविधाएं हो सकती हैं। आज के तेज़-रफ्तार जीवन में लोग तत्काल लेन-देन के आदी हो चुके हैं। व्यापारिक गतिविधियों में भी त्वरित भुगतान की आवश्यकता होती है। लेकिन जब हम सुविधा और सुरक्षा के बीच चयन करते हैं, तो दीर्घकालिक दृष्टिकोण से सुरक्षा को प्राथमिकता देना अधिक उचित है। थोड़ी सी असुविधा बड़े नुकसान से बचा सकती है। यह कदम डिजिटल संस्कृति में एक सकारात्मक बदलाव भी ला सकता है। यह हमें सिखाता है कि हर निर्णय तुरंत लेना आवश्यक नहीं होता। कभी-कभी ठहराव भी जरूरी होता है। एक घंटे का यह विराम केवल तकनीकी प्रक्रिया नहीं, बल्कि एक मानसिक अभ्यास भी है—संयम, सतर्कता और जिम्मेदारी का अभ्यास। यह हमें डिजिटल दुनिया में भी विवेकपूर्ण निर्णय लेने के लिए प्रेरित करता है। अंततः, रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया का यह प्रस्ताव केवल एक नियम नहीं, बल्कि एक सुरक्षा दर्शन है। यह हमें यह समझाने का प्रयास करता है कि प्रगति का अर्थ केवल गति नहीं, बल्कि सुरक्षित और संतुलित विकास भी है। एक घंटे की यह देरी वास्तव में हमारे आर्थिक जीवन को अधिक सुरक्षित, विश्वसनीय और संतुलित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यदि इसे प्रभावी ढंग से लागू किया जाता है, तो यह न केवल फ्रॉड को कम करेगा, बल्कि डिजिटल भुगतान प्रणाली को और अधिक मजबूत और भरोसेमंद बनाएगा।**

**कांतिलाल मांडोत**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### लखीमपुर की शिक्षिका गुलशरण मिश्रा बनीं मिसेज यूपी 2026

**लखीमपुर।** जिले की प्रतिभाशाली शिक्षिका गुलशरण मिश्रा ने एक बार फिर लखीमपुर का नाम प्रदेश स्तर पर रोशन किया है। लखनऊ में आयोजित 'मिसेज यूपी 2026' प्रतियोगिता में उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम कर लिया। शहर के राजापुर कोठी नंबर एक, मोहल्ला काशीनगर निवासी गुलशरण मिश्रा, अमित मिश्रा की पत्नी एवं पूर्व नगर पालिका चेयरमैन अवधेश मिश्रा की पुत्रवधु हैं। वह लखीमपुर ब्लॉक के एक प्राथमिक विद्यालय में शिक्षिका के पद पर कार्यरत हैं। गुलशरण मिश्रा इससे पहले वर्ष 2015 में 'मिसेज लखीमपुर' का खिताब भी जीत चुकी हैं। अब 'मिसेज यूपी 2026' का ताज जीतकर उन्होंने जिले का नाम रोशन किया है।

### चैती मेले मे तीन साल के बच्चे को पुलिस प्रशासन ने कुछ पलो मे मिलाया अपने माँ से

**बच्चे की माँ ने मेला प्रसासन की भूरि भूरि प्रशंसा की**



**गोला गोकर्णनाथ खीरी,** गोला का ऐतिहासिक चैती मेला उसने पूरे चरम पर जोर खरोंच के साथ चल रहा है, जिसके चलते गोला चैती मेले मे खासा भीड भाड हो रही है, हलाकि मेला प्रभारी संतोष कुमार की सक्रियता के चलते भीड भाड के चलते कोई अप्रिय घटना नही घट पाती है जिसके लिये मेला परिसर णे लगे 36 सीसीटीवी फुटेज से मेले के सभी प्वाइंटो से भीड पर नजर रखी जा रही है, दिनांक नौ अप्रैल को अपनी मां के साथ मेला देखने आया तीन वर्षीय बच्चा अयांश पुत्र सुशील कुमार निवासी गोला ओ अपनी मां से भारी भीड मे कही खो गया,मां ने तुरंत घटना की जानकारी मेला प्रभारी संतोष कुमार सिंह को दी फौरन ही मेला प्रभारी ने मेला मे लगे सभी सुरक्षा कर्मचारियो को ऐलर्ट कर दिया और कुछ की पलो मे बच्चो को ढूढ निकाला और उसकी मां के सुपुर्द कर दिया, जिसके चलते बच्चे की मां ने राहत की सास ली और मेला पुलिस प्रसासन की भूरि भूरि प्रशंसा की।

### पिछड़ा वर्ग आयोग के द्वारा संदर्भित प्रकरणों का समयबद्ध रूप से निस्तारण कराये जाने के दिए निर्देश

**ब्यूरो प्रयागराज** अध्यक्ष-राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग साध्वी निरंजन ज्योति जी ने जनपद प्रयागराज भ्रमण कार्यक्रम के क्रम में शुक्रवार को पिछड़ा वर्ग से सम्बंधित समस्याओं एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण से सम्बंधित विषयों के सम्बंध में समीक्षा बैठक की। बैठक में अध्यक्षा ने कौशाम्बी में हुई दुर्घटना में घायल तथा स्वरूपरानी अस्पताल में भर्ती श्री केसन के द्वारा इलाज में लापरवाही बरतने तथा जो मरीज ठीक हो गये, उनको एम्बुलेंस नहीं उपलब्ध कराये जाने की शिकायत से सम्बंधित प्रकरण की सुनवाई करते हुए उन्होंने प्रधानाचार्य-मोती लाल नेहरू मेडिकल कालेज डॉ0 वी0के0 पाण्डेय को प्रकरण की जांच कर आख्या उपलब्ध कराये जाने का निर्देश दिया है। अध्यक्षा ने अस्पताल में भर्ती मरीजों का पूरी संवेदना के साथ समुचित इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि बाहर से कोई भी दवा नहीं लिखी जानी चाहिए तथा मरीजों के साथ अच्छा व्यवहार किया जाये। समीक्षा बैठक में माननीय अध्यक्षा ने कहा कि आयोग के द्वारा जो भी प्रकरण सम्बंधित अधिकारियों को संदर्भित किया जाये, उनका निस्तारण समय से सुनिश्चित हो जाये। इसके साथ ही साथ उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि पिछड़ा वर्ग से सम्बंधित जो भी शिकायत या आवेदन पत्र प्राप्त हो, उनका समय से सम्बंधित अधिकारियों के द्वारा निस्तारण सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने स्वरूपरानी अस्पताल में कितने चिकित्सक है, कितने पैरामेडिकल स्टॉफ है तथा कितने सफाई कर्मी तैनात है, इसकी श्रेणीवार सूची उपलब्ध कराये जाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि नियुक्ति में आरक्षण के मानको का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। समीक्षा बैठक में अध्यक्ष ने सम्बंधित विभागों के अधिकारियों से कहा कि जाति प्रमाणपत्र बनवाने में किसी आवेदक को कोई भी परेशानी नहीं होनी चाहिए, इसके लिए जो समयसीमा निर्धारत की गयी है, उस समय सीमा के अंदर ही जाति प्रमाणपत्र अनिवार्य रूप से बन जाये। इस अवसर पर डीआईजी विजय धुल व अन्य पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगणों के अलावा अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विनीता सिंह, प्रधानाचार्य मोती लाल नेहरू मेडिकल कालेज, सीएमएस डॉ0 नीलम सिंह, दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी/प्रभारी पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अशोक कुमार गौतम सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायत सैदपुर हरैया में लाखों का गोलमाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखीमपुर खीरी** मामला विकासखंड नकहा की ग्राम पंचायत सैदपुर हरैया का बताया जाता है जहां पर ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव की मिली भगत से योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति को धता बताते हुए कागजों पर दो सड़कों का इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य दिखाकर लाखों का बजट मिलकर बंदरबाट लिया गया। खंड विकास अधिकारी नकहा को इसकी भनक तक नहीं लगी। इस ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार का यह पहला मामला नहीं है कई ऐसे कार्य हैं जो हकीकत के धरातल पर हुए ही नहीं और कागजों पर विकास की गंगा बहाकर खुद का विकास कर लिए जाने के ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाए हैं ।ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव पर लगाए गए गंभीर आरोपों की यदि करा ली जाए निष्पक्ष जांच तो भारी भ्रष्टाचार का खुलासा होना तय है ।और ग्राम पंचायत अधिकारी की भी तय होगी जवाब देही।

पनहा तालाब सौंदर्यीकरण के नाम पर भी सरकारी धन का बंदर बाट

ग्राम पंचायत सैदीपुर हरैय के ग्रामीणों की बात माने तो पनहा तालाब सौंदर्य करण के नाम पर भी खाना पूर्ति कर सरकारी धन की लूट का मामला चर्चा का विषय बना है। ग्राम पंचायत सैदपुर हररैया में स्थित पनहा तालाब के सौंदर्य करण के लिए शासन से लगभग 24 लाख रुपया का बजट आवंटित किए जाने की बात प्रकाश में आई है सूत्रों का आरोप है की शान द्वारा तो बजट तो आवंटित कर दिया गया लेकिन यह बजट प्रधान और पंचायत सचिव की भ्रष्टाचार की भेंट चढ़कर रह गया। पनहा तालाब के सौंदर्य करण के नाम पर महज रस्म अदायगी कर संपूर्ण बजट का बंदरबांट कर लिए जाने के आरोप ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव पर ग्रामीणों द्वारा लगाए गए हैं ।ग्रामीणों ने मामले की उच्च स्तरीय जांच टीम गठित कर निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है ।यदि जिले के तेज तर्रार और ईमानदार मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मामले में उच्च स्तरीय जांच टीम गठित कर करा ली जाए निष्पक्ष जांच तो लाखों रुपए का भ्रष्टाचार उजागर होगा। साथ ही साथ ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव का एक बड़ा फर्जीवाड़ा भी खुलकर सामने आ जाएगा।

इस संबंध में जब ग्राम प्रधान सैदीपुर हरैया से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो उनका फोन ही नहीं उठा जिससे उनके पक्ष की जानकारी नहीं हो सकी। वहीं ग्राम पंचायत सचिव का फोन ना उठने के चलते उनका पक्ष भी नहीं मिल सका।

## ब्रम्ह के ब्रम्ह को जानना ही असली मनुष्य की भक्ति है, ब्रम्ह कुमारी सुनीता देवी



**गोला गोकर्णनाथ खीरी,** विगत कई वर्षो से ऐतिहासिक चैती मेले मे अपनी सेवा को जन जन तक पहुंचा रही संस्था ब्रम्ह कुमारी ईश्वरीय कार्यक्रम का आयोजन विगत दिनांक 16 मार्च को चैती मेला के उद्घाटन के साथ साथ इस संस्था का उद्घाटन जिला अधिकारी लखीमपुर खीरी व पुलिस अधीक्षक खीरी नगर पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू की अगुवाई मे बहन कुमारी सुनीता देवी के कर कमलो द्वारा किया गया था, जिसका मुख्य उद्देश्य है कि सभी सोये हुये हिन्दुओ को जगाना और उनमे ईश्वर के प्रति प्रेम भक्ति और विश्वास पैदा करना,व सभी प्रणीयो को ब्रम्ह को जानना,वहन कुमारी सुनीता ने बताया कि ब्रम्हा के ब्रम्ह को जानलेना ही ईश्वर की सच्ची भक्ति है,इस अवसर पर माउंट आवू से पधारे विजय राजेश अमित व प्रीती बीके लाला ने अपने विचार रखखे।

## गांव बस्ती चलो अभियान के तहत मनीगढ़ी में भाजपा ने जनकल्याणकारी योजनाओं का किया प्रचार-प्रसार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**टूण्डला-** विधानसभा टूण्डला के अंतर्गत पचोखरा मंडल के गांव मनीगढ़ी में भारतीय जनता पार्टी द्वारा 'गांव बस्ती चलो अभियान' के तहत एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों ने केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी ग्रामीणों को दी और उनके साथ संवाद स्थापित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री एवं प्रदेश में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार द्वारा अनेक ऐसी योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका सीधा लाभ गरीब, किसान, महिला और युवाओं को मिल रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। जिला उपाध्यक्ष शिव शंकर शर्मा ने कहा कि भाजपा का उद्देश्य हर व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाना है, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे। जिला मंत्री पवन चक ने भी सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे आवास, शौचालय, उज्ज्वला, किसान सम्मान निधि आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इस दौरान पचोखरा मंडल अध्यक्ष अजीत जुरेल ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि 'गांव बस्ती चलो अभियान' के माध्यम से भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं और उनकी समस्याओं को सुनकर समाधान का प्रयास कर रहे हैं। कार्यक्रम में किशन शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, लालताप्रसाद, संतोष रावत, मुकेश शर्मा, लोकेश शर्मा, देवेंद्र उपाध्याय, सुभाष दुबे, राहुल रावत, गुड्डू बघेल, विजेंद्र सिंह, डंबर सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने भी अपनी समस्याएं और सुझाव साझा किए, जिस पर पदाधिकारियों ने शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

# मैलानी नगर में ग्राम,बस्ती सम्पर्क कार्यक्रम का अभियान चलाया गया



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मैलानी-खीरी।** उत्तर प्रदेश राज्य के मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ नौ वर्ष पूरे होने पर जगह जगह जाकर उनके कार्यों के बारे में मैलानी नगर की जनता को बताया गया और पत्रक बांटे गए। ग्राम,बस्ती सम्पर्क अभियान के अंतर्गत मैलानी नगर में सेक्टर 01 बूथ संख्या से लेकर 11 तक भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर घर जाकर मैलानी की जनता से सम्पर्क किया और योगी सरकार के 09 वर्ष पूर्ण होने के बाद उनके कार्यों के बारे में बताया गया।इसी के साथ लाभार्थियों और वृद्धजनों को सम्मानित भी किया गया।लाभार्थी और वृद्धजनों का आशीष प्राप्त कर सभी ने जब कार्यों के बारे में बताया तो जनता ने सभी कार्यों की सराहना की और 'हर बार योगी सरकार 'और भारत माता की जय के नारे लगाए। इस अवसर पर अल्प संख्यक जिला उपाध्यक्ष गुरमीत कौर, प्रताप सिंह रावत, सरस्वती धुरिया, शिव गोविंद कुशवाहा, अजीत सक्सेना ,सतीश गुप्ता अमित शर्मा,माधव गोपाल, खूब चंद्र फरहान खान, बूथ अध्यक्षों सहित तमाम भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर दर्दनाक हादसा, अनियंत्रित हुई कार की टक्कर से महिला की मृत्यु



**शिकोहाबाद (फिरोजाबाद)।** लखनऊ एक्सप्रेसवे के माइल स्टोन 52.600 पर गुरुवार शाम 7.30 बजे गेहूं की फसल काटकर घर लौट रही महिला को कार ने टक्कर मार दी। जिससे महिला की मौके पर ही मृत्यु हो गई। टक्कर के बाद कार भी डिवाइडर से टकरा गई। नसीरपुर निवासी 57 वर्षीय गुड्डी देवी अपने खेतों से गेहूं की फसल को काटकर घर लौट रहीं थीं। वह एक्सप्रेसवे पर चढ़कर सड़क पार कर रही थीं। इसी दौरान लखनऊ की ओर से आ रही एक कार ने टक्कर मार दी। जिससे उनकी मृत्यु हो गई। घटना के समय गुड्डी देवी के साथ तीन और महिलाएं भी थीं। वे बाल-बाल बच गईं। इंस्पेक्टर ज्ञानेंद्र सोलंकी ने बताया कि कार को कब्जे में ले लिया है। चालक मौके से भाग गया। चालक की तलाश की जा रही है।

# टूण्डला में सचिन जैन का भव्य स्वागत, भाजपा सोशल मीडिया जिला सह संयोजक बनने पर सम्मान समारोह आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**टूण्डला-** टूण्डला नगर के राजा ग्लास प्रतिष्ठान पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा रहे सचिन जैन को फिरोजाबाद जिले का जिला सह संयोजक (सोशल मीडिया) बनाए जाने पर भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जैन समाज एवं नगरवासियों ने उन्हें माला, पटका पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर जोरदार सम्मान किया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने सचिन जैन को नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं दीं और भाजपा संगठन में जैन समाज के प्रतिनिधित्व को लेकर खुशी और उत्साह व्यक्त किया। लोगों का कहना था कि इससे समाज की भागीदारी और मजबूत होगी तथा संगठन को भी नई ऊर्जा मिलेगी।

इस मौके पर सचिन जैन ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक पद एक नई जिम्मेदारी के साथ आता है। उन्होंने कहा कि पार्टी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के सिद्धांत को आगे बढ़ाते हुए वह पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपने दायित्व का निर्वहन करेंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वह संगठन को मजबूत बनाने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी मेहनत से कार्य करेंगे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजा बाबू



जैन, केशव लाल गार्ड, मयंक जैन, राहुल पाठक, अनुपम दीक्षित, मयंक चौधरी, शुभम चौधरी, देवेंद्र सिंह, शुभम जैन सहित अनेक गणमान्य लोग, नगरवासी एवं जैन समाज के सदस्य मौजूद रहे। समारोह का माहौल उत्साह और खुशी से भरा रहा।

## बेहजम में निकाली गई स्कूल चलो अभियान की रैली




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मितौली खीरी** विकास खंड बेहजम के ब्लॉक परिसर से स्कूल चलो अभियान के तहत एक भव्य रैली निकाली गई। इस रैली में प्राथमिक, उच्च प्राथमिक विद्यालय और राजरानी , कन्हैया इंटर कॉलेज के बच्चों ने भाग लिया। खंड शिक्षा अधिकारी देवेश राय की अगुवाई में निकाली गई इस रैली में ढोल नगाड़ों के साथ स्लोगन लिखी तख्तियों के साथ हजारों की संख्या में बच्चे शामिल हुए। रैली का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी ने ढोलक बजाकर किया। रैली में शामिल बच्चे 'आधी रोटी खाएंगे, स्कूल जरूर जाएंगे, स्कूल चलो अभियान' के नारे लगाते हुए बेहजम कस्बे में भ्रमण किया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी ने नवीन शैक्षिक सत्र में प्रवेश के लिए सभी से अपील की। रैली के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए बेहजम चौकी पुलिस ने रैली को पूरे कस्बे में भ्रमण कराया। इस कार्यक्रम में प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष आरिफ अंसारी, पूर्व शिक्षक मंत्री सुनील गुप्ता, शिक्षामित्र संघ के ब्लॉक अध्यक्ष गौरव शुक्ला, शिक्षक जगदीश मिश्रा, शिक्षक प्रधानाध्यापक दीपक गुप्ता उर्फ राजेश गुप्ता कन्हैया इंटर कॉलेज के उपप्रधानाचार्य अजयपाल सिंह यादव सहित बेहजम ब्लॉक के शिक्षक और महिला शिक्षिकाओं ने अपने-अपने बच्चों के साथ बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।

## बुकिंग के बाद भी नहीं मिले सिलिंडर तो फिरोजाबाद में सड़क पर लेटे उपभोक्ता, लगाया जाम

**जसराना (फिरोजाबाद)।** कस्बा में सब्जी मंडी के निकट स्थित जयराम गैस एजेंसी पिछले तीन दिन से बंद थी। जिससे बुकिंग के बाद भी उपभोक्ताओं को सिलिंडर नहीं मिल पा रहे थे। शुक्रवार सुबह नौ बजे उपभोक्ताओं ने गैस एजेंसी पर ताला बंद देखा तो उनका धैर्य जवाब दे दिया। आक्रोशित उपभोक्ताओं ने एटा मार्ग पर लेट और बैठ कर जाम लगा दिया। एसडीएम ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद जाम समाप्त किया गया। दो घंटे जाम लगा रहा। इस कारण वाहन चालक परेशान हुए। उपभोक्ता कई दिन से घरेलू गैस सिलिंडर के लिए परेशान थे। इसलिए वे ताला बंद देख कर आक्रोशित लोगों ने सड़क पर जाम लगा दिया और कुछ लोग वाहनों के आगे लेट गए। जिससे आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। आसपास रहने वाले लोगों और राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। उपभोक्ताओं का कहना था कि उन्होंने आनलाइन बुकिंग करा रखी है और मोबाइल पर ओटीपी भी प्राप्त हो गया है, इसके बाद भी उन्हें गैस सिलिंडर नहीं दिया जा रहा है।

# सपा प्रतिनिधिमंडल दूसरे पक्ष को बिना सुने लौटा, पीड़ितों में नाराजगी

● **एक हफ्ता पहले जमीन कब्जे को लेकर दो पक्षों में हुई थी मारपीट**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिंगाही-खीरी।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत नौरंगाबाद में जमीन कब्जे को लेकर हुए विवाद और मारपीट के मामले में पहुंचे समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रतिनिधिमंडल पर पक्षपात के आरोप लगे हैं। आरोप है कि प्रतिनिधिमंडल ने एक पक्ष की बात सुनने के बाद दूसरे पक्ष की बात सुने बिना ही वापस लौट गया, जिससे पीड़ित पक्ष में नाराजगी और चिंता व्याप्त है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीते 1 अप्रैल को नौरंगाबाद गांव में जमीन बिक्री के बाद जिन लोगों का उस जमीन से कोई लेना देना नही है उन्होंने जबरन कब्जे को लेकर विवाद खड़ा कर दिया, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। घटना में जमीन मालिक के बेटे की नाक, भाई की आंख और भतीजे के हाथ में गंभीर चोटें आई थीं।

घटना के बाद 2 अप्रैल को वायरल वीडियो और दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने दूसरे पक्ष की ओर से मुकदमा दर्ज कर लिया था।

मामले के नौवें दिन सपा का प्रतिनिधिमंडल गांव पहुंचा, जिसमें जिलाध्यक्ष रामपाल यादव, खीरी सांसद उत्कर्ष वर्मा, पूर्व विधायक आरएस कुशवाहा, पूर्व विधायक आर.एस. उस्मानी, पूर्व जिलाध्यक्ष अनुराग पटेल सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहे। आरोप है कि प्रतिनिधिमंडल ने मौके पर केवल एक पक्ष की बात सुनी और दूसरे पक्ष, जो खुद को पीड़ित बता रहा है, की बात सुने बिना ही वापस लौट गया। इससे पीड़ित पक्ष में असंतोष है और उन्होंने निष्पक्ष सुनवाई की मांग की है। पीड़ितों का कहना है कि यदि उनकी बात सुनी जाती तो मामले की वास्तविक स्थिति सामने आ सकती थी। वहीं, उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

## अम्बेडकर जयंती परशुराम जयती व बैशाखी को लेकर हैदराबाद थाने पर हुई पीस कमेटी की बैठक

● **गोला पुलिस क्षेत्राधिकारी की अध्यक्षता मे की गई पीस कमेटी की बैठक**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोला गोकर्णनाथ खीरी,** आगामी चौदह अप्रैल को पूरे भारत देश मे अम्बेडकर जयंती बडे हर्षोल्लास के साथ मनाई जाती है, हर जगह बडे उत्साह के साथ गाजे बाजे के साथ बाबा भीमराव अम्बेडकर जयंती का उत्सव मनाया जाता है, लोग अम्बेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर हवन कीर्तन कर रात्री को भी जागरण करते है।

जिसके चलते गोला पुलिस क्षेत्राधिकारी रमेश कुमार तिवारी की अध्यक्षता मे व प्रभारी निरीक्षक हैदराबाद की उपस्थित हैदराबाद थाने पर पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया, बैठक मे आये हुये सभी धर्मो के लोगो से पुलिस क्षेत्राधिकारी रमेश कुमार तिवारी ने आपसी भाईचारे व मेल मिलाप कर आगामी चौदह अप्रैल को अम्बेडकर जयंती उत्सव के साथ ही परशुराम जयंती व बैशाखी का उत्सव मनाया जायेगा, इस दौरान कोई नई परंपरा न डाले और शकुशल अम्बेडकर जयंती मनाये, यदि किसी समुदाय के लोगो ने कोई उन्माद व असामाजिकता फैलाने की कोशिश की तो फौरन ही उस पर कार्यवाही की जायेगी, इस दौरान क्षेत्र के ग्राम प्रधान, बीडीसी मेम्बर, क्षेत्र पंचायत सदस्य के सहित ढखबा_लिस चौकी इंचार्ज जय नरायन यादव व पुलिस चौकी चौकी इंचार्ज अजान अशोक कुमार सिंह सहित उप निरीक्षक विनोद कुमार पाण्डेय, खेमेन्द्र सिंह, हेमन्त कटियार के सहित क्षेत्र के तमाम पत्रकार व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## यूपी के बच्चों को अच्छे स्कूल में पढ़ने का सरकार दे रही मौका, 15 अप्रैल के बाद बंद हो जाएंगे फ्री एडमिशन

● **1.97 लाख आवंटित सीटों में से 82 हजार प्रवेश**

● **15 अप्रैल तक प्रवेश की अंतिम तिथि निर्धारित**

● **बीएसए को प्रवेश प्रक्रिया तेज करने के निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखनऊ।** निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम (आरटीई एक्ट) के तहत निजी विद्यालयों में नर्सरी और कक्षा एक में अलाभित व दुर्बल वर्ग के बच्चों के प्रवेश की प्रक्रिया कई जिलों में अभी भी धीमी चल रही है। इस शैक्षिक सत्र में कुल 4,44,771 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 1,97,750 सीटें आवंटित की गईं। इसके बावजूद अब तक सिर्फ करीब 82 हजार बच्चों का ही प्रवेश हो सका है। प्रवेश की अंतिम तिथि 15 अप्रैल तय की गई है, लेकिन मौजूदा स्थिति को देखते हुए सभी आवंटित बच्चों का प्रवेश होना चुनौतीपूर्ण नजर आ रहा है। प्रदेश के कई जिलों में स्थिति चिंताजनक है। बहराइच, औरैया, बलरामपुर, बस्ती, चित्रकूट, इटावा, फर्रुखाबाद, फतेहपुर, गोंडा, हमीरपुर, हाथरस, शाहजहांपुर, संत कबीरनगर, प्रयागराज, मुजफ्फरनगर, मथुरा, महोबा और कानपुर देहात जैसे जिलों में 500 से भी कम बच्चों का प्रवेश हो पाया है। वहीं कुछ जिलों में दाखिले की स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर है। लखनऊ में सबसे अधिक 7952 प्रवेश हुए हैं। इसके बाद बुलंदशहर में 3534, बदायूं में 2733 प्रवेश हुए हैं। कम दाखिले को देखते हुए बेसिक शिक्षा विभाग ने सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों (बीएसए) को सख्त निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत आवंटित बच्चों का हर हाल में स्कूलों में प्रवेश सुनिश्चित करने को कहा गया है। निजी विद्यालयों के साथ समन्वय बढ़ाकर प्रवेश प्रक्रिया तेज करने को कहा गया है।

## मामूली बात पर हुआ झगड़ा, पति ने घर में लगा दी आग

**जसराना (फिरोजाबाद)।** गांव कौरारा बुजुर्ग में गुरुवार दोपहर एक बजे मामूली कहासुनी के बाद पति ने पत्नी को जिंदा जलाने का प्रयास किया। पिटाई से बचने के लिए पत्नी ने स्वयं को कमरे में बंद कर लिया। इसके बाद पति ने घर में आग लगाकर भाग गया। आसपास के लोगों ने आग बुझाकर विवाहिता को बचाया। गुरुवार को राकेश कुमार का पत्नी कुसमा देवी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसी दौरान पति पीटने के लिए पत्नी के पीछे दौड़ा तो उसने स्वयं को एक कमरे में बंद कर लिया। बाहर न आने पर गुस्साए पति ने कमरे के बाहर बरामदे में रखे सामान में आग लगा दी।

# 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' शो में पहली बार विलेन के रोल में आएँगे नज़र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

दया शंकर त्रिपाठी की रिपोर्ट।

**ब्यूरो प्रयागराज।** जो चेहरा हमेशा लोगों को हँसाता रहा है, अब वही छोटे पर्दे पर डर और जादू बिखेरने वाला है। दर्शकों ने के. के. गोस्वामी को हमेशा कॉमेडी रोल्स में पसंद किया है, लेकिन इस बार वे बिल्कुल अलग अंदाज में नज़र आएँगे। सन नियो के शो 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' में वे खंबा नाम के एक बुरे बौने जादूगर का किरदार निभा रहे हैं, जो बदले, बुरी मंशाओं और काले जादू से भरा हुआ है। दर्शकों के लिए उन्हें इस तरह के दमदार विलेन रोल में देखना बिल्कुल नया और रोमांचक होगा। अपने किरदार के बारे में बताते हुए, के. के. गोस्वामी ने कहा, 'यह किरदार मेरे लिए बिल्कुल अलग है और यही बात मुझे सबसे ज्यादा पसंद आई। खंबा एक बुरा बौना जादूगर है, जो दूसरी दुनिया से आता है और उसके अंदर बहुत गुस्सा, बदला और महत्वाकांक्षा है। एक कलाकार के रूप में यह रोल मुझे बहुत कुछ करने का मौका देता है, क्योंकि यह किरदार मेरे द्वारा निभाए गए अन्य किरदारों से बहुत अलग है। इसलिए मैं इसे बहुत एंजॉय कर रहा हूँ। बच्चों के साथ काम करना भी मेरे लिए नया और मजेदार अनुभव है। पहले भी मैंने बच्चों के साथ काम किया है, लेकिन अब सब कुछ बहुत तेज हो गया है और सेट पर एनर्जी भी अलग महसूस होती है।' उन्होंने आगे कहा, 'मैं इस किरदार को बहुत एंजॉय कर रहा हूँ और इसके लिए बहुत उत्साहित हूँ। मुझे खास तौर पर डायरेक्टर्स के साथ काम करना पसंद है, क्योंकि वे सभी को एक्टिव और एनर्जेटिक रखते हैं। पहले काम धीरे और आराम से होता था, लेकिन अब सब कुछ बहुत तेजी और सहजता से होता है। टीम की एनर्जी देखकर मुझे भी नई ऊर्जा और प्रेरणा मिली



है। इस शो ने मुझे यह एहसास दिलाया है कि मैं एक अभिनेता के रूप में और भी बहुत कुछ कर सकता हूँ।'

## संक्षिप्त खबरें

### गंगा में जाल निकालते समय अधेड़ डूबा, देर रात तक चला तलाश अभियान

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के रामपुर गंगा घाट पर गुरुवार देर शाम उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब मछली पकड़ने गए एक अधेड़ व्यक्ति गंगा नदी में डूब गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस और स्थानीय गोताखोरों की टीम ने देर रात तक तलाश अभियान चलाया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक उनका कोई सुराग नहीं लग सका था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रामपुर गांव निवासी रामराज (45) पुत्र संतलाल मल्लाह अपने दो साथियों के साथ पीपा पुल के पश्चिम दिशा में गंगा नदी में मछली पकड़ने गया था। बताया जा रहा है कि मछली पकड़ने के दौरान उनका जाल गहरे पानी में फंस गया। जाल को निकालने के प्रयास में रामराज नदी में कूद पड़े, लेकिन गंगा की तेज धारा और अधिक गहराई के कारण वह संतुलन खो बैठे और देखते ही देखते पानी में समा गए। घटना को देख रहे साथियों ने तत्काल शोर मचाया, जिससे आसपास मौजूद लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। ग्रामीणों की सूचना पर स्थानीय गोताखोरों को बुलाया गया और तत्काल खोजबीन शुरू कराई गई। वहीं, सूचना मिलते ही पीआरबी और गोपीगंज कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और बचाव व तलाश अभियान में जुट गई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, अधेड़ की तलाश के लिए लगातार प्रयास जारी हैं। गोताखोरों की मदद से नदी के संभावित क्षेत्रों में खोजबीन की जा रही है। हालांकि देर रात तक कोई सफलता हाथ नहीं लग सकी थी। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे क्षेत्र में चिंता का माहौल बना हुआ है।

### ऑपरेशन क्लीन के तहत 1.68 करोड़ की अवैध शराब नष्ट

**भदोही।** जनपद में चलाए जा रहे 'ऑपरेशन क्लीन' अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए विभिन्न थानों में दर्ज मामलों से जब्त अवैध शराब का विनष्टीकरण कराया। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में हुई इस कार्रवाई में कुल 142 मुकदमों से बरामद 33,623 लीटर अवैध अंग्रेजी व देशी शराब, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 1 करोड़ 68 लाख 11 हजार 500 रुपये है, नष्ट की गई। जानकारी के अनुसार थाना औराई में 6,957 लीटर, थाना गोपीगंज में 26,482 लीटर तथा थाना ज्ञानपुर में 184 लीटर अवैध शराब जब्त की गई थी। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में इन सभी को नियमानुसार विनष्टीकरण कराया गया। यह कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में तथा प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में थाना ऊंज क्षेत्र के नौधन यार्ड स्थित खाली मैदान में संपन्न हुई। इस दौरान उपजिलाधिकारी ज्ञानपुर, क्षेत्राधिकारी ज्ञानपुर, जिला आबकारी अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। पुलिस विभाग ने स्पष्ट किया कि अवैध शराब के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और इस तरह की गतिविधियों में लिप्त लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### शवदाहगृह बना भ्रष्टाचार की भेंट, एक साल में ही जर्जर हालत- ग्राम पंचायत दुगुना का मामला




**सीतामढ़ी।** विकास खंड डीघ के ग्राम पंचायत दुगुना में विकास कार्यों में कथित भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। यहां निर्मित शवदाहगृह (सामुदायिक भवन) महज एक वर्ष के भीतर ही जर्जर अवस्था में पहुंच गया है, जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार, लाखों रुपये की लागत से बने इस शवदाहगृह की दीवारें जगह-जगह से सरकने लगी हैं और प्लास्टर झड़ रहा है। भवन की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि इसका उपयोग करना भी मुश्किल हो गया है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि जिस भवन का उपयोग सामुदायिक कार्यों के लिए होना था, वह आज गंदगी का अंबार बन चुका है। शवदाहगृह के अंदर पशुओं का चारा, कूड़ा-कबाड़ और अन्य बेकार सामान भरा हुआ है, जिससे यह पूरी तरह अनुपयोगी हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण के दौरान मानकों की अनदेखी की गई और घटिया सामग्री का प्रयोग किया गया, जिसके कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की लापरवाही और भ्रष्टाचार पर रोक लगाई जा सके।

# उर्वरको का वितरण फार्मर रजिस्ट्री के आधार पर किया जाएगा

**● कालाबाजारी पूर्णत प्रतिबंध है,किसी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** जिलाधिकारी शैलेष कुमार की अध्यक्षता में जनपद के समस्त थोक उर्वरक विक्रेताओं, निजी उर्वरक विक्रेताओं एवं सहकारी समितियों के सचिवों के साथ उर्वरक उपलब्धता एवं वितरण के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में किसानों को समयबद्ध, पारदर्शी एवं नियंत्रित तरीके से उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने समस्त उर्वरक विक्रेता किसानों को उर्वरक का वितरण अनिवार्य रूप से फार्मर रजिस्ट्री के आधार पर ही सुनिश्चित करेंगे। साथ ही, उर्वरक का वितरण किसानों की जोत (भूमि क्षेत्रफल) के अनुसार किया जाएगा। प्रति हेक्टेयर अधिकतम 5 बोरी डीएपी एवं 7 बोरी उर्वरक (निर्धारित मानकों के अनुसार) वितरित किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी दशा में उर्वरक की कालाबाजारी नहीं की जाएगी। निर्धारित सीमा से अधिक उर्वरक वितरण करने अथवा अनियमितता पाए जाने पर संबंधित विक्रेता के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि फर्जी तरीके से उर्वरक वितरण पाए जाने पर फर्टिलाइजर कंट्रोल ऑर्डर के प्रावधानों के अंतर्गत विधिक कार्यवाही की जाएगी।

मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ला ने किसानों के बीच नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के उपयोग को बढ़ावा देने के निर्देश दिए गए। उप कृषि निदेशक ने निर्देशित किया कि यूरिया की अनावश्यक बिक्री को कम किया जाए, जिससे सरकार पर पड़ने वाले अतिरिक्त सब्सिडी भार को नियंत्रित किया जा सके। जिला कृषि अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि किसी भी उर्वरक विक्रेता द्वारा रात्रि 8 बजे के पश्चात पीओएस मशीन के माध्यम से उर्वरक की बिक्री नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी संबंधित अधिकारियों एवं विक्रेताओं को निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ला उपनिदेशक कृषि डॉ अश्वनी सिंह जिला कृषि अधिकारी इरम,पी सी एफ, सहकारिता, समितियां के सचिव,थोक विक्रेता एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## नगर पालिका परिषद भदोही का बजट पास, विकास कार्यों को मिलेगी नई रफ्तार

**भदोही।** नगर के विकास को नई दिशा देने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद भदोही की बोर्ड बैठक में आगामी वित्तीय वर्ष का बजट प्रस्तुत कर उसे पारित कर दिया गया। बैठक में नगर के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने और जनसुविधाओं के विस्तार पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में अधिशासी अधिकारी धर्मराज सिंह ने पिछला बजट पेश करते हुए प्रस्तावित बजट की रूपरेखा रखी, जिसे अधिकांश सभासदों की सहमति से पास कर दिया गया। हालांकि इस दौरान सभासद अरविंद मौर्य और अजय दुबे ने बजट के विभिन्न मदों और खर्चों पर सवाल उठाते हुए अपनी असहमति भी दर्ज कराई। नगर पालिका अध्यक्ष नरगिस अतहर अंसारी ने सकारात्मक बयान देते हुए कहा कि यह बजट नगर के समग्र विकास को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि साफ-सफाई, सड़क, जलनिकासी सहित सभी मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने पर प्राथमिकता दी जाएगी, जिससे नगरवासियों को सीधा लाभ मिलेगा। बैठक में सभी सभासद उपस्थित रहे और नगर के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। अध्यक्ष ने सभी से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही नगर का संतुलित और तेज विकास संभव है।

## हिन्दू नववर्ष पर आर्यनगर में भव्य कवि सम्मेलन सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोण्डा।** हिन्दू नववर्ष के पावन अवसर पर आर्यनगर में आयोजित भव्य कवि सम्मेलन देर रात तक काव्य रस की सरिता बहाता रहा। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि श्रवण कुमार शुक्ला एवं प्रबंधक श्रीमती रामकुमारी इंटर कॉलेज आर्यनगर द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। साथ ही सभी कवियों को माला व अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मनीषा देवी द्वारा सरस्वती वंदना 'उर में तम अधियार भरा है, ज्योति जलाओ सरस्वती मां' से हुई। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि के.के. सिंह 'दीप' ने की, जबकि संचालन देशराज मधुसूदन ने प्रभावशाली अंदाज में किया। उन्होंने अपनी पंक्तियों 'सफर कठिन है गुजरना मगर चुनौती है, जिंदगी जंग है तो जंग ये जारी रखिए' से श्रोताओं में उत्साह भर दिया।

रायबरेली से पधारे मधुप श्रीवास्तव 'नर कंकाल' ने हास्य व्यंग्य से श्रोताओं को खूब गुदगुदाया, वहीं हरदोई के कुमार मनुज ने अपने गीतों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मनकापुर के केदारनाथ मिश्र ने हास्य रचनाओं से तालियां बटोरीं। शिवेंद्र प्रताप सिंह ने समसामयिक विषयों पर तंज कसा। फुलवारी पब्लिक स्कूल के प्रबंधिका नीता सिंह 'नवल' ने 'गीत क्या और सावन तुम्हारे बिना' व गजलें प्रस्तुत कर भावुक माहौल बनाया। आरती चतुर्वेदी, शैलेन्द्र सागर सहित अन्य कवियों ने भी अपनी-अपनी विधाओं में काव्य पाठ कर कार्यक्रम को सफल बनाया। संयोजक वी.पी. सिंह 'वत्स' ने अपने व्यंग्यपूर्ण अंदाज में 'चाय चलेगी या फिर लोगे इंग्लिश व्हिस्की बियर, ओह माय डियर हैप्पी न्यू ईयर' सुनाकर खूब तालियां बटोरीं। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अमर सिंह एवं दीप दूबे रहे। आयोजन समिति में डॉ. ओ.पी. मिश्रा, डॉ. वी.के. शुक्ला, अनुज सिंह, अजय तिवारी 'चुच्चू', पंकज पांडेय, अंगद दीक्षित, काली प्रसाद दूबे, नीरज सिंह, इन्द्रसेन शुक्ला, रमेश शुक्ला, रामकिशोर सोनी, सुरेन्द्र प्रेमी, रिंकू राठौर, सुनील भारती, पुनीत चतुर्वेदी, बाबूराम वर्मा, नारायण कसौधन, नरसिंह नारायण पांडेय, अमित सिंह, बबलू सिंह, प्रधान पिंटू सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कवि सम्मेलन देर रात तक चलता रहा और श्रोताओं ने काव्य रस का भरपूर आनंद लिया।

## एसआईआर के तहत अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित, 11.06 लाख मतदाता दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 (एसआईआर) के तहत जनपद की अंतिम निर्वाचक नामावली का प्रकाशन कर दिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेष कुमार द्वारा शुक्रवार को मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सभी विधानसभाओं की बूथवार मतदाता सूची की सॉफ्ट व हार्ड कॉपी उपलब्ध कराई गई।

प्रेस वार्ता के दौरान डीईओ ने बताया कि अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची में कुल 83,332 नए मतदाताओं के नाम जोड़े गए हैं, जबकि 4,147 नाम मृतक, स्थानांतरण एवं डुप्लीकेट होने के कारण हटाए गए हैं। इसके साथ ही जनपद में कुल मतदाताओं की संख्या बढ़कर 11,06,189 हो गई है, जिसमें 5,99,497 पुरुष, 5,06,642 महिला एवं 50 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची एक सप्ताह तक जनपद के सभी मतदान केंद्रों, तहसील कार्यालयों (मतदाता पंजीकरण केंद्र) तथा जिला निर्वाचन कार्यालय में निःशुल्क निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेगी। इसके अलावा मतदाता सूची जनपद की आधिकारिक वेबसाइट पर भी देखी जा सकती है। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील की कि वे अपने संबंधित बूथ या ऑनलाइन माध्यम से अपना नाम अवश्य जांच लें। यदि किसी कारणवश नाम सूची में शामिल नहीं हो पाया हो तो संबंधित व्यक्ति फार्म-6 भरकर बूथ लेवल अधिकारी या निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के पास जमा कर सकता है, अथवा वेबसाइट या के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी कुंवर वीरेन्द्र मौर्य सहित विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## रामपुर पीपा पुल पर आवागमन बहाल, लोगों को मिली राहत

**गोपीगंज।** रामपुर गंगा घाट पर बने पीपा पुल पर शुक्रवार को आवागमन पुनः शुरू हो गया, जिससे क्षेत्रीय लोगों ने राहत की सांस ली। मंगलवार रात आए आंधी-तूफान के कारण पुल क्षतिग्रस्त हो गया था और आवागमन पूरी तरह बंद कर दिया गया था। पुल बंद होने से गंगा पार आने-जाने वाले लोगों, किसानों और व्यापारियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। लोग मजबूरी में स्टीमर के सहारे आवागमन कर रहे थे। क्षतिग्रस्त पुल के प्रारंभिक हिस्से में लगे पाइप और गार्डर हिल जाने के कारण समस्या उत्पन्न हुई थी। मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने तत्काल मरम्मत कार्य शुरू किया, लेकिन बुधवार को पीपा की कमी के कारण कार्य प्रभावित हुआ। इसके बाद आवश्यक पीपा प्रयागराज से मंगवाया गया। शुक्रवार को पीपा पहुंचने के बाद कर्मचारियों ने अथक प्रयास करते हुए मरम्मत कार्य पूरा कर आवागमन बहाल कर दिया। पुल चालू होने से स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिली है। मेठ रामदुलार ने बताया कि सभी तकनीकी खामियों को दुरुस्त कर पुल को सुचारु रूप से चालू कर दिया गया।

## डिजिटल जनगणना 2027 की तैयारी तेज, 7 मई से शुरू होगी स्व-गणना प्रक्रिया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** डिजिटल जनगणना 2027 को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। जिलाधिकारी शैलेष कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनप्रतिनिधियों व मीडिया के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें जनगणना की नई डिजिटल प्रक्रिया की जानकारी दी गई। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल और सुगम होगी।

आम नागरिक 7 मई से 21 मई 2026 के बीच आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से स्वयं (स्व-गणना) अपनी और अपने परिवार की जानकारी दर्ज कर सकेंगे। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि इस सुविधा का अधिकतम उपयोग कर राष्ट्र निर्माण के इस महाअभियान में भागीदारी सुनिश्चित करें।

जनगणना कार्य में लगे प्रगणक और पर्यवेक्षक ॥स्ह ऐप के माध्यम से मकान सूचीकरण एवं आवास संबंधी सभी आंकड़े रियल-टाइम दर्ज करेंगे। वहीं जो लोग स्वयं गणना नहीं कर पाएंगे, उनके लिए 22 मई से 20 जून 2026 तक घर-घर जाकर गणना की जाएगी। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि 15 अप्रैल तक सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं, जिसमें प्रगणना खंडों का चयन, बाउंड्री निर्धारण, जियो टैग मैपिंग तथा प्रगणकों व सुपरवाइजरों की नियुक्ति शामिल है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनगणना कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने प्रशिक्षण सत्र समय से पूरा कराने, प्रगणकों को तकनीकी रूप से दक्ष बनाने तथा ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में व्यापक जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए, ताकि कोई भी परिवार गणना से वंचित न रहे। बैठक में जिला जनगणना अधिकारी/अपर जिलाधिकारी कुंवर वीरेन्द्र मौर्य सहित संबंधित अधिकारी एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सुरियावां रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का अभाव, बैठने के इंतज़ाम बदहाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सुरियावां।** वाराणसी जंघई प्रयागराज रेल मार्ग पर स्थित सुरियावां रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को मूलभूत सुविधाओं के अभाव से जूझना पड़ रहा है। स्टेशन पर शौचालय की व्यवस्था न होने के कारण यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है, वहीं प्लेटफार्म नंबर दो पर यात्रियों के बैठने की व्यवस्था भी बदहाल स्थिति में है। बताया जा रहा है कि प्लेटफार्म पर यात्रियों के लिए बनाए गए कई बैठका (बेंच) या तो पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं या फिर कई स्थानों से गायब हो गए हैं। कुछ जगहों पर केवल टीनशेड लगा हुआ है, लेकिन वहां बैठने के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। ऐसे में ट्रेन का इंतजार करने वाले यात्रियों को खड़े होकर या जमीन पर बैठकर समय बिताना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आने वाले अप्रैल और मई महीने में पडने़ वाली भीषण गर्मी के दौरान यात्रियों की मुश्किलें और बढ़ जाएंगी। स्टेशन पर पेयजल और बैठने की समुचित व्यवस्था न होने से यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। गौरतलब है कि सुरियावां भदोही जनपद का एक प्रमुख व्यापारिक केंद्र है और यहां से रोजाना बड़ी संख्या में व्यापारी तथा आम यात्री आवागमन करते हैं। इसके अलावा इस स्टेशन पर दर्जनों ट्रेनों का ठहराव भी होता है, जिससे प्रतिदिन सैकड़ों यात्रियों का आना-जाना लगा रहता है। क्षेत्र के निशांत कुमार पाठक, सचिन कुमार मिश्रा, सूरज कुमार पाण्डेय, विशाल कुमार पाण्डेय, कृष्णकांत, रोहित सरोज, लोकेश सेठ और नितेश भोजवाल समेत कई यात्रियों ने रेलवे प्रशासन से मांग की है कि गर्मी को देखते हुए जल्द से जल्द स्टेशन पर पेयजल, शौचालय और बैठने की समुचित व्यवस्था दुरुस्त कराई जाए, ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।




## सीएम डैशबोर्ड विकास कार्यों के रैंकिंग में जनपद भदोही ने प्रदेश में प्राप्त किया 11 वां स्थान

**● टीमवर्क और बेहतर मॉनिटरिंग का असर, भदोही ने रचा विकास का नया कीर्तिमान**

**योजनाओं में शानदार प्रदर्शनः 96.40% प्रगति के साथ भदोही बना प्रदेश में प्रेरणा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**भदोही:-** जनपद भदोही ने विकास कार्यों के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए माह मार्च 2026 के सी0एम0 डैशबोर्ड (विकास कार्य)में प्रदेश स्तर पर 11वां स्थान प्राप्त किया है। जो वित्तीय वर्ष 2025- 26 की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है! माह जनवरी 2026 में 15वीं एवं फरवरी 2026 में 16वां स्थान जनपद को प्रदेश में प्राप्त हुआ था। यह उपलब्धि जनपद प्रशासन की प्रभावी कार्यप्रणाली, सतत मॉनिटरिंग एवं टीमवर्क का परिणाम है। जनपद ने विभिन्न विभागीय योजनाओं एवं विकास कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार जनपद की कुल प्रगति 96.40 प्रतिशत दर्ज की गई है, जिसमें 72 इंडिकेटर/ योजनाओं में A ग्रेड, 5 इंडिकेटर में बी ग्रेड प्राप्त करते हुए बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित किया गया। स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण विकास, ऊर्जा, कृषि, सामाजिक कल्याण एवं बुनियादी ढांचे से संबंधित योजनाओं में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है।

विशेष रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), मनरेगा, जल जीवन मिशन, विद्युत आपूर्ति, छात्रवृत्ति योजनाएं, पेंशन योजनाएं तथा विभिन्न कृषि योजनाओं में जनपद ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कई योजनाओं में 100 प्रतिशत या उससे अधिक लक्ष्य की प्राप्ति दर्ज की गई है, जो जनपद की कार्यकुशलता को दर्शाता है।

इस उल्लेखनीय उपलब्धि का श्रेय जिलाधिकारी शैलेष कुमार के कुशल नेतृत्व, मार्गदर्शन एवं सतत समीक्षा बैठकों को जाता है। जिलाधिकारी द्वारा सभी विभागों के अधिकारियों के साथ नियमित समन्वय स्थापित कर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया गया। उनके निर्देशन में जनपद स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने टीम भावना के साथ कार्य करते हुए यह सफलता प्राप्त की है। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने इस उपलब्धि पर समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए निर्देशित किया कि भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट कार्य करते हुए जनपद को शीर्ष स्थानों पर लाने का प्रयास जारी रखा जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जनपद के विकास कार्यों में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। जनपद भदोही की यह उपलब्धि प्रदेश स्तर पर एक प्रेरणादायक उदाहरण है, जो यह दर्शाती है कि समन्वित प्रयास, प्रभावी नेतृत्व एवं जनहित के प्रति प्रतिबद्धता से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

## ससुराल में दामाद पर जानलेवा हमला, जिला अस्पताल रेफर

**सोने की चैन, अंगूठी और मोबाइल लूटने का भी आरोप; चार के खिलाफ केस दर्ज**



**भदोही।** औराई कोतवाली क्षेत्र के हुसैनीपुर महाराजगंज बाजार में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां ससुराल पहुंचे दामाद पर कथित रूप से जानलेवा हमला कर दिया गया। आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोगों ने लाठी-डंडे और लोहे की रॉड से हमला कर युवक को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, वाराणसी जनपद के सारनाथ थाना क्षेत्र स्थित खालिसपुर गांव निवासी रणजीत कुमार जायसवाल (39) पुत्र जगदीश प्रसाद जायसवाल ने औराई कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उनकी शादी 2 मार्च 2020 को हुसैनीपुर गांव निवासी रमाशंकर जायसवाल की पुत्री खुशबू के साथ धूमधाम से हुई थी। रणजीत मर्चेंट नेवी में कार्यरत हैं और उनका एक पांच वर्षीय पुत्र भी है।

पीड़ित के अनुसार, वह हाल ही में छुट्टी पर घर आए थे। इसी दौरान उनकी सास का फोन आया, जिसमें खुशबू को मायके छोड़ने के लिए कहा गया, यह कहते हुए कि परिवार वैष्णो देवी यात्रा पर जा रहा है और खुशबू को भी साथ ले जाएंगे। इस पर रणजीत 6 अप्रैल 2026 को अपनी पत्नी खुशबू और छोटे भाई अमित के साथ कार से ससुराल के लिए रवाना हुए। सुबह लगभग साढ़े नौ बजे जैसे ही वे हुसैनीपुर स्थित ससुराल पहुंचे, खुशबू कार से उतरकर सीधे घर के अंदर चली गई। आरोप है कि इसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे ससुराल पक्ष के लोगों ने रणजीत और उनके भाई अमित पर अचानक हमला बोल दिया। हमलावरों ने लाठी-डंडों और रॉड से ताबड़तोड़ वार कर दोनों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल अस्पताल भिजवाया। रणजीत की हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उनका इलाज जारी है। पीड़ित रणजीत ने आरोप लगाया है कि मारपीट के दौरान हमलावरों ने उनके गले से सोने की चैन, उनके भाई अमित की चैन, अंगूठी और मोबाइल भी लूट लिया। साथ ही उन्होंने यह भी आशंका जताई कि ससुराल पक्ष उन्हें झूठे दहेज उत्पीड़न के मामले में फंसाने की साजिश कर सकता है, क्योंकि पहले भी उन्हें इस तरह की धमकियां दी जा चुकी हैं। इस मामले में औराई पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर दुर्गेश जायसवाल, रमाशंकर जायसवाल, भाग्यश्री और जयशंकर के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की गहन जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं, इस घटना के बाद इलाके में दहशत और चर्चा का माहौल बना हुआ है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत अनन्तपुर वि. खं. रूपईडीह जिला गोण्डा**

**पत्रांक मेमो/टेंडर/विविध 2026-27** **दिनांक 08-04-2026**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत अनन्तपुर में 2026 -27 में VB-RAM G/ पंचम /15वां/16वां केंद्रीय वित्त आयोग, ओ डी एफ प्लस /राष्ट्रीय ग्राम अभियान अधिनियम, सामुदायिक शौचालय निर्माण व मरम्मत, गौशाला, बरात घर, अंत्येष्टि स्थल, पंचायत भवन निर्माण व मरम्मत, विद्यालय का कायाकल्प, आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण व मरम्मत ,खडंजा निर्माण, इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण, सीसी रोड निर्माण, नाली निर्माण, शोक फिट निर्माण इत्यादि स्वीकृति परियोजना पर मय भाड़ा सहित निम्न सामग्रियों की आपूर्ति कार्यालय स्थल पर करने हेतु पंजीकृत फर्मों से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं आपूर्ति किए गए सामग्री के गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर प्रस्तुत की गई बिल का भुगतान करना संभव न होगा टेंडर फॉर्म किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मों से दिनांक 24/04/2026 तक समय दिन के 02:00 बजे तक टेंडर निविदा फार्म बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है निविदा फार्म उक्त तिथि को अपराहन 03:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी प्राप्त निविदा में न्यूनतम दर की फॉर्म को स्वीकृत प्रदान की जाएगी निविदा को स्वीकृति तथा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा इस हेतु कोई कारण किसी भी फॉर्म को संसूचित नहीं किया जाएगा।

**क्रमशः सामग्री का नाम**

1.सीमेंट 2. प्रथम श्रेणी 3. ईट की रोड 40 एम एम 5 .स्थानीय बालू 6. पत्थर गिट्टी 20एम एम,7. मोरंग 8.सीधा खंजर ईट,9. सरिया 10.एंगल चौखट 11. लोहे का दरवाजा 12.प्लाईवुड दरवाजा 13.विद्युत फिटिंग सामग्री हेतु समस्त सामग्री 14. ह्यूम पाइप ( सभी साइज)15. लोहे की जाली 16.पेंटिंग के समस्त सामग्री 17.कुड़ादान/डस्टबिन18. टिन शेड, 19.इंटरलॉकिंग ईट 20,साइन बोर्ड 21. इंडियामार्का हैंडपंप में प्रयुक्त होने वाले समस्त सामग्री 22.लोकल मिट्टी 23.प्लंबरिग कार्य में प्रयुक्त होने वाले समस्त सामग्री24. शौचालय में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 25 .पीवीसी पाइप 26 .गेट 27. लोहे का एंगल 28 .कचरा वाहन ई रिक्शा 29. प्लास्टिक बैग 30.स्टाइल 31. एलईडी लाइट एवं सोलर लाइट 32 आरसी सीमेंट बैंच 33 वाटर कूलर 34.दीवाल टाइल्स फार्म टाइल्स 35. समर पंप में मजदूरी 36. ओपन जिम 37 .प्राथमिक विद्यालय बेंच 38. ग्राम पंचायत प्रयुक्त होनी स्टेशनरी कुर्सी मेज 39.अन्य वंचित सामग्री।

**प्रधान**
**अनीता देवी**
**ग्राम पंचायत अनन्तपुर**
**वि. खं. रूपईडीह जिला गोंडा**

**सचिव**
**नंदिनी मौर्या**
**ग्राम पंचायत अनन्तपुर वि. खं.**
**रूपईडीह जिला गोंडा**

**कार्यालय ग्राम पंचायत परसपुर एलहवा वि. खं. रूपईडीह जिला गोण्डा**

**पत्रांक मेमो/टेंडर/विविध 2026-27** **दिनांक 08-04-2026**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत परसपुर एलहवा में 2026 -27 में VB-RAM G/ पंचम /15वां/16वां केंद्रीय वित्त आयोग, ओ डी एफ प्लस /राष्ट्रीय ग्राम अभियान अधिनियम, सामुदायिक शौचालय निर्माण व मरम्मत, गौशाला, बरात घर, अंत्येष्टि स्थल, पंचायत भवन निर्माण व मरम्मत, विद्यालय का कायाकल्प, आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण व मरम्मत, खडंजा निर्माण, इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण, सीसी रोड निर्माण, नाली निर्माण, शोक फिट निर्माण इत्यादि स्वीकृति परियोजना पर मय भाड़ा सहित निम्न सामग्रियों की आपूर्ति कार्यालय स्थल पर करने हेतु पंजीकृत फर्मों से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं आपूर्ति किए गए सामग्री के गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर प्रस्तुत की गई बिल का भुगतान करना संभव न होगा टेंडर फॉर्म किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मों से दिनांक 24/04/2026 तक समय दिन के 02:00 बजे तक टेंडर निविदा फार्म बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है निविदा फार्म उक्त तिथि को अपराहन 03:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी प्राप्त निविदा में न्यूनतम दर की फॉर्म को स्वीकृत प्रदान की जाएगी निविदा को स्वीकृति तथा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा इस हेतु कोई कारण किसी भी फॉर्म को संसूचित नहीं किया जाएगा।

**क्रमशः सामग्री का नाम**

1.सीमेंट 2. प्रथम श्रेणी 3. ईट की रोड 40 एम एम 5 .स्थानीय बालू 6. पत्थर गिट्टी 20एम एम,7. मोरंग 8.सीधा खंजर ईट, 9. सरिया 10.एंगल चौखट 11. लोहे का दरवाजा 12.प्लाईवुड दरवाजा 13.विद्युत फिटिंग सामग्री हेतु समस्त सामग्री 14.ह्यूम पाइप (सभी साइज)15. लोहे की जाली 16.पेंटिंग के समस्त सामग्री 17. कुड़ादान/डस्टबिन18. टिन शेड, 19. इंटरलॉकिंग ईट 20,साइन बोर्ड 21. इंडियामार्का हैंडपंप में प्रयुक्त होने वाले समस्त सामग्री 22.लोकल मिट्टी 23.प्लंबरिग कार्य में प्रयुक्त होने वाले समस्त सामग्री24. शौचालय में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 25 .पीवीसी पाइप 26 .गेट 27. लोहे का एंगल 28 .कचरा वाहन ई रिक्शा 29. प्लास्टिक बैग 30.स्टाइल 31. एलईडी लाइट एवं सोलर लाइट 32 आरसी सीमेंट बैंच 33 वाटर कूलर 34.दीवाल टाइल्स फार्म टाइल्स 35. समर पंप में मजदूरी 36. ओपन जिम 37 .प्राथमिक विद्यालय बेंच 38. ग्राम पंचायत प्रयुक्त होनी स्टेशनरी कुर्सी मेज 39.अन्य वंचित सामग्री।

**प्रधान**
**ममता देवी**
**ग्राम पंचायत परसपुर एलहवा**
**वि. खं. रूपईडीह जिला गोंडा**

**सचिव**
**नंदिनी मौर्या**
**ग्राम पंचायत परसपुर एलहवा**
**वि. खं. रूपईडीह जिला गोंडा**

## संक्षिप्त खबरें

### क्षेत्र पंचायत सुरियावा की बैठक संपन्न



**सुरियावा** शुक्रवार 10 अप्रैल 2026 को खंड विकास कार्यालय के सभागार में क्षेत्र पंचायत सुरियावा की बैठक ब्लॉक प्रमुख अनिता गौतम व खंड विकास अधिकारी ब्रजेश नारायण तिवारी की अध्यक्षता संपन्न हुआ जिसमें क्षेत्र पंचायत सदस्यों से अपने अपने क्षेत्र के विकास कार्यों के संबंध में प्रस्ताव मांगे गए तथा विकास कार्यों पर चर्चा किया गया और खंड विकास अधिकारी द्वारा फार्मर रजिस्ट्री स्वास्थ्य संबंधित संचारी रोगों पर तथा वृद्धा विधवा पेंशन आवास सहित विषयों पर चर्चा पर लोगों को इसके बारे में जानकारी दिया गया इस मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि नीतीश त्रिपाठी एडियो आईएसबी वीरेंद्र कुमार एडियो सहकारिता राहुल एडियो समाज कल्याण मुरलीधर प्रजापति नागेंद्र कुमार सहित ग्राम विकास/ग्राम पंचायत अधिकारी क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं ब्लॉक कर्मी उपस्थित रहे।

### इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा का इस्तीफा, कैश कांड में आया था नाम



**ब्यूरो प्रयागराज-** इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा ने राष्ट्रपति को अपना इस्तीफा सौंप दिया है. इससे पहले उनके आवास पर कथित तौर पर कैश मिलने को लेकर हुए विवाद के बाद, उनका दिल्ली हाई कोर्ट से वापस इलाहाबाद तबादला कर दिया गया था. उन्होंने 5 अप्रैल 2025 को शपथ ली थी और फिलहाल उनके खिलाफ आरोपों के संबंध में एक आंतरिक जाँच चल रही है।

### आईएएस सौम्या अग्रवाल प्रयागराज कमिश्नर को मिली नई जिम्मेदारी

**भारत सरकार में संयुक्त सचिव बनाई गई**



**ब्यूरो प्रयागराज-** प्रशासनिक सेवा में उत्कृष्ट कार्यशैली और कुशल नेतृत्व के लिए जानी जाने वाली 2008 बैच की आईएएस अधिकारी सौम्या अग्रवाल को भारत सरकार में संयुक्त सचिव पद पर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति न केवल उनके प्रशासनिक अनुभव और कार्यकुशलता का सम्मान है, बल्कि प्रयागराज समेत पूरे प्रदेश के लिए गर्व का विषय भी है। प्रयागराज मंडलायुक्त (कमिश्नर) के रूप में कार्यरत रहते हुए सौम्या अग्रवाल ने कई महत्वपूर्ण योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया। उनके नेतृत्व में जनकल्याणकारी योजनाओं की गति तेज हुई और प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक पारदर्शी एवं उत्तरदायी बनाया गया। विशेष रूप से कानून-व्यवस्था, विकास कार्यों की निगरानी और जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण में उनकी भूमिका सराहनीय रही।

### गोवंश से लदी डीसीएम पलटी, कई पशुओं की दर्दनाक मौत

**प्रयागराज।** जनपद के होलागढ़ थाना क्षेत्र में शनिवार को एक बड़ा हादसा सामने आया, जहां गोवंश से लदी एक डीसीएम गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। यह दुर्घटना पश्चिम नारा गांव के समीप हुई, जिसमें कई गोवंशों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज रफ्तार में जा रही डीसीएम अचानक संतुलन खो बैठी और सड़क किनारे पलट गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और राहत कार्य में जुट गए। सूचना मिलते ही होलागढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने घायल गोवंशों को उपचार के लिए भेजने की व्यवस्था की, वहीं मृत पशुओं को हटाने की कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जांच में वाहन की तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे का मुख्य कारण माना जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और यह भी पता लगाया जा रहा है कि गोवंशों को कहां से और किस उद्देश्य से ले जाया जा रहा था। घटना के बाद क्षेत्र में पशु तस्करी को लेकर भी चर्चाएं तेज हो गई हैं।

# भारत के चुनावी इतिहास में पहली बार होगी ईवीएम की जांच, बॉम्बे हाई कोर्ट ने दी इजाजत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज-** भारत के चुनावी इतिहास में पहली बार बॉम्बे हाई कोर्ट ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की जांच और निरीक्षण की अनुमति दी है. यह आदेश जस्टिस सोमशेखर सुंदरेसन की ओर से दिया गया. इस मामले में याचिकाकर्ता कांग्रेस वर्किंग कमेटी के आमंत्रित सदस्य और पूर्व महाराष्ट्र मंत्री नसीम खान हैं, जबकि प्रतिवादी शिवसेना विधायक दिलीप लांडे हैं. 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में दिलीप लांडे (एकनाथ शिंदे गुट की शिवसेना) ने मुंबई उपनगर जिले की चांदीवली सीट से नसीम खान को हराया था। चुनाव के बाद लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने ईवीएम में छेड़छाड़ और वोट चोरी के आरोप लगाए थे। अदालत के आदेश में कहा गया कि जैसे ही आवेदक की ओर से EVM जांच की अनुमति का आदेश जारी किया जाएगा, भारतीय चुनाव आयोग दो महीने के भीतर मशीनों का निरीक्षण पूरा करेगा. नसीम खान ने कहा कि भारत के इतिहास में अब तक चुनाव के बाद उम्मीदवारों और अधिकारियों की मौजूदगी में EVM की जांच नहीं हुई है. उन्होंने इसे 'ऐतिहासिक आदेश और आवश्यक न्यायिक हस्तक्षेप' बताया.16 और 17 अप्रैल को मुंबई में 'डायग्नोस्टिक चेक' किया जाएगा। मुंबई उपनगर जिले की डिप्टी रिटर्निंग ऑफिसर अर्चना कदम ने जानकारी दी कि 16 और 17 अप्रैल को मुंबई में ईवीएम निर्माता भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बेंगलुरु) द्वारा केवल 'डायग्नोस्टिक चेक' किया जाएगा। कांग्रेस पार्टी ने अपने उम्मीदवारों से अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में ईवीएम और VVPAT (वोटर वेरिफायबल पेपर ऑडिट ट्रेल) यूनिट्स की जांच की मांग करने को कहा था. दरअसल, कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन के करीब दो दर्जन उम्मीदवारों ने ईवीएम की विश्वसनीयता को लेकर चिंता जताई थी। सुप्रीम कोर्ट के अप्रैल 2024 के फैसले का हवाला देते हुए नसीम खान ने कहा कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 5% ईवीएम (कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट और VVPAT) के 'बर्न्ट मेमोरी/ माइक्रोकंट्रोलर' की जांच चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद ईवीएम निर्माता कंपनियों के इंजीनियरों की टीम द्वारा की जानी चाहिए।

## हरिवंश नारायण सिंह की वापसी, राष्ट्रपति मुर्मू ने राज्यसभा के लिए मनोनीत किया, 2032 तक निभाएंगे जिम्मेदारी

**ब्यूरो प्रयागराज।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राज्यसभा के निवर्तमान उपसभापति हरिवंश को उच्च सदन का सदस्य नामित किया है। हरिवंश का उच्च सदन के सदस्य के रूप में कार्यकाल नौ अप्रैल को समाप्त हो गया था।उन्हें राज्यसभा का सदस्य उस रिक्ति को भरने के लिए नामित किया गया है, जो भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई के सेवानिवृत्त होने के बाद उत्पन्न हुई थी। सरकार की एक आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया है, ''भारत के संविधान के अनुच्छेद 80 के खंड (1) के उपखंड (अ) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा उसी अनुच्छेद के खंड (3) के अनुसार राष्ट्रपति मनोनीत सदस्यों में से एक सदस्य के सेवानिवृत्त होने से उत्पन्न रिक्ति को भरने के लिए हरिवंश को राज्यसभा का सदस्य नामित करके प्रसन्न हैं। हरिवंश (69) बिहार का प्रतिनिधित्व करते हुए राज्यसभा के सदस्य के रूप में अपने दो कार्यकाल पूरे कर चुके हैं। उन्होंने उच्च सदन के उपसभापति के पद पर भी अपनी सेवाएं दी हैं।

## हुमायूं कबीर से ओवैसी ने तोड़ा गठबंधन, बंगाल में अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान

● 1000 करोड़ डील' वाले वीडियो के बाद फैसला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 से पहले बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम सामने आया है। असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम ने हुमायूं कबीर की पार्टी के साथ अपना गठबंधन समाप्त करने का ऐलान कर दिया है। पार्टी ने साफ कहा है कि अब वह पश्चिम बंगाल में अकेले चुनाव लड़ेगी। यह फैसला कबीर के एक कथित वायरल वीडियो के बाद उठे विवाद के बीच लिया गया है। एआईएमआईएम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट जारी करते हुए कहा कि हुमायूं कबीर के हालिया खुलासों ने बंगाल के मुसलमानों की असुरक्षा से जुड़े गंभीर सवाल खड़े किए हैं। 'हुमायूं कबीर के खुलासों ने बंगाल के मुसलमानों की असुरक्षा को उजागर किया है। एआई एमआईएम ऐसे किसी भी बयान का समर्थन नहीं कर सकती, जिससे मुसलमानों की गरिमा पर सवाल उठे। आज से एआईएमआईएम ने कबीर की पार्टी से अपना गठबंधन वापस ले लिया है। गुरुवार (9 अप्रैल) को हुमायूं कबीर का एक कथित वीडियो सामने आने के बाद राज्य की राजनीति में हलचल तेज हो गई। वीडियो में वह कथित तौर पर BJP नेताओं से संपर्क और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को सत्ता से हटाने की रणनीति पर चर्चा करते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो को लेकर तृणमूल कांग्रेस (TMC) ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर गंभीर आरोप लगाए और मामले की जांच की मांग की। पार्टी ने विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और प्रधानमंत्री कार्यालय से कबीर की कथित नजदीकियों की जांच कराने की मांग उठाई है। वीडियो में यह भी दावा किया जा रहा है कि हुमायूं कबीर अल्पसंख्यक वोटों को सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस से अलग करने की रणनीति पर का एकम कर रहे थे, जिससे चुनावी समीकरण प्रभावित हो सकते हैं। साथ ही कथित तौर पर उन्होंने इस योजना को लागू करने के लिए बड़ी धनराशि की जरूरत का भी जिक्र किया है।

## बच्चों की तस्करी को हल्के में न लें, पूरे देश में गिरोह सक्रिय हैं: सुप्रीम कोर्ट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों के गृह सचिवों से कहा सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से आग्रह किया कि वे बच्चों की तस्करी को हल्के में न लें। साथ ही इस बात पर ज़ोर दिया कि यह मुद्दा कानून-व्यवस्था से जुड़ी गंभीर चिंताओं वाला है और इस पर राज्य के अधिकारियों के स्तर पर तत्काल कार्रवाई की ज़रूरत है। जस्टिस जेबी पारदीवाला ने कहा, 'कृपया इस मुद्दे को बहुत-बहुत गंभीरता से लें। बच्चों की तस्करी बेकाबू हो चुकी है। पूरे देश में गिरोह सक्रिय हैं। अगर आप सभी इस पर ध्यान नहीं देंगे तो हालात काबू से बाहर हो जाएंगे। इस मामले में केवल राज्य सरकार और उसका गृह विभाग ही पूरी मुस्तैदी से कार्रवाई कर सकता है। एक अदालत के तौर पर हम निगरानी कर सकते हैं, लेकिन आखिरकार कार्रवाई तो राज्य सरकार, पुलिस और अन्य एजेंसियों को ही करनी होगी। इसलिए यह हमारा विनम्र अनुरोध है। 'जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन की खंडपीठ ने ऑनलाइन पेश हुए गृह सचिवों से बातचीत करते हुए कहा कि तस्करी के नेटवर्क पूरे देश में सक्रिय हैं। इस बात पर ज़ोर दिया कि राज्य की मशीनरी को ही प्रभावी कार्रवाई करनी होगी। जस्टिस विश्वनाथन ने भी जस्टिस पारदीवाला की बात दोहराते हुए कहा, 'यह बहुत ही गंभीर मामला है। हम रोज़ाना ऐसी रिपोर्टों में बढ़ोतरी देख रहे हैं। कभी-कभी हमें बच्चों को बचाए जाने की रिपोर्टें भी मिलती हैं। इसका मतलब है कि इस समस्या से निपटा जा सकता है। इसके लिए बस एक पक्के इरादे की ज़रूरत है। यह काम आप सभी को करना है, जो गृह विभाग के प्रमुख हैं।

इसलिए कृपया इसे पूरी गंभीरता और लगन से करें। हम निगरानी करते रहेंगे और ज़रूरी निर्देश भी देंगे, लेकिन आखिरकार उन निर्देशों को लागू तो आपको ही अपने स्तर पर करना होगा। अदालत ने कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को बच्चों की तस्करी से निपटने के लिए 15 अप्रैल, 2025 को दिए गए अपने फैसले में जारी निर्देशों का पालन करने का आखिरी मौका दिया। अदालत ने चेतावनी दी कि अगर उन्होंने निर्देशों के पालन की रिपोर्ट जमा नहीं की तो उन्हें 'निर्देशों का पालन न करने वाले' (डिफॉल्टिंग) राज्यों की श्रेणी में रखा जाएगा। अदालत तस्करी के खिलाफ कानून को सख्ती से लागू करने के लिए कुछ खास संस्थागत उपाय करने के निर्देशों के पालन की निगरानी कर रही थी। अदालत ने 15 अप्रैल, 2025 को बच्चों की तस्करी से जुड़े एक मामले में आरोपी व्यक्तियों की ज़मानत रद्द कर दी थी।

ऐसे अपराधों की समय-सीमा के भीतर जांच और सुनवाई सुनिश्चित करने के लिए पूरे देश पर लागू होने वाले निर्देश जारी किए। कोर्ट ने सभी हाई कोर्ट्स को निर्देश दिया कि वे लंबित ट्रायल्स का डेटा इकट्ठा करें और छह महीने के अंदर, हो सके तो रोज़ाना के आधार पर, उन्हें पूरा करने के लिए सर्कुलर जारी करें, और इसकी रिपोर्ट दें कि निर्देशों का पालन हुआ है या नहीं। कोर्ट ने सभी राज्यों को यह भी निर्देश दिया कि वे भारतीय इंस्टीट्यूट ऑफ़ रिसर्च एंड डेवलपमेंट (BIRD) की 12 अप्रैल, 2023 की रिपोर्ट की सिफ़ारिशों को लागू करें। इन सिफ़ारिशों में लापता बच्चों के मामलों को तब तक मानव तस्करी का मामला मानना शामिल है, जब तक कि इसके विपरीत कुछ साबित न हो जाए। साथ ही मानव तस्करी विरोधी इकाइयों को मज़बूत करना, जांच के मानकों में सुधार करना और पीड़ितों की सुरक्षा सुनिश्चित करना भी शामिल है।

## 'मुस्लिम वोट के लिए हुमायूँ कबीर की 1000 करोड़ की डील'?

● टीएमसी ने वायरल वीडियो जारी किया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** जिन हुमायूँ कबीर ने बंगाल में बाबरी मस्जिद बनाने की बात कहकर राजनीतिक तूफ़ान खड़ा कर दिया था उनके एक वायरल वीडियो ने चुनाव से पहले बड़ा विवाद खड़ा कर दिया है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को टीएमसी ने जारी किया है और दावा किया है कि ममता बनर्जी को हराने के लिए हुमायूं कबीर ने बीजेपी से 1000 करोड़ रुपये की मांग की थी। पार्टी ने वीडियो के आधार पर दावा किया कि हुमायूं नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी तथा मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के संपर्क में थे। टीएमसी ने ईडी से इस मामले की जांच कराने की मांग की है। सोशल मीडिया पर इसे स्टिंग ऑपरेशन बताया जा रहा है, लेकिन हुमायूं कबीर ने इसको एआई वीडियो कहकर खारिज कर दिया है और कहा है कि यदि उनके पास बीजेपी नेताओं से मिलने के सबूत हैं तो जारी करें। वायरल वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं की जा सकी है। लेकिन टीएमसी ने इस वीडियो के आधार पर गुरुवार को इसे बड़ा मुद्दा बना दिया है। टीएमसी के तीन बड़े नेताओं ने इस पर प्रेस कॉन्फ्रेंस भी कर दी। वायरल वीडियो में कबीर को कथित तौर पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से अपने संबंध बताते हुए और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को आगामी विधानसभा चुनाव में हराने की कोशिश करने की बात करते हुए सुना जा सकता है। टीएमसी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस वीडियो को सार्वजनिक किया और आरोप लगाया कि इसमें कबीर ने बीजेपी के साथ मिलकर करोड़ों रुपये के प्लान के तहत ममता बनर्जी को हराने की बात कही है। टीएमसी द्वारा साझा किए गए वीडियो में कबीर कथित तौर पर कह रहे हैं कि वे ममता बनर्जी को सत्ता से हटाने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। उन्होंने पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी, असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा और प्रधानमंत्री कार्यालय यानी पीएमओ से अपने संपर्क का दावा किया है। कबीर ने कथित रूप से यह भी कहा कि उन्हें पीएमओ की सलाह मिली थी कि वे अन्य बीजेपी शासित राज्यों के नेताओं के साथ समन्वय करें। वीडियो में वे अल्पसंख्यक वोटों को टीएमसी से दूर करने की रणनीति की बात करते हुए सुनाई दिए। उनका कहना था कि इससे बीजेपी को फायदा होगा। वीडियो में उन्होंने प्लान को लागू करने के लिए सैकड़ों करोड़ रुपये की ज़रूरत बताई। कबीर ने कथित तौर पर यह भी कहा कि बाबरी मस्जिद मुद्दे को उठाना अल्पसंख्यक वोटों को प्रभावित करने में ज्यादा असरदार साबित हो सकता है, भले ही वह मुद्दा अंत में लागू न हो। प्रेस कॉन्फ्रेंस में टीएमसी ने कहा, 'हुमायूं कबीर पूरी तरह बेनकाब हो गए हैं। स्टिंग ऑपरेशन में उन्होंने खुलकर स्वीकार किया कि वे भाजपा द्वारा पूर्ण रूप से प्रायोजित हैं। वे भाजपा के पैसे पर काम करने वाले किराए के सैनिक हैं, जो समुदायों को बांटने, जनता को गुमराह करने और बंगाल में वोटों को बांटने का काम कर रहे हैं।' इन आरोपों पर आम जनता उन्नयन पार्टी यानी एजेयूपी के संस्थापक हुमायूं कबीर ने जवाब दिया है। उन्होंने न्यूज़ एजेंसी एआईएनएस से कहा, 'उन्हें कहने दो। वे सबूत दें कि मैं किस बीजेपी नेता से मिला या कौन नेता मुझसे मिला। अगर हिम्मत है तो कोई वीडियो दिखाएं, फिर मैं जो वे कहेंगे मान लूंगा।' हुमायूं कबीर पिछले साल टीएमसी से निलंबित होने के बाद अपनी नई पार्टी बना चुके हैं। वह 2026 के विधानसभा चुनाव में असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम के साथ मिलकर कई सीटों पर लड़ रहे हैं। और इस बीच उनके ताज़ा वीडियो विवाद ने बंगाल की राजनीति को और गरमा दिया है।

## मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड-19)' के अंतर्गत माता-पिताको खोने वाले बच्चों की शिक्षा को सुगम हेतु लैपटॉप वितरित

● 52 लाभार्थियों को शिक्षा और तकनीकी कौशल विकास के लिए सांसद प्रवीण पटेल ने लैपटॉप प्रदान किए।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश सरकार की अत्यंत महत्वाकांक्षी 'मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड-19)' के अंतर्गत शुक्रवार को विकास भवन, सरस सभागार प्रयागराज में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय सांसद प्रवीण पटेल रहे, जिन्होंने कोविड-19 महामारी के कारण अपने माता-पिता या अभिभावकों को खोने वाले बच्चों की शिक्षा को सुगम बनाने हेतु लैपटॉप वितरित किए। इस योजना के अंतर्गत कुल 52 लाभार्थियों को उनकी शिक्षा और तकनीकी कौशल विकास के लिए लैपटॉप प्रदान किए गए। कार्यक्रम में सांसद जी के साथ ज़िला विकास अधिकारी (DDO) प्रयागराज, परियोजना निदेशक (PD) प्रयागराज एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी (DPO) प्रयागराज विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर सांसद प्रवीण पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में सरकार इन बच्चों के भविष्य के प्रति अत्यंत संवेदनशील है। ये लैपटॉप न केवल बच्चों की पढ़ाई में मददगार साबित होंगे, बल्कि उन्हें डिजिटल युग की चुनौतियों के लिए भी तैयार करेंगे। 'जिला प्रोबेशन अधिकारी ने अवगत कराया कि विभाग द्वारा



निरंतर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि योजना के सभी पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध तरीके से लाभ प्राप्त हो। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हें बेहतर भविष्य के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के अंत में जिला प्रोबेशन अधिकारी ने सांसद और उपस्थित सभी अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। लैपटॉप पाकर बच्चों के चेहरों पर मुस्कान दिखी और उन्होंने सरकार की इस पहल के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

## पवन खेड़ा जेल जाने से बचे, एक हफ्ते की अग्रिम जमानत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

असम के मुख्यमंत्री की पत्नी के 'पासपोर्ट' वाले विवाद में कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को बड़ी राहत मिली है. तेलंगाना हाईकोर्ट ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर के मामले में एक हफ्ते की अग्रिम जमानत दी है. पवन खेड़ा की ओर से अभिषेक मनु सिंघवी ने दलील दी थी. आदेश सुनाते हुए जस्टिस के सुजना ने कहा, 'याचिकाकर्ता को संबंधित अदालत में आवेदन दाखिल करने के लिए एक हफ्ते का समय दिया जाता है, याचिकाकर्ता को एक हफ्ते के लिए शर्तों के साथ राहत दी जाती है।' दरअसल, अग्रिम जमानत की याचिका तेलंगाना के हैदराबाद में दाखिल की गई थी, जहां पवन खेड़ा का निवास है. इससे पहले तेलंगाना हाई कोर्ट ने गुरुवार को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की उस याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था. इसमें उन्होंने असम पुलिस द्वारा उनके खिलाफ दर्ज मामले में गिरफ्तारी से अंतरिम सुरक्षा की मांग की थी. यह मामला मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की पत्नी रिंकी भुइयां सरमा के खिलाफ कथित तौर पर मानहानिकारक और दुर्भावनापूर्ण आरोप लगाने के लिए दर्ज किया गया था। पवन खेड़ा ने असम की अदालतों में जाने के लिए ट्रांजिट अग्रिम जमानत मांगी थी. जस्टिस के सुजाना ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रखा था. आज इस पर फैसला सुनाया गया. पवन खेड़ा की ओर से पेश वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने अदालत में दलील दी कि असम पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर में राजनीतिक बदले की बू आती है। असम पुलिस की ओर से पेश होते हुए असम के एडवोकेट जनरल देवजीत सैकिया ने हैदराबाद में अग्रिम जमानत याचिका की स्वीकार्यता को चुनौती दी थी. उन्होंने दलील दी कि दिल्ली के निवासी खेड़ा ने ऐसा कोई कारण नहीं बताया है कि वे असम में याचिका क्यों दायर नहीं कर सकते। असम पुलिस ने पवन खेड़ा के खिलाफ मानहानि, जालसाजी और आपराधिक साजिश के कथित मामले में केस दर्ज किया है. उनके खिलाफ यह केस तब दर्ज किया गया, जब उन्होंने दावा किया कि रिंकी भुइयां के पास कई विदेशी पासपोर्ट और विदेशों में अघोषित संपत्तियां हैं। असम पुलिस की एक टीम ने मंगलवार को दिल्ली स्थित पवन खेड़ा के घर पहुंची थी. हालांकि, उस वक्त खेड़ा वहां मौजूद नहीं थे. पुलिस ने पवन खेड़ा के घर के बाहर बैरिकेड लगाए और हैदराबाद में उनकी पत्नी नीलिमा के घर के बाहर भी सुरक्षा तैनात की।

### उत्तर प्रदेश में आनंद कराज विवाह अधिनियम के लागू होने पर उप-मुख्यमंत्री को किया गया सम्मानित



**नैनी, प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में आनंद कराज विवाह अधिनियम 1909 (2012 के संशोधन के साथ) के लागू होने से सिख समाज मे खुशी है।सुविख्यात समाज सेवी व भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा काशी क्षेत्र क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविन्दर सिंह ने सर्किट हाउस प्रयागराज में उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से भेंट कर उन्हें पुष्पगुच्छ-अंगवस्त्रम से सम्मान कर आभार व्यक्त किया कि सरकार ने पिछले दिनों सिख समाज की काफी समय से जो लंबित मांग को पूरा किया सिख समाज सरकार का आभार व्यक्त करता हुए धन्यवाद करता है। सरदार पतविन्दर सिंह ने बताया कि सिख समाज अपनी विशिष्ट धार्मिक पहचान को कानूनी मान्यता मिलने और विवाह पंजीकरण में काफी लाभ और अधिकार अब प्राप्त होंगे। आनंद कारज विवाह पंजीकरण से विशिष्ट सांस्कृतिक अलग धार्मिक पहचान आनंद कारज को कानूनी रूप से मान्य बनाता है।इस अवसर पर सर्वश्री दलजीत कौर,हरप्रीत कौर,हरमनजी सिंह,परमजीत सिंह,मनु,नीटू सहित कई अतिविशिष्ट समुदाय के लोग उपस्थित रहे।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पत्नी और बेटियों पर सेक्स रैकेट चलाने का झूठा आरोप लगाने वाले व्यक्ति को फटकारा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मंगलवार को व्यक्ति की क्रिमिनल रिट याचिका खारिज की। इस व्यक्ति ने कानपुर नगर में चल रहे कथित सेक्स रैकेट में शामिल लोगों के खिलाफ स्नद्धक्र दर्ज कराने की मांग की। हालांकि, याचिकाकर्ता ने शुरू में अपनी पत्नी और बेटी के अश्लील वीडियो ऑनलाइन अपलोड किए जाने पर चिंता जताई, लेकिन बाद की सुनवाई में उसने अपने परिवार के सदस्यों पर अनैतिकता का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ अपमानजनक और झूठे आरोप लगाए। स पर कड़ा रुख अपनाते हुए जस्टिस जेजे मुनीर और जस्टिस विनय कुमार द्विवेदी की बेंच ने याचिकाकर्ता को कड़ी फटकार लगाई। बेंच ने कहा कि अपनी ही पत्नी और बेटी के खिलाफ उसके दावे 'पूरी तरह से झूठे' हैं। कोर्ट ने यह भी टिप्पणी की कि याचिकाकर्ता 'खुद को दूसरों से ज़्यादा पवित्र समझने की मानसिकता' (Holier-Than-Thou Syndrome) से ग्रस्त है और खुद को 'समाज की सभी अनैतिकताओं के खिलाफ लड़ने वाला योद्धा' समझता है। हाईकोर्ट ने कहा कि यह याचिका असल में पारिवारिक विवाद से जुड़ी थी। अपने ही परिवार पर सेक्स रैकेट चलाने का आरोप लगाना पारिवारिक मामले को कोर्ट के सामने रखने का 'सबसे घिनौना' तरीका है। गौरतलब है कि याचिकाकर्ता द्वारा डिजिटल फॉर्मेट में दी गई कई वीडियो फाइलों और स्क्रीनशॉट की प्रामाणिकता की जांच करने के लिए पुलिस ने उन्हें IIT कानपुर के CxiHub को सौंप दिया।

हालांकि, IIT कानपुर की रिपोर्ट से पता चला कि याचिकाकर्ता द्वारा दी गई तस्वीरों और बरामद वीडियो में दिख रहे चेहरों में कोई मेल नहीं था। फोरेंसिक जांच से यह भी पता चला कि बरामद मीडिया फाइलें लगभग 10-12 साल पुरानी थीं। रिपोर्ट में कहा गया कि 'उपलब्ध डिजिटल सबूत इस निष्कर्ष का समर्थन करते हैं कि पहचान गलत या भ्रामक तरीके से जोड़ी गई। 'इस रिपोर्ट का संज्ञान लेते हुए बेंच ने विशेष रूप से यह टिप्पणी की: 'IIT कानपुर की उपरोक्त रिपोर्ट से हमें यह मानने का आधार मिलता है कि याचिकाकर्ता ने अपने परिवार पर सेक्स रैकेट आदि में शामिल होने के जो बेबुनियाद आरोप लगाए हैं, जिन्हें वेबसाइटों पर दिखाया गया, वे पूरी तरह से झूठे हैं। 'बेंच ने यह टिप्पणी की कि याचिकाकर्ता लगातार अपने ही अहंकार में डूबा हुआ है। उसके परिवार पर सेक्स रैकेट में शामिल होने के जो बेबुनियाद आरोप उसने लगाए, वे बेहद आपत्तिजनक हैं–जिनमें से कुछ तो रिकॉर्ड से हटाए जाने योग्य हैं। अतः, इस निष्कर्ष पर पहुंचते हुए कि इन खोखले आरोपों के आधार पर पुलिस को किसी भी प्रकार के सेक्स रैकेट की जाँच करने का निर्देश जारी करने का कोई आधार नहीं है, याचिका खारिज कर दी गई।

## 1.40 करोड़ की स्मैक के साथ 3 तस्कर गिरफ्तार, पुलिस टीम को 50 हजार इनाम

**ब्यूरो प्रयागराज।** नारकोटिक्स टास्क फोर्स कमिश्नरेट प्रयागराज और थाना धूमनगंज की संयुक्त पुलिस टीम ने मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 704.88 ग्राम स्मैक (हेरोइन) बरामद की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 1 करोड़ 40 लाख 97 हजार 600 रुपये बताई जा रही है। इसके अलावा तीन मोबाइल फोन और 1200 रुपये नकद भी बरामद किए गए हैं। यह कार्रवाई 10 अप्रैल 2026 को सर्विलांस सेल नगर के सहयोग से की गई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने थाना धूमनगंज क्षेत्र के वर्कशॉप रोड, सुबेदारगंज स्टेशन के पीछे स्थित गली में दबिश देकर तीनों अभियुक्तों को धर दबोचा।

**गिरफ्तार अभियुक्तों में शामिल हैं:** सचिन पासी (27 वर्ष), राहुल कुमार (22 वर्ष) और नितेश कुमार (32 वर्ष), जो सभी थाना धूमनगंज क्षेत्र के निवासी हैं। पुलिस के अनुसार, सचिन पासी के पास से 559.85 ग्राम स्मैक, एक मोबाइल फोन और 550 रुपये नकद मिले। राहुल कुमार के पास से 88.29 ग्राम स्मैक, एक मोबाइल फोन और 300 रुपये नकद बरामद हुआ। वहीं नितेश कुमार के पास से 56.74 ग्राम स्मैक, एक मोबाइल फोन और 350 रुपये नकद बरामद किए गए। इस संबंध में थाना धूमनगंज में मु0अ0सं0 114/2026 के तहत धारा 8/21 NDPS एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

**पुलिस टीम को मिला पुरस्कार:** इस उल्लेखनीय सफलता पर पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज ने संयुक्त टीम को 50 हजार रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की है।

## संक्षिप्त खबरें

### मलको को में दिखा गिद्धों का बड़ा झुंड, संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाने की मांग



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही प्रखंड के मलकोको गांव से प्रकृति प्रेमियों के लिए एक बेहद सुखद और भावुक करने वाली खबर सामने आई है। गांव के आसपास के इलाकों में दर्जनों गिद्ध एक साथ झुंड में देखे गए, जो वर्तमान समय में अत्यंत दुर्लभ दृश्य माना जाता है। बताया जाता है कि एक समय ग्रामीण क्षेत्रों में आमतौर पर नजर आने वाले गिद्ध अब तेजी से लुप्त होती प्रजातियों में शामिल हो चुके हैं। ऐसे में एक साथ इतनी बड़ी संख्या में इनका दिखाई देना पर्यावरण के लिए एक सकारात्मक संकेत के रूप में देखा जा रहा है। इस अनोखे दृश्य की जानकारी मिलते ही गांव में लोगों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने उत्सुकता के साथ इस नजारे को देखा और कई लोगों ने इसे प्रकृति के संतुलन की वापसी का संकेत बताया। पूरे क्षेत्र में इस घटना को लेकर हर्ष और उत्साह का माहौल देखा गया। पर्यावरण विशेषज्ञों का मानना है कि गिद्ध पारिस्थितिकी तंत्र का एक अहम हिस्सा होते हैं। वे मृत जीवों को खाकर पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिससे कई प्रकार की बीमारियों के फैलने की आशंका कम हो जाती है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस क्षेत्र में गिद्धों के संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। उनका कहना है कि यदि समय रहते इन दुर्लभ पक्षियों के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया गया, तो न केवल इनकी संख्या में वृद्धि होगी, बल्कि पर्यावरण संतुलन को भी मजबूती मिलेगी।

### भैंस चराने गई महिला पर गांव में लाठी-डंडे से हमला

**पति को भी पीटा, जान से मारने की धमकी, कोतवाली में केस दर्ज**

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम मैलवारा टपरियन में बुधवार शाम दो स्थानीय युवकों ने बिना किसी वजह एक महिला और उसके पति पर लाठी-डंडे व लात-घूसों से हमला कर दिया। आरोपियों ने महिला को गाली-गलौज करने के बाद मारपीट की और पति के बीच बचाव करने पर उसे भी बुरी तरह पीटा। साथ ही दोनों को गांव छोड़कर भाग जाने की धमकी दी। शिकायतकर्ता कुसुम पत्नी कल्लू ने बताया कि 8 अप्रैल को शाम करीब 7 बजे वह भैंस लेकर घर की ओर आ रही थी। तभी गांव के ही सुरा पुत्र जालम और सुरेन्द्र पुत्र भुरूरू ने बेबजह गाली-गलौज शुरू कर दी। जब कुसुम ने विरोध किया तो दोनों ने उस पर मारपीट कर दी। पति ने बीच बचाव किया तो आरोपियों ने उसे भी लाठी-डंडे, लात-घूसों से पीटा। मारपीट में पति को आंख में और शरीर में अंदरूनी चोटें आईं। आरोपियों ने चिल्लाकर कहा कि अगर तुम लोग गांव नहीं छोड़कर भागे तो दोनों को जान से मार देंगे। शिकायत में कुसुम ने लिखा है कि दोनों आरोपी काफी समय से उन्हें बेबजह परेशान करते आ रहे हैं, जिससे पूरा परिवार मानसिक तनाव में है। पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 115(2), और 351(3) के तहत मामला दर्ज किया है।

### घर में घुसकर मारपीट व गाली-गलौज का आरोप

**पीड़ित ने जिलाधिकारी से लगाई न्याय की गुहार**

**ललितपुर।** थाना सौजना क्षेत्रांतर्गत ग्राम डांगली निवासी एक व्यक्ति ने घर में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपा है। पीड़ित ने बताया कि वह 62 वर्षीय वृद्ध है और अपने परिवार के साथ रहता है। आरोप है कि गांव के ही कुछ लोगों द्वारा उसकी संपत्ति को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। इसी रंजिश के चलते 24 मार्च 2026 को सुबह करीब 10 बजे आरोपित लोग उसके घर में जबरन घुस आए और गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। पीड़ित के अनुसार, आरोपितों ने उसे और उसके परिजनों को गंभीर रूप से घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव किया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई, लेकिन आरोप है कि अब तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि दबंग किस्म के लोग उसकी जमीन और संपत्ति पर कब्जा करना चाहते हैं और लगातार उसे प्रताड़ित कर रहे हैं। उसने जिलाधिकारी से मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपितों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

# भीषण गर्मी में छात्रों को मिली राहत, एम. एल. जी. +2 बॉयज़ हाई स्कूल में वॉटर चिलर मशीन का हुआ उद्घाटन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मधुपुर, देवघर, झारखंडः-** भीषण गर्मी के बीच विद्यार्थियों को राहत प्रदान करने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए अनुराग गुटगुटिया वेलफेयर ट्रस्ट के सौजन्य से एवं लायंस क्लब ऑफ मधुपुर के सहयोग से एम. एल. जी. +2 बॉयज़ हाई स्कूल परिसर में वॉटर चिलर मशीन का विधिवत उद्घाटन किया गया। उद्घाटन पीएमजेएफ़ लायन डॉ. अरुण कुमार गुटगुटिया द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए डॉ. अरुण कुमार गुटगुटिया ने कहा कि समाज सेवा के ऐसे कार्य सीधे तौर पर लोगों के जीवन को प्रभावित करते हैं और उन्हें वास्तविक राहत प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए स्वच्छ एवं ठंडे पेयजल की व्यवस्था अत्यंत आवश्यक है, खासकर विद्यालयों में, जहां बच्चे लंबे समय तक अध्ययन करते हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी इस प्रकार की जनहितकारी पहल जारी रहेगी।

कार्यक्रम में लायंस क्लब ऑफ मधुपुर के अध्यक्ष लायन प्रेम पाठक ने बताया कि क्लब और अनुराग गुटगुटिया वेलफेयर ट्रस्ट के संयुक्त प्रयास से अब तक शहर एवं आसपास के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर लगभग 17 वॉटर चिलर मशीनें स्थापित की जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों का मुख्य उद्देश्य आमजन को गर्मी के मौसम में राहत पहुंचाना है। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक श्री विक्रम ने इस पहल के लिए ट्रस्ट एवं लायंस क्लब का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस वॉटर चिलर मशीन से विद्यालय के सैकड़ों विद्यार्थियों को प्रतिदिन शुद्ध एवं ठंडा पानी उपलब्ध होगा, जिससे उनके स्वास्थ्य एवं पढ़ाई दोनों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। कार्यक्रम के दौरान छात्रों में विशेष उत्साह देखने को मिला। विद्यार्थियों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अब उन्हें गर्मी के दिनों में ठंडा पानी पाने के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा और वे अधिक एकाग्रता के साथ अपनी पढ़ाई कर सकेंगे। इस मौके पर लायंस क्लब के सचिव लायन विजय आनंद लच्छीरामका, सह-सचिव लायन राजेश तिवारी, कोषाध्यक्ष लायन रामानुज मिश्रा, सर्विस चेयरपर्सन लायन महेश बाठवाल, लायन रूपेश मोदी, लायन अटल चौरसिया, लायन गौतम कुशवाहा, शिक्षक मंगल ठाकुर सहित कई गणमान्य व्यक्ति, शिक्षिकाएं एवं सैकड़ों छात्र उपस्थित रहे।

# सफलता की कहानी : किसान समृद्धि योजना से बदली तकदीर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**विष्णुगढ़, हज़ारीबाग, झारखंडः-** जिला हजारीबाग के विष्णुगढ़ प्रखण्ड अंतर्गत पंचायत बेडाहरियारा के वादीखरना गाँव निवासी तालेश्वर यादव आज उन प्रगतिशील किसानों में शामिल हैं, जिन्होंने अपनी मेहनत, लगन और सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर खेती को लाभकारी व्यवसाय में बदल दिया है। दसवीं तक शिक्षा प्राप्त करने के बाद तालेश्वर जी ने नौकरी की तलाश की, लेकिन उनका मन उसमें नहीं लगा। उन्होंने एक साहसिक निर्णय लेते हुए खेती-किसानी को ही अपना मुख्य व्यवसाय बना लिया। पढ़े-लिखे युवा के रूप में खेती को अपनाना उनके लिए आसान नहीं था, लेकिन उन्होंने न केवल अपने परिवार को प्रेरित किया बल्कि अन्य किसानों के लिए भी एक मिसाल पेश की।

तालेश्वर जी के पास लगभग 5 एकड़ पुश्तैनी जमीन है, जहां पहले पारंपरिक तरीके से केवल धान, गेहूं और सरसों की खेती होती थी। इससे परिवार का भरण-पोषण तो हो जाता था, लेकिन अतिरिक्त आय के लिए कोई खास साधन नहीं था। पिछले तीन वर्षों से वे आत्मा हजारीबाग से जुड़े हैं। आत्मा के प्रखंड तकनीकी प्रबंधक एवं प्रसार कर्मियों के मार्गदर्शन में उन्होंने प्रशिक्षण, परिभ्रमण एवं गोष्ठियों में भाग लिया। इससे उन्हें आधुनिक खेती की नई तकनीकों की जानकारी मिली। आत्मा के सुझाव पर उन्होंने रबी एवं गरमा मौसम में दलहन, तिलहन एवं सब्जियों की खेती शुरू की। साथ ही, उन्हें किसान समृद्धि योजना के अंतर्गत चलंत सोलर पंपसेट उपलब्ध कराया गया, जिसने उनकी खेती में क्रांतिकारी बदलाव ला दिया। पहले सिंचाई के लिए उन्हें पेट्रोल और डीजल पर निर्भर रहना पड़ता था, जिससे एक फसल की सिंचाई में लगभग 20 से 25 हजार रुपये तक खर्च आ जाता था। खेत अलग-अलग स्थानों पर होने के कारण यह और भी कठिन हो जाता था। लेकिन अब चलंत सोलर पंपसेट की मदद से वे आसानी से एक स्थान से दूसरे स्थान तक सिंचाई कर पाते हैं। इससे न केवल उनका खर्च कम हुआ, बल्कि समय और श्रम की भी बचत हुई। तकनीकी मार्गदर्शन से प्रेरित होकर तालेश्वर जी ने लगभग 4 एकड़ जमीन में गरमा मौसम में खीरा, तरबूज और टमाटर की उन्नत खेती की। इस पहल से उन्हें शानदार सफलता मिली और पिछले वर्ष उन्होंने 1.5 लाख रुपये से अधिक की आमदनी अर्जित की। तालेश्वर यादव न केवल आर्थिक रूप से सशक्त हुए हैं, बल्कि अपने क्षेत्र के अन्य किसानों को भी प्रेरित कर रहे हैं। तालेश्वर यादव ने संदेश दिया है कि सरकार किसानों के लिए कई लाभकारी योजनाएं चला रही है। जरूरत है जागरूक होकर इनका लाभ उठाने की। किसान भाई-बहन आत्मा के प्रसार कर्मियों से जुड़े रहें और आधुनिक तकनीकों को अपनाएं।

# 13 अप्रैल को हजारीबाग में लगेगा जीवनदान का महाअभियान, 500 यूनिट रक्त संग्रह का लक्ष्य

**●सफेद जर्सी में स्वागत करेंगे सदस्य, हर रक्तदाता को मिलेगा हेलमेट**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंडः-** मानवता की सेवा के संकल्प के साथ हजारीबाग यूथ विंग द्वारा 13 अप्रैल, सोमवार को शहर के लक्ष्मी सिनेमा हॉल कैंपस में भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सुबह 9 बजे से शुरू होने वाले इस महाअभियान को लेकर तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही हैं और आयोजन को सफल बनाने के लिए संस्था के सदस्य पूरी निष्ठा से जुटे हुए हैं। इस वर्ष शिविर में 500 यूनिट रक्त संग्रह का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा गया है। रक्तदान के लिए 20 बेड एवं 5 चेयर की समुचित व्यवस्था की गई है, ताकि अधिक से अधिक लोग सुरक्षित और सहज तरीके से रक्तदान कर सकें। कार्यक्रम स्थल पर पेयजल, चिकित्सकीय सुविधा, रेस्टिंग एरिया, विजिटर एरिया एवं रजिस्ट्रेशन काउंटर की भी विशेष व्यवस्था की गई है। शिविर की एक खास आकर्षण यह भी होगी कि संस्था के सदस्य सफेद जर्सी में उपस्थित रहकर आने वाले रक्तदाताओं का स्वागत करेंगे, जिससे पूरे आयोजन में अनुशासन और सेवा भावना का विशेष वातावरण देखने को मिलेगा। साथ ही युवाओं को प्रेरित करने के लिए आकर्षक सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया है।

इस महाअभियान को सफल बनाने के लिए शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों से जुड़े लोगों को आमंत्रित किया गया है। युवाओं में इस अभियान को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है और बड़ी संख्या में लोग रक्तदान के लिए आगे आ रहे हैं। संस्था के संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन ने कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है और संस्था का उद्देश्य है कि कोई भी व्यक्ति रक्त के अभाव में अपनी जान न गंवाए। उन्होंने कहा कि समाज के सहयोग से इस लक्ष्य को अवश्य प्राप्त किया जाएगा। वहीं, संस्था अध्यक्ष करण जायसवाल ने बताया कि वर्ष 2024 में 130 यूनिट एवं 2025 में 221 यूनिट रक्त संग्रह किया गया था, जबकि इस वर्ष 500 यूनिट का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने विश्वास जताया कि युवाओं एवं आमजन के सहयोग से यह लक्ष्य भी आसानी से पूरा होगा। उन्होंने यह भी बताया कि रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए इस बार प्रत्येक रक्तदाता को हेलमेट भेंट किया जाएगा, साथ ही सभी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इससे न केवल रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ेगी, बल्कि सड़क सुरक्षा का संदेश भी समाज तक पहुंचेगा। हजारीबाग यूथ विंग ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लें और रक्तदान कर जरूरतमंदों को जीवनदान देने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

# नारायणपुर में हुई आवास योजनाओं की समीक्षा बैठक, अपूर्ण आवास जल्द पूरा करने का निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंडः-** प्रखंड क्षेत्र में संचालित आवास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए शुक्रवार को नारायणपुर प्रखंड सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ देवराज गुप्ता ने की, जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अबुआ आवास योजना के तहत चल रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में बीडीओ ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जिन लाभुकों ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत द्वितीय किस्त प्राप्त करने के बावजूद अब तक आवास निर्माण कार्य पूरा नहीं किया है, वे जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि सभी पात्र लाभुकों को समय पर पक्का आवास उपलब्ध कराया जाए। समीक्षा के दौरान बताया गया कि अबुआ आवास योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल 233 आवास अब भी अपूर्ण हैं। वहीं, वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत भी कई आवास निर्माणाधीन हैं, जिन्हें निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण करने पर जोर दिया गया। बीडीओ देवराज गुप्ता ने अधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देशित किया कि वे लाभुकों के निरंतर संपर्क में रहें, ताकि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की बाधा न आए और समय पर आवास पूर्ण हो सके। उन्होंने कहा कि प्रशासन इस दिशा में पूरी तरह सक्रिय है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रखंड समन्वयक शैलेश सिंह, सभी पंचायत सचिव, स्वयंसेवक सहित संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

# चौपारण में गैस उपभोक्ता बेहाल, एजेंसी पर मनमानी का आरोप

**●स्थानीय लोगों को नहीं मिल रही होम डिलीवरी, बरही में जारी सेवा से बढ़ा आक्रोश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः-** प्रखंड क्षेत्र में देविशका एचपी गैस एजेंसी की कार्यशैली को लेकर उपभोक्ताओं में भारी आक्रोश व्याप्त है। आरोप है कि स्थिति सामान्य होने के बावजूद उपभोक्ताओं से होम डिलीवरी का शुल्क वसूला जा रहा है, लेकिन चौपारण क्षेत्र में गैस सिलेंडर की घर-घर आपूर्ति नहीं की जा रही है। स्थानीय उपभोक्ताओं का कहना है कि एजेंसी द्वारा पड़ोसी प्रखंड बरही में नियमित होम डिलीवरी की जा रही है, जबकि चौपारण के उपभोक्ताओं को इस सुविधा से वंचित रखा जा रहा है। इसे लेकर लोगों ने एजेंसी पर भेदभावपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाया है। उपभोक्ताओं ने बताया कि उन्हें गैस सिलेंडर प्राप्त करने के लिए तेज धूप में घंटों लाइन में खड़ा होना पड़ता है। इस समस्या से खासकर महिलाओं और बुजुर्गों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।जानकारी के अनुसार, एचपी गैस के कस्टमर केयर द्वारा बिल में करीब 28 रुपये तक होम डिलीवरी चार्ज शामिल होने की पुष्टि की गई है। इसके बावजूद सेवा उपलब्ध नहीं कराए जाने से लोगों में नाराजगी लगातार बढ़ती जा रही है। वहीं, अन्य गैस एजेंसियों द्वारा नियमित डोर-टू-डोर डिलीवरी किए जाने से यह सवाल और भी गंभीर हो गया है कि आखिर चौपारण के उपभोक्ताओं के साथ ही ऐसा व्यवहार क्यों किया जा रहा है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि एजेंसी जानबूझकर उन्हें परेशान कर रही है और अपनी मनमानी पर उतारू है।

**प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग**

आक्रोशित उपभोक्ताओं ने चौपारण के अंचल अधिकारी (सीओ) एवं आपूर्ति पदाधिकारी (एमओ) से मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि इस पूरे मामले की जांच कर चौपारण में नियमित होम डिलीवरी सुनिश्चित कराई जाए। साथ ही, यदि सेवा उपलब्ध नहीं कराई जाती है तो डिलीवरी चार्ज की वसूली पर रोक लगाई जाए और संबंधित एजेंसी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उपभोक्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को बाध्य होंगे।

### नौहरकलां गांव में भोज के दौरान झड़प

**दो परिवारों ने एक-दूसरे पर मारपीट-धमकी का क्रॉस केस दर्ज कराया**

**ललितपुर।** जिले के जखौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत नौहरकलां गांव में केदार यादव के घर पर चल रहे भोज (तेरहवीं) के दौरान दो परिवारों के बीच गाली-गलौज और मारपीट की घटना ने तूल पकड़ लिया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडे-कुल्हाड़ी से पीटने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए क्रॉस एफआईआर दर्ज कराई है। पहले पक्ष की ओर से नन्दलाल शर्मा पिता मुन्नालाल शर्मा ने शिकायत दी कि 8 अप्रैल 2026 को रात करीब 10 बजे वह केदार यादव के घर भोज में खाना खा रहे थे। इसी दौरान जगदीश शर्मा पिता कोमल शर्मा और उनके बेटे रोनक शर्मा ने उन्हें मां-बहन की गालियां दीं। विरोध करने पर दोनों ने लाठी-डंडे से उन पर और उनके बेटे अमर शर्मा पर हमला कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। दूसरे पक्ष की ओर से रोनक शर्मा पिता जगदीश शर्मा ने बताया कि उसी दिन शाम करीब 9 बजे वह अपने घर के दरवाजे पर बैठे थे। पास में चल रहे भोज के दौरान नन्दू नन्दलाल और अमर नन्दलाल के बेटे वहां आए और राजनेताओं को गाली देते हुए कहा कि हमारी सरकार आने पर सभी राजनेताओं को जेल भिजवा देंगे। जब रोनक ने पार्टी को गाली देने से मना किया तो दोनों ने कुल्हाड़ी व लाठी-डंडे से उन पर और उनके पिता जगदीश शर्मा पर हमला बोल दिया। दोनों ने जान से मारने की धमकी दी। घटना को केदार यादव व अन्य ग्रामीणों ने देखा। दोनों एफआईआर बीएनएस की धारा 115(2), 351(3) एवं 352 के तहत जखौरा थाने में 9 अप्रैल 2026 को दर्ज की गई।

# गैस आपूर्ति संकट पर झामुमो का कड़ा रुख, एजेंसियों को चेतावनी—उपभोक्ताओं तक समय पर पहुंचे सिलेंडर

**●अनियमितता पर उठे सवाल, प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग; व्यवसाय और आम जनता दोनों प्रभावित**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लातेहार, झारखंडः-** लातेहार जिले में एलपीजी गैस आपूर्ति को लेकर बढ़ती परेशानियों के बीच झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने सख्त रुख अपनाया है। पार्टी के जिलाध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव और नेता सौरभ श्रीवास्तव ने संयुक्त प्रेस बयान जारी कर गैस एजेंसियों को व्यवस्था सुधारने की चेतावनी दी है। झामुमो नेताओं ने कहा कि खाड़ी देशों में जारी तनाव के बाद देशभर में गैस आपूर्ति प्रभावित हुई है, जिसका असर लातेहार के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्पष्ट रूप से देखा जा रहा है। उपभोक्ताओं को समय पर गैस नहीं मिलने से स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। जिलाध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव ने कहा कि गैस की किल्लत केंद्र सरकार की नीतिगत विफलता को दर्शाती है। उन्होंने आरोप लगाया कि मांग के अनुरूप आपूर्ति नहीं होने से आम जनता परेशान हो रही है, जबकि राज्य सरकार लगातार स्थिति सुधारने का प्रयास कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ गैस एजेंसियों द्वारा वितरण में अनियमितता बरती जा रही है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने एजेंसियों से घर-घर गैस डिलीवरी सुनिश्चित करने और गोदामों पर भीड़ नहीं जुटने देने की अपील की। साथ ही प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर व्यवस्था सुधारने की मांग की।

झामुमो नेता सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि घरेलू के साथ-साथ व्यावसायिक गैस सिलेंडर की आपूर्ति भी बाधित है, जिससे छोटे व्यवसायियों के सामने रोजी-रोटी का संकट उत्पन्न हो गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो पार्टी कड़े कदम उठाने को बाध्य होगी। उन्होंने बताया कि पार्टी कार्यकर्ता गैस एजेंसियों की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए हैं और किसी भी गड़बड़ी की सूचना राज्य सरकार को दी जाएगी। इस बीच, झामुमो ने जिला स्तर पर एक निगरानी समिति गठित करने की घोषणा की है, जो गैस आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाने में सहयोग करेगी। झामुमो के इस रुख के बाद जिले के लोगों में उम्मीद जगी है कि प्रशासन सक्रिय होगा और गैस आपूर्ति की समस्या का जल्द समाधान निकल सकेगा।

# भाई-बहन का अटूट प्यार कभी नहीं होगा तार-तार : मुकुंद साव, पूर्णिमा देवी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः-** 10 अप्रैल को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय भाई-बहन दिवस के अवसर पर भाई-बहनों के पवित्र और अटूट रिश्ते को याद करते हुए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस खास दिन पर भाई-बहन के बीच मौजूद स्नेह, विश्वास और साथ के अनमोल बंधन को सम्मान दिया गया। इस अवसर पर बरही विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि एवं साहित्यकार मुकुंद साव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि भाई-बहन का रिश्ता जीवन का सबसे अनूठा और मजबूत रिश्ता होता है। यह ऐसा बंधन है, जो समय और परिस्थितियों के साथ और भी मजबूत होता जाता है। उन्होंने कहा कि भाई-बहन अक्सर जीवन के पहले दोस्त होते हैं, जो साथ बड़े होते हैं, बचपन की यादें साझा करते हैं और जीवन के हर उतार-चढ़ाव में एक-दूसरे के साथ खड़े रहते हैं। मुकुंद साव ने राष्ट्रीय भाई-बहन दिवस के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसकी स्थापना वर्ष 1995 में क्लाउडिया एवार्ट द्वारा अपने दिवंगत भाई-बहनों एलन और लिसेट की स्मृति में की गई थी। उन्होंने बताया कि 10 अप्रैल की तिथि उनकी बहन के जन्मदिन के रूप में चुनी गई, ताकि इस दिन को भाई-बहन के प्रेम और संबंधों के उत्सव के रूप में मनाया जा सके। उन्होंने कहा कि भले ही इस दिवस की शुरुआत अमेरिका में हुई हो, लेकिन पिछले वर्षों में यह पूरे विश्व में व्यापक रूप से लोकप्रिय हो चुका है।

उन्होंने आगे कहा कि भाई-बहन का रिश्ता अन्य रिश्तों से काफी अलग होता है। जहां दोस्ती और अन्य संबंधों को हम चुनते हैं, वहीं भाई-बहन का रिश्ता जन्म से ही हमारे जीवन का हिस्सा बन जाता है। यह रिश्ता खुशियों और दुखों को साझा करने का माध्यम होता है, जो जीवनभर यादगार बन जाता है। राष्ट्रीय भाई-बहन दिवस के अवसर पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल, बरही विधायक मनोज कुमार यादव, सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, अजय साहू, मुकुंद साव, पूर्व भाजपा जिला महामंत्री अनिल मिश्रा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रेणुका साहू, पूनम साहू, किशोरी राणा, द्वारिका सिंह सहित कई जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों ने भाई-बहन के इस पवित्र रिश्ते को नमन किया। कार्यक्रम में पूनम कुमारी, प्रियंका कुमारी, यशोदा देवी, रीता देवी, गीता देवी, संगीता देवी, मालती देवी, सुनीता देवी, पूजा कुमारी, कांति देवी, प्रतिमा देवी सहित अनेक बहनों एवं भाइयों की उपस्थिति रही। सभी ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हुए इस रिश्ते की मजबूती और प्रेम को बनाए रखने का संकल्प लिया।

# जनगणना 2027 के प्रथम चरण हेतु फील्ड ट्रेनरों का प्रशिक्षण, उपायुक्त ने दिए आवश्यक निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हज़ारीबाग, झारखंडः-** भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण के सफल संचालन हेतु प्रमंडलीय पंचायत प्रशिक्षण संस्थान, जबरा में फील्ड ट्रेनरों के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त सह प्रधान जनगणना पदाधिकारी शशि प्रकाश सिंह ने प्रशिक्षण स्थल पर पहुंचकर प्रतिभागियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि सभी प्रतिभागी आत्मविश्वास के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें, क्योंकि उन्हें अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर प्रशिक्षण देना है। उन्होंने प्रशिक्षण सत्र को गहराई से समझने तथा प्रत्येक बिंदु एवं तकनीकी पहलुओं पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया। उपायुक्त ने सदर अनुमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता एवं जिला सांख्यिकी सह जनगणना पदाधिकारी को निर्देश दिया कि प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रतिभागियों का समरी एवं परीक्षा सत्र आयोजित कर उनकी फीडबैक प्राप्त की जाए। साथ ही, प्रशिक्षण प्रक्रिया को सरल एवं स्पष्ट तरीके से प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने तथा प्रशिक्षण सत्र में प्रशिक्षकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा। इसके अतिरिक्त, व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से प्राप्त होने वाले प्रश्नों का विधिसम्मत समाधान सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। 10 अप्रैल तक चलने वाले इस प्रशिक्षण के प्रथम बैच में चौपारण, बरही, बरकट्ठा, चलकुशा, पदमा, इचाक एवं विष्णुगढ़ प्रखंडों के प्रतिभागी शामिल हैं। जनगणना निदेशालय रांची से आए मास्टर ट्रेनर कौशल किशोर एवं जयपाल महतो प्रखण्ड विकास पदाधिकारी बरही को भी आवश्यक निर्देश एवं फीडबैक लेने के बारे निर्देश दिया गया। इस अवसर पर उपायुक्त सह प्रधान जनगणना पदाधिकारी के साथ अपर समाहर्ता सह जिला जनगणना पदाधिकारी संतोष सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी सह अनुमंडल जनगणना पदाधिकारी, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी सह अपर जनगणना पदाधिकारी, बरही बीडीओ जयपाल महतो सहित कई अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# संक्षिप्त खबरें

## ओलावृष्टि से पीड़ित किसानों की मदद हेतु कांग्रेस पार्टी ने सौंपा ज्ञापन

**कोंच(जालौन)-** तहसील क्षेत्र में हाल ही में आंधी और बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। दैवीय आपदा के चलते खेतों में खड़ी गेहूं, चना, सरसों, मूंग, उड़द की फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। किसानों के इस मामले में अब कांग्रेस पार्टी आगे आई है। शुक्रवार को नगर और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने जिलाध्यक्ष अरविंद सेंगर की अगुवाई में प्रभारी एसडीएम वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। नारेबाजी के बीच कांग्रेस पार्टी ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि जल्द से जल्द सर्वे का काम पूरा कर प्रभावित किसानों को कम से कम 50 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर के हिसाब से मुआवजा दिया जाए ताकि उन्हें वास्तविक रूप से राहत मिल सके और किसान दोबारा से खेतों में कृषि उपज कर सके। ज्ञापन सौंपने वालों में कांग्रेस नगर अध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी, रामकिशोर पुरोहित, कमल दोहरे, राजेश, संजय कुशवाहा, श्रीनारायण दीक्षित, नवल जाटव, अजय बरार, छोटेलाल, कासिम मंसूरी, शकील मकरानी, जाहिद खान, सुल्तान राइन, निर्मल गोस्वामी, विजय दीप सिंह, सज्जित जाटव, पप्पू खान, बबलू दुबे, देवेंद्र शर्मा समेत दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्रीपेड स्मार्ट मीटर के खिलाफ प्रदर्शन करने जिला मुख्यालय रवाना हुई महिलाएं



**कोंच(जालौन)-** प्रीपेड स्मार्ट मीटर के खिलाफ जनता का आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार की सुबह कोंच से भारी संख्या में महिलाएं कोंच शटल ट्रेन से जिला मुख्यालय के लिए रवाना हुई। हाथों में विरोध के स्वर और जुबां पर बिजली विभाग हाय-हाय के नारों के साथ महिलाएं ट्रेन में सवार होकर सीधे प्रशासन को चेतावनी देने निकल पड़ीं। शुक्रवार की सुबह किरन देवी, सुनीता, गायत्री, रामबती, केशकली, राजकुमारी, लक्ष्मीदेवी, शांति, मुन्नी, अर्चना आदि महिलाएं कोंच शटल ट्रेन से जिला मुख्यालय पर प्रीपेड स्मार्ट मीटर के खिलाफ प्रदर्शन करने के लिए रवाना हुई। महिलाओं का साफ कहना है कि प्रीपेड स्मार्ट मीटर ने उनकी रोजमर्रा की जिंदगी को मुश्किलों में डाल दिया है। कभी अचानक बिजली कट जाना तो कभी बिना वजह बैलेंस खत्म हो जाना, इन समस्याओं से उपभोक्ता बुरी तरह परेशान हो उठे हैं। महिलाओं का आरोप है कि सुविधा के नाम पर थोपी गई यह व्यवस्था अब आर्थिक बोझ बन चुकी है। गौरतलब है कि इससे पहले भी कोंच नगर में महिलाओं ने बिजली पावर हाउस पर विरोध प्रदर्शन किया था यही वजह है कि अब महिलाओं ने सीधे जिला मुख्यालय पहुंचकर अपनी आवाज बुलंद करने का फैसला किया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में क्रशर ऑनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों की बैठक संपन्न



**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** -अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 वागीश कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में डाला बिल्ली क्रशर ऑनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य क्रशर क्षेत्रों में हो रहे प्रदूषण की समस्या पर नियंत्रण एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना, बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी ने निर्देशित किये कि क्रशर क्षेत्रों से उड़ने वाली धूल एवं प्रदूषण को नियंत्रित करने हेतु तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जाए। विशेष रूप से उन क्षेत्रों पर ध्यान देने को कहा गया जहां अत्यधिक धूल उड़ रही है सड़कों पर फैल रही धूल को रोकने के लिए नियमित रूप से स्प्रिंकलर के माध्यम से पानी का छिड़काव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ क्रशर क्षेत्रों में कार्यरत मजदूरों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए उनके नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने के निर्देश भी संबंधित विभागों को दिए गए, अपर जिलाधिकारी ने कहा कि श्रमिकों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के प्रति किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

बैठक में उप जिलाधिकारी विवेक कुमार सिंह, एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे। सभी से अपेक्षा की गई कि वे निर्धारित निर्देशों का कड़ाई से पालन करते हुए क्षेत्र में प्रदूषण नियंत्रण हेतु सहयोग करें।

# भाकियू पंचायत में गूंजा पीड़ित किसानों को मुआवजा का मुद्दा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)-** भारतीय किसान यूनियन तहसील इकाई कोंच की मासिक पंचायत शुक्रवार को गल्ला मंडी परिसर स्थित किसान भवन में आयोजित की गई जिसमें शामिल हुए क्षेत्र के किसानों ने स्थानीय स्तर पर प्रमुख समस्याएं उठाते हुए निराकरण कराए जाने की मांग की। वहीं संगठन के पदाधिकारियों ने पंचायत में पहुंचे नायब तहसीलदार रोहन पंत को समस्याओं के निराकरण हेतु एक ज्ञापन भी सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में किसानों ने हाल ही में हुई ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। किसानों ने कहा कि ओलावृष्टि से खेतों में गेहूं सहित अन्य सभी फसलें बर्बाद हो गई हैं जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। किसानों ने मांग की है कि खेतों का जल्द सर्वे पूर्ण किया जाए और फसलों के नुकसान का उचित आंकलन कर किसानों को शीघ्र ही मुआवजा दिलाया जाए। इसके अलावा किसानों ने आंधी से विद्युत आपूर्ति बाधित होने की समस्या भी उठाई। किसानों ने कहा कि कई स्थानों पर तेज आंधी के चलते बिजली के पोल टूट गए हैं जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है। इन क्षतिग्रस्त पोलों को जल्द ठीक कराकर विद्युत आपूर्ति बहाल कराई जाए ताकि सिंचाई कार्य प्रभावित न हो सके। गेहूं खरीद केंद्रों की अव्यवस्थाओं को लेकर भी किसानों ने नाराजगी जताई। किसानों ने कहा कि गेहूं खरीद केंद्र संचालकों द्वारा निर्धारित मानकों से अधिक कटौती की जा रही है तथा किसानों का गेहूं समय पर नहीं तौला जा रहा है। जिससे किसानों को कई दिनों तक मंडी में डेरा डालकर इंतजार करना पड़ रहा है। किसानों ने मांग की है कि खरीद केंद्रों पर पारदर्शी व्यवस्था लागू की जाए और समय से गेहूं की तौल सुनिश्चित की जाए। किसानों ने चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो संगठन के बैनर तले आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान तहसील अध्यक्ष चतुर सिंह पटेल, महासचिव डॉ पीडी निरंजन, वीरेंद्र मुखिया सहित दर्जनों किसान मौजूद रहे।

## लंबित विवेचनाओं व IGRS शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा चौकी प्रभारियों के साथ समीक्षा गोष्ठी आयोजित




**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** - शुक्रवार दिनांक 10.04.2026 को पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा पुलिस लाइन स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में जनपद के समस्त चौकी प्रभारियों के साथ लम्बित विवेचनाओं एवं IGRS पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के संबंध में एक महत्वपूर्ण गोष्ठी आयोजित की गई।

गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सभी चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि लंबित विवेचनाओं का प्राथमिकता के आधार पर निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, IGRS पर प्राप्त जनशिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण निर्धारित समयावधि के भीतर किया जाए, जिससे आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास एवं संतुष्टि बढ़े। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि प्रत्येक प्रकरण में तथ्यों का गहन परीक्षण करते हुए विवेचना की गुणवत्ता बनाए रखें तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब न होने पाए। सभी अधिकारीगण को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में नियमित समीक्षा कर लंबित मामलों की प्रगति सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त, कानून-व्यवस्था की स्थिति सुदृढ़ बनाए रखने, अपराधों की रोकथाम एवं प्रभावी पुलिसिंग हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों पर संवेदनशीलता के साथ कार्यवाही करने तथा पीड़ितों को न्याय दिलाने हेतु विशेष जोर दिया गया।

# विद्यार्थियों ने क्राफ्ट एंड आर्ट प्रोजेक्ट प्रदर्शनी में प्रदर्शित की प्रतिभा



**●विधायक एवं पालिकाध्यक्ष ने विद्यार्थियों को दिया शुभाशीष**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** मोहल्ला तिलक नगर स्थित स्वामी विवेकानंद वर्सेटाइल स्कूल में विद्यार्थियों द्वारा तैयार विभिन्न क्राफ्ट एंड आर्ट प्रोजेक्ट की प्रदर्शनी शुक्रवार को लगाई गई। बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक मूलचंद निरंजन एवं विशिष्ट अतिथि पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, भाजपा नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना की। विधायक सहित पालिकाध्यक्ष ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। विद्यार्थियों ने मंगल तिलक कर एवं बैज अलंकरण कर अतिथियों का स्वागत किया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न क्राफ्ट एवं आर्ट प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए, जिनका अवलोकन कर अतिथियों



सहित अभिभावकों ने विद्यार्थियों की खूब सराहना की। विधायक ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक रचनात्मक गतिविधियों से विद्यार्थियों की प्रतिभा बढ़ती है। स्कूल के प्रबंधक जीतू पाटकार ने अतिथियों सहित अभिभावकों का आभार जताया। इस मौके पर नामित सभासद सुनील शर्मा, महेंद्र सोनी, धर्मेंद्र राठौर, सौरभ पुरवार, अंचल बिलैया सहित स्कूल स्टॉफ से डॉली, रितिका, पायल, श्रद्धा, पूनम, अनुष्का, मांडवी, झलक, शिवानी, गुनगुन, रोशनी, आशी, अरस्तु, सुमित, सिद्धार्थ, अंशिका, राज, शकुंतला आदि मौजूद रहीं।

# जिला स्तरीय अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समिति की समीक्षा बैठक संपन्न

**●गोवंश संरक्षण पर कड़ा फोकस अधिकारियों को दिए गए सख्त निर्देश, व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा**


स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** -गोवंश संरक्षण एवं गो-सेवा को सुशासन का आधार मानते हुए जनपद सोनभद्र के कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। उपाध्यक्ष महेश कुमार शुक्ल ने बताया कि उत्तर प्रदेश के यथस्वी एवं लोकप्रिय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी एवं कुशल नेतत्व में उत्तर प्रदेश सरकार गौ-सेवा को केवल एक प्रशासनिक दायित्व नहीं, बल्कि मानवीय, सामाजिक एवं आध्यात्मिक उत्तरदायित्व के रूप में स्वीकार करते हुए सतत कार्य कर रही है। राज्य सरकार द्वारा निराश्रित एवं असहाय गोवंश के संरक्षण, संवर्धन एवं समुचित देखभाल के लिए व्यापक एवं बहुआयामी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनके सकारात्मक परिणाम प्रदेश भर में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। उत्तर प्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य हैं जहा निराश्रित गोवंश के भरण पोषण के लिये सरकार द्वारा रू0 50 की दर से भरण पोषण की धनराशि उपलब्ध करायी जा रही है। उपाध्यक्ष महेश कुमार शुक्ल ने बताया कि प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी गौ-संरक्षण नीति के अंतर्गत वर्तमान में राज्य के विभिन्न जनपदों में 7700 से अधिक गौ-आश्रय स्थल सक्रिय रूप से संचालित हो रहे है। इन आश्रय स्थलों में 16 लाख से अधिक गोवंश को सुरक्षित आवास, नियमित आहार, स्वच्छ पेयजल तथा आवश्यक पशु-चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। यह व्यवस्था न केवल गोवंश के संरक्षण को सुनिश्चित कर रही हैं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था एवं सामाजिक संतुलन को भी सुदढ़ कर रही है। बैठक की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश गो-सेवा आयोग के उपाध्यक्ष महेश कुमार शुक्ल एवं सदस्य दीपक गोयल , विधायक सदर भूपेश



चौबे द्वारा की गई। बैठक के दौरान स्थायी एवं अस्थायी गो-आश्रय स्थलों से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर गहन समीक्षा की गई। उपाध्यक्ष ने निर्देश दिए कि गोवंश की देखभाल में लगे कर्मियों का भुगतान समय से सुनिश्चित किया जाए तथा उनका मानदेय मनरेगा द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी के अनुरूप दिया जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि गोशालाओं का नियमित निरीक्षण किया जाए तथा व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। साथ ही सभी गो-आश्रय स्थलों पर पौधारोपण सुनिश्चित कराने हेतु प्रभागीय वनाधिकारी को निर्देश दिए गए। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि हाईवे पर दुर्घटनाग्रस्त पशुओं को तत्काल निकटतम गो-आश्रय स्थल में सुरक्षित रखा जाए। गर्मी के दृष्टिगत गो-आश्रय स्थलों पर टिन शेड के ऊपर पुआल डालने, स्वच्छ पेयजल एवं छाया की समुचित व्यवस्था कराने के निर्देश संबंधित संचालकों को दिए गए। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने आश्वस्त किया कि बैठक में दिए गए सभी निर्देशों एवं मार्गदर्शन का अक्षरशः पालन कराया जाएगा तथा संबंधित अधिकारियों को शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, अंत में अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शासन की मंशा के अनुरूप गोवंश संरक्षण कार्यों को पूरी संवेदनशीलता, पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ संचालित किया जाएगा। बैठक में पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 वागीश कुमार शुक्ला, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी अजय कुमार मिश्रा, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, जिला सूचना अधिकारी सुधांशू शेखर शर्मा सहित जनपद स्तरीय संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## कानपुर में पार्टी से जेवरात भरा बैग पार: मेहमान बनकर आया शातिर, CCTV में कैद



**कानपुर।** कानपुर के बाबूपुरवा थाना क्षेत्र के बगाही इलाके में एक गेस्ट हाउस में आयोजित पार्टी से जेवरात भरा बैग चोरी होने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, आरोपी मेहमान बनकर कार्यक्रम में शामिल हुआ और करीब 2 घंटे तक पार्टी में मौजूद रहकर खाने-पीने का आनंद लेता रहा। इसी दौरान मौका पाकर वह जेवरात से भरा बैग लेकर फरार हो गया। पूरी वारदात गेस्ट हाउस में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। घटना का पता चलने पर पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसकी तलाश में जुटी है।

# विद्यार्थियों में बांटी गई शिक्षण सामग्री





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** तहसील के समीप नगर पालिका द्वारा संचालित अग्रसेन विवाह घर में बीते दो वर्षो से विद्यार्थियों की शिक्षा के लिए टीच फॉर चिल्ड्रेन हेल्प फाउंडेशन द्वारा चलाई जा रही निःशुल्क कोचिंग सेंटर पर शिक्षण सामग्री वितरित की गई। प्रमुख समाजसेवी रहे स्व. गोपालदास नारायण निगम की पुण्यतिथि के अवसर पर शुक्रवार को जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेशीय नेता दिलीप सेठ, भाजपा नेता प्रलुव्य निरंजन, डिस्ट्रिक्ट प्रेस क्लब के जिलाध्यक्ष मनोज राजा, उद्योगपति पंचम लाल ने कोचिंग सेंटर पहुंचकर वहां अध्ययनरत आधा सैकड़ा से अधिक विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री बांटी। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष सहित अन्य अतिथियों ने कहा कि विद्यार्थियों के बीच रहकर शिक्षण सामग्री वितरित करने पर उन्हें आत्मिक खुशी प्राप्त हुई है। आज की विद्यार्थी कल के भविष्य हैं जिनसे समाज और देश की प्रगति जुड़ी है। कहा कि विद्यार्थियों की मदद के लिए वह हमेशा तत्पर रहेंगे। शिक्षा के साथ ही विद्यार्थियों के लिए रचनात्मक और सांस्कृतिक कार्यक्रमो सहित खेलकूद, देशाटन की भी व्यवस्था रहनी चाहिए तभी विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास संभव है। इससे पहले कार्यक्रम के आयोजक राजेंद्र निगम एड, महेंद्र निगम एड. ने अतिथियों का स्वागत सम्मान कर आभार जताया। इस मौके पर लला गुप्ता, रामजी गुप्ता, अमरेंद्र दुवे, संजय अग्रवाल, विजय कुमार चौधरी, संजय लोहिया, प्रबंधक नरेंद्र कश्यप, अंजली कुशवाहा, रोशनी राठौर, निधि सिंघल, राघवेंद्र, संगीता आदि मौजूद रहे।

# गैंगेस्टर एक्ट के तहत सोनभद्र पुलिस की बड़ी कार्यवाही, जनपद में अभियान चलाकर विभिन्न थानों से सम्बन्धित गैंगेस्टर एक्ट में कुल 14 अभियुक्त गिरफ्तार

**●सोनभद्र पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए जनपद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु निरंतर अभियान जारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** -पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में गैंगेस्टर एक्ट के तहत सघन कार्यवाही की गई। उक्त अभियान के अंतर्गत जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों की पुलिस टीमों द्वारा सक्रिय एवं चिन्हित आपराधिक गिरोहों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करते हुए कुल 14 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।यह कार्रवाई संगठित अपराध, अवैध गतिविधियों एवं आपराधिक गिरोहों पर अंकुश लगाने तथा जनपद में शांति एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के उद्देश्य से की गई है। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। विभिन्न थानों में कार्यवाही का विवरण क्रमशःथाना रामपुर बरकोनिया पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 35/2026 धारा 3(1) गैंगेस्टर एक्ट से सम्बन्धित 04 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। अमरनाथ पुत्र राम सहाय निवासी ग्राम सोमा दक्षिण टोला थाना मांची जनपद सोनभद्र, उम्र-35 वर्ष ,




गनेश पुत्र जित्तू निवासी ग्राम सोमा दक्षिण टोला थाना मांची जनपद सोनभद्र, उम्र-32 वर्ष , नन्दू पुत्र रामलगन निवासी ग्राम सोमा दक्षिण टोला थाना मांची जनपद सोनभद्र, उम्र-36 वर्ष , केशव प्रसाद पुत्र पच्चू निवासी ग्राम करौदिया थाना रामपुर बरकोनिया जनपद सोनभद्र, उम्र-30 वर्ष , अभियुक्तगण का अपराधिक इतिहास-मु0अ0सं0-80/2025 धारा-109(1) बीएनएस व 3/5ए/5बी/8 गोवध निवारण अधि0 थाना रायपुर जनपद सोनभद्र । इसी क्रम में थाना दुद्धी पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 101/2026 धारा 3(1) गैंगेस्टर एक्ट से सम्बन्धित 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। भरत यादव पुत्र फौजदार निवासी बरखोहरा थाना विण्ढमगंढ जनपद सोनभद्र, रियाजुद्दीन पुत्र इस्लामुद्दीन निवासी बघाडू थाना दुद्धी जनपद सोनभद्र। अभियुक्तगण का अपराधिक इतिहास- मु0अ0स0-168/25 धारा-3/5ए/5बी/8 गोवध निवारण अधिनियम थाना दुद्धी,सोनभद्र। इसी क्रम में थाना पन्नूगंज पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 70/2026 धारा 3(1) उ0प्र0 गैंगेस्टर अधिनियम से सम्बन्धित 04 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। मिन्टू उर्फ विवेकानंद शुक्ला पुत्र रामदुलारे उर्फ दुर्योधन निवासी ग्राम पकरहट थाना पन्नूगंज जनपद सोनभद्र, उम्र-32 वर्ष , संतोष कुमार पुत्र स्व0 राम किशुन निवासी ग्राम राकी थाना पन्नूगंज जनपद सोनभद्र, उम्र-33 वर्ष , लवकुश पुत्र रामजी भारती निवासी ग्राम बजरा थाना पन्नूगंज जनपद सोनभद्र, उम्र-25 वर्ष , अनिल कुमार पुत्र गुलाब भारती निवासी ग्राम बजरा थाना पन्नूगंज जनपद सोनभद्र, उम्र-30 वर्ष।

अभियुक्तगण का अपराधिक इतिहास-मु0अ0सं0 143/2025 धारा 70(1),351(3) बी0एन0एस0 व 66ई, 67ए आई0टी0 एक्ट थाना पन्नूगंज।

इसी तरह थाना घोरावल पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 71/2026 धारा 3(1) उ0प्र0 गैंगेस्टर अधिनियम से सम्बन्धित 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। दीपक कुमार पुत्र रमेश निवासी औराही थाना घोरावल जनपद सोनभद्र, उम्र लगभग 22 वर्ष। इसी तरह थाना कोन पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 54/2026 धारा 3(1) उ0प्र0 गैंगेस्टर अधिनियम से सम्बन्धित 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। अमृत लाल कोल पुत्र भोला कोल निवासी खड़ार थाना गढ़वा जिला सिंगरौली (म0प्र0) उम्र करीब 45 वर्ष , राममिलन पुत्र भूलन निवासी खडार पड़री थाना गढ़वा जिला सिंगरौली (म0प्र0) उम्र करीब 56 वर्ष , छोटेलाल उर्फ छद्दू पुत्र अमेरिका निवासी ग्राम रामगढ़ थाना कोन जिला सोनभद्र उम्र करीब 49 वर्ष ।

अभियुक्तगण का अपराधिक इतिहास-मु0अ0सं0 -217/25 धारा 109 बीएनएस व 3/25 आयुध अधिनियम एवं 3/5ए/5बी/8 गोवध निवारण अधि0 थाना कोन जनपद सोनभद्र।सोनभद्र पुलिस ने स्पष्ट किया कि अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध निरंतर अभियान जारी रहेगा।

**कार्यालय-ग्राम पंचायत अहिरौली पड़री वि.खं. भनवापुर, सिद्धार्थनगर**

पत्रांक: मेमो/निविदा/सामग्री/2026-27

अल्पकालीन निविदा सूचना

ग्राम पंचायत अहिरौली पड़री द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना ( VB- G RAMG )/पन्द्रहवां वित्त पंचम राज्य वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन एस.एल.डब्ल्यू.एम. सांसद/विधायक /एम.एल.सी निधि आदि योजना अंतर्गत वर्ष 2026-2027 में स्वीकृत योजनाओं के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों में प्रयोग हेतु सामग्री आपूर्ति हेतु (प्रथम श्रेणी ईट, सीमेण्ट ईट की गिट्टी, पत्थर की गिट्टी, सरिया, पैंट, साइनबोर्ड, ह्यूमपाइप, स्ट्रीट लाईट, सफाई सामग्री, ठेला, सादा बालू मोरंग, कुढ़ापात्र, प्लास्टिक बैंक, ई-रिक्शा, साइकिल, ई-रिक्शा मरम्मत, स्वच्छता किट, इन्सीनीरेटर आदि एवं अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि) की आवश्यकता है। इस निमित निविदा आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 22-04-2026 को 12:00 बजे तक आपूर्ति हेतु अपनी निविदा फार्म रूपयां 1.00 रु. स्टाम्प पेपर तथा वांक्षित प्रपत्र बन्द लिफाफे में कार्यालय स्थान ग्राम पंचायत अहिरौली पड़री निविदा बाक्स में डाला जाएगा। निविदा उसी दिन 01:00 बजे निविदाताओं के समक्ष खोला जाएगा।

1. अधिकृत फर्म/अधिकृतं डीलर का जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है 03 वर्ष का आयकर क्लियरेंश संलग्न करना अनिवार्य है।
2. जी.एस.टी. तथा कार्टेज चार्ज जोड़कर ही दरें प्रस्तुत की जाय।
3. आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति पर 2.28 प्रतिशत आयकर / टीडीएस देना होगा।
4. प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नहीं होगी। पी. डब्लू डी के समयानुसार तय दर पर ही भुगतान की जाएगी।
5. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान, रोजगार सेवक, पंचायत सहायक, टीए, अवर अभियन्ता के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा निविदा प्रस्तुत नहीं की जाएगी।
6. धरोहर की धनराशि मु. 5000.00 (पांच हजार) है।
7. धरोहर की राशि राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफडीआर/एनएसेंसी एवं डाकघर के बचत पत्र जो सचिव ग्राम पंचायत के नाम बंधक हो की। मूल प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
8.निविदा स्वीकृत होने के उपरांत ग्राम प्रधान/ सचिव ग्राम पचायत द्वारा आदेश देने पर ही सामग्री की आपूर्ति की जाएगी।
9. आदेश देने के सात दिनों के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर की धनराशि जप्त कर ली जाएगी।
10. सामग्री की आपूर्ति स्वीकृतदर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
11.सामग्री की मात्रा कार्य के अनुसार घटाई व बढ़ाई जा सकती है।
12. आपूर्तिकर्ता को भुगतान का. इंजिनियर/अवर अभियन्ता (ग्रा.अभि.वि )/ तक. सहायक द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा। गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर भुगतान नहीं की जायेगा।
13.निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त प्रपंत्र 100.00 रुपये है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
14. निविदा फार्म किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से निर्धारित मूल्य देकर प्राप्त किया जा सकता है।
15. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान सचिव ग्राम पंचायत के पास होगा।
16. निविदा के सम्बन्ध में अन्य जानकारी सचिव ग्राम पंचायत अहिरौली पड़री से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।
17. जिस कार्य कि निविदा पृथक से निकाली जाएगी उस कार्य पर इस निविदां की शर्ते लागू नहीं होगी।

**रविंद्र सिंह**
**ग्रा.पं./सचिव**
**ग्राम पंचायत अहिरौली पड़री,**
**विकास खण्ड, भनवापुर**
**सिद्धार्थनगर**

**कविता**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत अहिरौली पड़री**
**विकास खण्ड- भनवापुर,**
**सिद्धार्थनगर**

**कार्यालय-ग्राम पंचायत रोहावं बुजुर्ग वि.खं. भनवापुर, सिद्धार्थनगर**

पत्रांक: मेमो/निविदा/सामग्री/2026-27

अल्पकालीन निविदा सूचना

ग्राम पंचायत रोहावं बुजुर्ग द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना ( VB- G RAMG )/पन्द्रहवां वित्त पंचम राज्य वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन एस.एल.डब्ल्यू.एम. सांसद/विधायक /एम.एल.सी निधि आदि योजना अंतर्गत वर्ष 2026-2027 में स्वीकृत योजनाओं के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों में प्रयोग हेतु सामग्री आपूर्ति हेतु (प्रथम श्रेणी ईट, सीमेण्ट ईट की गिट्टी, पत्थर की गिट्टी, सरिया, पैंट, साइनबोर्ड, ह्यूमपाइप, स्ट्रीट लाईट, सफाई सामग्री, ठेला, सादा बालू मोरंग, कुढ़ापात्र, प्लास्टिक बैंक, ई-रिक्शा, साइकिल, ई-रिक्शा मरम्मत, स्वच्छता किट, इन्सीनीरेटर आदि एवं अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि) की आवश्यकता है। इस निमित निविदा आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 22-04-2026 को 12:00 बजे तक आपूर्ति हेतु अपनी निविदा फार्म रूपयां 1.00 रु. स्टाम्प पेपर तथा वांक्षित प्रपत्र बन्द लिफाफे में कार्यालय स्थान ग्राम पंचायत रोहावं बुजुर्ग निविदा बाक्स में डाला जाएगा। निविदा उसी दिन 01:00 बजे निविदाताओं के समक्ष खोला जाएगा।

1. अधिकृत फर्म/अधिकृतं डीलर का जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है 03 वर्ष का आयकर क्लियरेंश संलग्न करना अनिवार्य है।
2. जी.एस.टी. तथा कार्टेज चार्ज जोड़कर ही दरें प्रस्तुत की जाय।
3. आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति पर 2.28 प्रतिशत आयकर / टीडीएस देना होगा।
4. प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नहीं होगी। पी. डब्लू डी के समयानुसार तय दर पर ही भुगतान की जाएगी।
5. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान, रोजगार सेवक, पंचायत सहायक, टीए, अवर अभियन्ता के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा निविदा प्रस्तुत नहीं की जाएगी।
6. धरोहर की धनराशि मु. 5000.00 (पांच हजार) है।
7. धरोहर की राशि राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफडीआर/एनएसेंसी एवं डाकघर के बचत पत्र जो सचिव ग्राम पंचायत के नाम बंधक हो की। मूल प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
8.निविदा स्वीकृत होने के उपरांत ग्राम प्रधान / सचिव ग्राम पचायत द्वारा आदेश देने पर ही सामग्री की आपूर्ति की जाएगी।
9. आदेश देने के सात दिनों के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर की धनराशि जप्त कर ली जाएगी।
10. सामग्री की आपूर्ति स्वीकृतदर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
11.सामग्री की मात्रा कार्य के अनुसार घटाई व बढ़ाई जा सकती है।
12. आपूर्तिकर्ता को भुगतान का. इंजिनियर/अवर अभियन्ता (ग्रा.अभि.वि )/ तक. सहायक द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा। गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर भुगतान नहीं की जायेगा।
13.निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त प्रपंत्र 100.00 रुपये है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
14. निविदा फार्म किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से निर्धारित मूल्य देकर प्राप्त किया जा सकता है।
15. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान सचिव ग्राम पंचायत के पास होगा।
16. निविदा के सम्बन्ध में अन्य जानकारी सचिव ग्राम पंचायत रोहावं बुजुर्ग से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।
17. जिस कार्य कि निविदा पृथक से निकाली जाएगी उस कार्य पर इस निविदां की शर्ते लागू नहीं होगी।

**रविंद्र सिंह**
**ग्रा.पं./सचिव-**
**ग्राम पंचायत रोहावं बुजुर्ग,**
**विकास खण्ड, भनवापुर**
**सिद्धार्थनगर**

**पूजाराम**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत रोहावं बुजुर्ग**
**विकास खण्ड- भनवापुर,**
**सिद्धार्थनगर**

## संक्षिप्त खबरें

### रामादेवी टैक्सी स्टैण्ड पर अवैध वसूली करने वाला शातिर अपराधी गिरफ्तार



**कानपुर।** आज दिनांक 10.04.2026 को चकेरी थाना पुलिस ने एक बड़ी कार्यवाही करते हुए रामादेवी चौराहे पर संचालित टैक्सी स्टैण्ड के वाहन चालको को डराधमका कर अवैध वसूली करने वाले टिंकू शुक्ला पुत्र स्व0 कृष्ण शंकर शुक्ला निवासी गाँधी ग्राम थाना चकेरी कानपुर नगर के विरुद्ध त्वारित कार्यवाही करते हुए, उपरोक्त के विरूद्ध थाना चकेरी पर मुकदमा पंजीकृत कर गिरफ्तार कर लिया।

### परमपुरवा चौकी का जीर्णोद्धार, उद्घाटन



**कानपुर।** आज दिनांक 10.4.2026 को पुलिस उपायुक्त दक्षिण दीपेंद्र नाथ चौधरी द्वारा थाना जूही की परमपुरवा चौकी का जीर्णोद्धार के उपरांत फीता काटकर उद्घाटन किया गया । इस मौके पर अपर पुलिस उपायुक्त दक्षिण एवं सहायक पुलिस आयुक्त बाबूपुरवा महोदय एवं साथ क्षेत्र के सम्मानित व्यक्ति भी मौके पर मौजूद रहे ।

### आरक्षी आशीष शुक्ला बने यूपीपीसीएस-24 में कॉमर्शियल टैक्स ऑफिसर, अधिकारियों ने दी बधाई



**कानपुर।** 18वीं बैच के आरक्षी आशीष शुक्ला, जो वर्तमान में कमिश्नरेट कानपुर नगर में नियुक्त हैं तथा मूलतः शुक्ला बाजार, जनपद अमेठी के निवासी हैं, का चयन UPPCS 2024 में कॉमर्शियल टैक्स ऑफिसर पद पर हुआ है। आज पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल एवं अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) डॉ. विपिन ताडा द्वारा आरक्षी आशीष शुक्ला को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी गई तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर आईपीएस सुमित सुधारकर रामटेके भी उपस्थित रहे तथा उन्होंने भी आरक्षी आशीष शुक्ला को उनकी सफलता पर शुभकामनाएं प्रदान कीं।

### स्कूल चलो अभियान के तहत बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली




**सिद्धार्थनगर-** जिले के खुनियांव विकास क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बढ़या प्रथम में शिक्षण सत्र के प्रथम चरण में शुक्रवार को स्कूल चलो अभियान की रैली निकाली गई। इस दौरान लोगों को संचारी रोग नियन्त्रण एवं दस्तक अभियान के बारे में भी जागरूक किया गया। जिसका शुभारंभ प्रभारी प्रधानाध्यापक अजब सिंह ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वहीं प्रभारी प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक बीच-बीच में अभिभावकों से अपील कर रहे थे कि अपने परिवार के 6 वर्ष से 14 वर्ष तक के बच्चों के नाम परिषदीय विद्यालयों में अवश्य लिखवाएं। उक्त रैली में प्रभारी प्रधानाध्यापक अजब सिंह, उदयभान, नीरज गौतम के अलावा सी एच ओ मदीना, एएनएम आशा देवी, रेखा देवी, निर्मला देवी, विजय चौरसिया आदि लोगों ने प्रतिभाग किया।

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत अंतिम मतदाता सूची का हुआ प्रकाशन, कानपुर नगर में 28,51,060 मतदाता

### ●जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सौंपी अंतिम मतदाता सूची

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) के अंतर्गत आज दिनांक 10 अप्रैल 2026 को जनपद कानपुर नगर में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन हुआ। जिलाधिकारी श्री जितेंद्र प्रताप सिंह ने पांच मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय दलों एवं दो राज्य स्तरीय दलों को अंतिम मतदाता सूची की प्रति उपलब्ध कराई। जिलाधिकारी ने विशेष प्रगाढ़ मतदाता सूची अभियान में सहयोग के लिए जनपदवासियों, राजनीतिक दलों, मीडिया प्रतिनिधियों, समस्त बीएलओ एवं प्रक्रिया से संबंधित समस्त कार्मिकों का आभार व्यक्त किया। आज प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची में कानपुर जनपद के 10 विधानसभा क्षेत्र में कुल 28,51,060 मतदाता हैं। जिसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 15,35,294 तथा महिला मतदाताओं की संख्या 13,15,656 है। थर्ड जेंडर के 110 मतदाता हैं। आज प्रकाशित मतदाता सूची के अनुसार जनपद में कुल 23 919 दिव्यांग मतदाता हैं। इनमें 15,186 पुरुष मतदाता तथा 8731 महिला मतदाता हैं, जबकि 2 दिव्यांग श्रेणी के मतदाता थर्ड जेंडर से संबंधित हैं। इसी प्रकार आयु के अनुसार 18-19 आयु वर्ग के 38,053, 20-84 आयु वर्ग के 27,99,560 तथा 85+ आयु वर्ग के 13,447 मतदाता हैं। अंतिम मतदाता सूची के अनुसार बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र में 3,40,950, बिठूर विधानसभा क्षेत्र में 3,44,036, कल्याणपुर विधानसभा क्षेत्र में 2,64,636, गोविंद नगर विधानसभा क्षेत्र में 2,57,330, सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र में 2,12,940, आर्य नगर विधानसभा क्षेत्र में 2,21,779, किदवई नगर विधानसभा क्षेत्र में 2,73,355, कानपुर कैंट विधानसभा क्षेत्र में 2,69,396, महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र में 3,69,379 तथा घाटमपुर विधानसभा क्षेत्र में 2,97,259 मतदाता है।

## पूर्व प्राचार्य के निधन से चहुओर शोक की लहर



**प्रतापगढ़।** शहर के अजीत नगर ठकुरैया निवासी केपी कालेज के पूर्व प्राचार्य उदयभान सिंह का गुरुवार की सुबह उनके निवास पर लंबी बीमारी के बाद 70 वर्ष की आयु में निधन हो गया।उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनके आवास पर अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या मे लोग उमड़ पड़े।शिक्षकों, छात्रों, सामाजिक व गणमान्य व्यक्तियों ने नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उदयभान सिंह अपने सादगीपूर्ण जीवन, अनुशासन और शिक्षा के प्रति समर्पण के लिए जाने जाते थे।उन्होंने केपी कालेज में प्राचार्य रहते हुए शिक्षा के स्तर को ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।उनका व्यवहार सरल, मिलनसार और प्रेरणादायक था, जिसके कारण वे सभी के बीच अत्यंत सम्मानित रहे। उनके निधन से शिक्षा जगत एवं समाज को अपूरणीय क्षति हुई है।

# पुलिस ने और तेज की एक दर्जन से ज्यादा फरार साइबर ठगों की तलाश, अब तक 20 को जेल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** शार्टकट रास्ते से धनवान बनने की तमन्ना .बेरोजगार युवकों को साइबर अपराध के रास्ते पर ले जाने में सफल हो चुकी है, जिसके फल स्वरुप कानपुर का रेउना थाना क्षेत्र भी साइबर ठगी के इसी रास्ते पर चल पड़ा है। इसकी पुष्टि तब हुई जब पुलिस ने यहां छापा मार कर साइबर ठगी के अपराध में लिप्त 20 युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। जबकि एक दर्जन से ज्यादा मौके का फायदा उठाकर भाग जाने में सफल रहे अब पुलिस इन युवकों की भी तलाश कर रही है। यह साइबर ठग अबतक उत्तर प्रदेश के साथ ही मध्य प्रदेश, राजस्थान, बिहार, झारखंड, बंगाल, उड़ीसा ,गुजरात और महाराष्ट्र समेत और भी कई राज्यों के सैकड़ो लोगों को निशाना बनाकर करोड़ों रुपए की ठगी करने में सफल हो चुके हैं। इनमें से अधिकांश लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ बनाने के नाम पर ठगी का शिकार बनाया गया है । फिलहाल पुलिस मामले की गहन छानबीन के साथ ही फरार चल रहे अन्य आरोपियों की भी तलाश लगातार कर रही है। इन साइबर ठगों को पकड़ने के लिए 20 गाड़ियों से दर्जनों पुलिसकर्मी अधिकारियों के साथ पहुंचे थे। यहां पुलिस फोर्स ने ड्रोन की मदद से ट्रेसकर 20 साइबर ठगों को गिरफ्तार कर गिरोह का राजफाश किया। गिरोह में शामिल पांचवीं से 11वीं पास शातिर फर्जी आईपीएस अधिकारी बन लोगों को चूना लगा रहे थे। पुलिस ने बताया कि गिरोह अश्लील वीडियो देखने, सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर लोगों को झांसा देकर ठगी कर रहा था। पुलिस के मुताबिक इसी गिरोह 14 लोग अभी भी फरार हैं । उनती तलाश लगातार की जा रही है।

## विनियमन शुल्क की धनराशि जमा न करने पर ईट-भट्ठे को किया गया सीज

**प्रतापगढ़।** खान निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया है कि जनपद में बिना विनियमन शुल्क जमा किये भट्ठे के संचालन करने पर उनके विरूद्ध लगातार नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। इस क्रम में 08 अप्रैल को तहसील रानीगंज में प्रेम नगर चौराहा के पास मेसर्स एमएलए ब्रिक फील्ड प्रोपराइटर मुस्ताक अहमद द्वारा बिना विनियमन शुल्क जमा किये ईट बनाने हेतु प्रयोग में लायी जाने वाली मिट्टी का खनन करते हुये भठ्ठे का संचालन किया ज रहा था, जिससे राजस्व की क्षति हो रही थी। भठ्ठा स्वामी को बकाया विनियमन शुल्क जमा किये जाने हेतु भठ्ठे पर जाकर खनन विभाग द्वारा कई बार नोटिस दिया गया परन्तु भठ्ठा स्वामी द्वारा विनियमन शुल्क की धनराशि जमा नहीं करायी गयी। जिस कारण तहसीलदार रानीगंज के द्वारा ईट भठ्ठे को सीज कर दिया गया है। खान निरीक्षक ने बताया है कि जनपद में बिना विनियमन शुल्क जमा किये गये समस्त ईट-भठ्ठो को चिन्हित कर उस पर कार्यवाही की जा रही है।

## झकरकटी बस अड्डा से टाटमील मार्ग होगा अतिक्रमण मुक्त, रस्सी लगाकर किया चिन्हित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर ।** आज दिनांक 10.4.2026 को पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार द्वारा सुगम यातायात योजना 'Reducing Traffic Congestion (RTC) Scheme' के प्रभावी क्रियान्वयन के क्रम में झकरकट्टी बस अड्डा-टाटमिल चौराहा मार्ग का विशेष निरीक्षण किया गया । यातायात को सुगम एवं व्यवस्थित बनाए रखने हेतु रस्सी द्वारा स्पष्ट चिन्हांकन किया गया है । इस मार्ग पर यातायात को सुगम एवं व्यवस्थित बनाए रखने हेतु अवैध अतिक्रमण को हटाने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया,रेहडी व गुमटी संचालकों से संवाद स्थापित कर पुनः अतिक्रमण न करने हेतु समझाया गया, जिससे वाहनों की आवाजाही निर्धारित लेन में सुनिश्चित हो सके । दुकानदारों से अपील की गई कि वे यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें, जिससे मार्ग पर जाम की स्थिति उत्पन्न न हो । इस मार्ग पर रूट मार्शल टीएसआई आशीष पांडे की तैनाती की गयी है । मार्ग के चिन्हित चोक पॉइंट्स (Choke Points) की पहचान कर उनके कारकों को दूर किया जाएगा जिससे यात्रियों के ट्रैवल टाइम को घटाया जा सके । इस व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य इस मार्ग पर अनावश्यक जाम की स्थिति को समाप्त करना, यातायात प्रवाह को निर्बाध बनाए रखना तथा यात्रियों के समय की बचत करना है । उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं यातायात कर्मियों को निर्देशित किया कि चिन्हित रूट व्यवस्था हर समय स्पष्ट एवं अवरोध मुक्त बनी रहे । मौके पर एडीसीपी यातायात कपिल देव सिंह, RM रोडवेज , यातायात निरीक्षक पूर्वी जोन प्रथम श्री राजेश मिश्रा, SHO बाबुपुरवा व साह रायपुरवा मौजूद रहें ।

# कानपुर किडनी कांड के प्रमुख अभियुक्तों पर पुलिस ने 25-25 हजार का इनाम घोषित किया

### ●हमें इनपुट प्राप्त हुए हैं, वाकी बचे अभियुक्तों की गिरफ्तारी शीघ्र होगी - पुलिस उपायुक्त पश्चिम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** कानपुर में थाना रावतपुर क्षेत्र के अंतर्गत अवैध किडनी ट्रांसप्लांट कांड के फरार तीन अभियुक्तों पर पुलिस ने 25-25 हजार का इनाम घोषित किया है। और पुलिस शीघ्र से शीघ्र इन्हें गिरफ्तार करने की ओर अग्रसर है। पुलिस उपायुक्त पश्चिम एस एम कासिम आबिदी ने प्रेस को बताया कि थाना रावतपुर क्षेत्र में विगत दिवसों में प्राइवेट अस्पतालों में अवैध किडनी खरीद-फरोख्त से संबंधित प्रकरण में अभी तक पुलिस द्वारा कुल नौ अभियुक्तों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। इस प्रकरण के तीन मुख्य अभियुक्त रोहित, अफजाल व मुदस्सर अली के ऊपर 25-25 हजार रूपये का इनाम घोषित किया गया है। पुलिस उपायुक्त पश्चिम एस एम कासिम आबिदी ने कहा कि हमारी टीम उनकी गिरफ्तारी हेतु लगातार कार्य कर रही है। और जल्द ही उनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त, कुछ महत्वपूर्ण इनपुट्स भी प्राप्त हुए हैं, जिनके आधार पर पुलिस टीमें निरंतर कार्रवाई कर रही हैं। इस कांड में अभी तक शहर के नामचीन प्राइवेट अस्पतालों के कई डाक्टरों समेत कुल नौ लोगों की गिरफ्तारी की गई है और दो प्राइवेट अस्पतालों को सील कर दिया गया है। इनके द्वारा लाचार लोगों से अवैध तरीके से सस्ते दामों में किडनी खरीद कर दस गुना दामों में बेच कर ट्रांसप्लांट का गोरखधंधा किया जा रहा था जो कि पकड़ में आ गया।

## त्वरित आर्थिक विकास योजनान्तर्गत अवस्थापना सम्बन्धी 2424.53 लाख रुपए का कार्य स्वीकृत

**प्रतापगढ़।** जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी प्रियंका सोनी ने बताया है कि जनपद को शासन द्वारा त्वरित आर्थिक विकास योजनान्तर्गत कुल 114 कार्यो हेतु रूपये 2424.53 लाख की स्वीकृति प्रदान की गयी जिसके द्वारा विभिन्न परियोजनाएं यथा भयहरणनाथ धाम में कंवेनशन सेन्टर, 08 पी0सी0 सम्पर्क मार्ग एवं विभिन्न नगरीय/ग्रामीण क्षेत्रों में 105 इण्टरलांकिग/सी0सी0 मार्ग कार्य कराये जायेगें। कार्यो को कराये जाने हेतु प्रथम किश्त के रुप में रुपये 599.00 लाख की धनराशि कार्यदायी संस्था उ0प्र0 आवास विकास परिषद, लोक निर्माण विभाग एवं ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग को अवमुक्त किया जा चुका है। कार्य शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जायेगा जिससे जनपद में बुनियादी आधारभूत अवस्थापना का विकास होगा। उन्होने बताया है कि जिलाधिकारी द्वारा समस्त निर्माण कार्यो को गुणवत्ता व ससमय पूर्ण करने के निर्देश समस्त कार्यदायी संस्थाओं को दिये गये है।

# श्री हनुमान मंदिर चिलबिला पर चल रही गायत्री महायज्ञ प्रज्ञा पुराण कथा में उमड़ रही भक्तों की भीड़

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** श्री हनुमान मंदिर चिलबिला तालाब पर राष्ट्र जागरण पावन प्रज्ञा पुराण कथा एवं गायत्री महायज्ञ 6 अप्रैल सोमवार को मंगल कलश यात्रा से शुभारंभ हुआ था। जिसमें प्रतिदिन महायज्ञ और प्रज्ञा पुराण कथा में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। शुक्रवार पांचवे दिन महायज्ञ हवन कर पूरे चिलबिला नगरवासियों ने हवन पूजन कर आशीर्वाद लिया। मंदिर समिति के व्यवस्थापक समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य सपत्नी महायज्ञ में शामिल होकर हवन पूजन कर आरती उतारी माता गायत्री से प्रार्थना की कि विश्व कल्याण के लिए चल रही पांच दिवसीय महायज्ञ प्रज्ञा पुराण कथा में शामिल हुए सभी भक्तों का कल्याण करें। महायज्ञ प्रज्ञा पुराण कथा के व्यास कैलाश नारायण तिवारी की कथा श्रवण करने के लिए भक्तों की भीड़ हनुमान मंदिर पर उमड़ रही है। कथा व्यास ने बताया कि हम बदलेंगे युग बदलेगा हम सुधरेंगे युग सुधरेगा। हम सबको सतमार्ग पर चलना चाहिए।माता गायत्री महायज्ञ में शामिल होकर अपने किए गए पापों से भक्त मुक्ति पा सकते हैं। इस अवसर पर किशन लाल, सोनू महाराज, सुरेश अग्रवाल, प्रमोद कुमार, छेदीलाल, सत्य प्रकाश केडिया, विकास, दीपक सभासद, आनंद उमरवैश्य, श्याम किशोर जयसवाल,पवन उमरवैश्य, बजरंग लाल, भानू यादव, संतोष उमरवैश्य, विवेक उमरवैश्य, मनोज कुमार, मोहनलाल यादव, शनि महाराज, छोटेलाल सोनी, आशीष कुमार, विवेक यादव, देवी प्रसाद आदि महायज्ञ में सैकड़ो की संख्या में मौजूद रहे।

# बालिका शिक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

### ●छात्राओं ने निकाली 'स्कूल चलो अभियान' रैली

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रतापगढ़।** पट्टी तहसील क्षेत्र के राजकीय बालिका इंटर कालेज, रायपुर पट्टी में फावा नेटवर्क लखनऊ के निर्देशन में तरुण चेतना संस्था द्वारा 'बालिका शिक्षा का महत्व' विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रेरित करने के साथ-साथ डिजिटल युग में मोबाइल और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की उपयोगिता के बारे में भी जानकारी दी गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था के उपनिदेशक श्याम शंकर शुक्ला ने कहा कि वर्तमान समय में डिजिटल तकनीक और एआई का ज्ञान अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बालिकाओं को शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने और तकनीकी ज्ञान से सशक्त होने के लिए प्रेरित किया।

अभियान प्रभारी हुस्नारा बानो ने बताया कि उनकी संस्था बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सघन अभियान चला रही है ताकि अधिक से अधिक बालिकाएं शिक्षा से जुड़ सकें और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बन सकें। समाजसेवी हकीम अंसारी ने कहा कि समाज के समग्र विकास के लिए बालिका शिक्षा अत्यंत जरूरी है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी बेटियों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करें। कार्यक्रम के उपरांत 'स्कूल चलो अभियान' के अंतर्गत छात्राओं द्वारा एक जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें शिक्षा के महत्व के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य, अध्यापकगण—कंचन मिश्रा, अपर्णा, पूजा गुप्ता सहित अन्य लोगों ने भी अपने विचार व्यक्त किए और बालिकाओं को शिक्षा के प्रति प्रेरित किया।

## 105 वर्ष की आयु में प्रथम सरपंच की धर्मपत्नी का निधन, गांव में शोक की लहर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर** - जनपद के विकास खंड खजनी अंतर्गत ग्राम सतुआभार में शुक्रवार को गहरा शोक छा गया, जब गांव के प्रथम सरपंच की धर्मपत्नी श्रीमती भुराति देवी का 105 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका देहावसान दिनांक 10 अप्रैल को दोपहर लगभग 2 बजे हुआ। जैसे ही यह दुखद समाचार गांव में फैला, पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई और लोगों का तांता उनके आवास पर लग गया।

श्रीमती भुराति देवी अपने सरल स्वभाव, धार्मिक आस्था और सामाजिक सरोकारों के लिए जानी जाती थीं। उन्होंने अपने जीवनकाल में न केवल परिवार बल्कि पूरे गांव को एकजुट रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बुजुर्गों के प्रति सम्मान और बच्चों के प्रति स्नेह उनकी पहचान रहा। गांव के लोग उन्हें एक मार्गदर्शक और आशीर्वाद स्वरूप मानते थे।

उनका जीवन एक प्रेरणा की तरह रहा, जिसमें उन्होंने बदलते समय के साथ गांव के विकास को भी करीब से देखा। प्रथम सरपंच के परिवार से जुड़े होने के कारण उन्होंने पंचायत व्यवस्था के शुरुआती दौर को भी जिया और सामाजिक परिवर्तन की साक्षी बनीं।

परिजनों के अनुसार, उनका अंतिम संस्कार 11 अप्रैल को पूरे विधि-विधान के साथ किया जाएगा। इस दौरान गांव सहित आसपास के क्षेत्रों के लोग उन्हें अंतिम विदाई देने के लिए उपस्थित रहेंगे। पौत्र गदाधर दुबे व

ग्रामवासी सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं शुभचिंतकों ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिवार को इस अपार दुख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

# 2 करोड़ पचास लाख रुपये का बजट सदस्य क्षेत्र पंचायत की बैठक में किया गया पास

### ●ब्लॉक परिसर बर्डपुर में क्षेत्र पंचायत की बैठक में उपस्थित लोग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता






**सिद्धार्थनगर ।** ब्लॉक बर्डपुर सभागार में शुक्रवार को क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक ब्लॉक प्रमुख वंदना सिंह की अध्यक्षता में हुई। जिसमें में सर्वसम्मति से विकास कार्यो के लिए 2 करोड़ पचास लाख रुपये का बजट पास किया गया। बैठक में उपस्थित सदस्य क्षेत्र पंचायत व ग्राम प्रधानों ने विकास कार्य के लिए क्षेत्र के विकास कार्य के लिए प्रस्ताव भी दिए। बीडीओ ओम प्रकाश सिंह यादव ने पूर्व की कार्यवाही व विकास कार्यो के बारे में चर्चा सदन के समक्ष किया। विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग से संबंधित संचालित योजनाओं की जानकारी सदन में रखी।

ब्लॉक प्रमुख बर्डपुर वंदना सिंह ने कहा कि सभी क्षेत्र पंचायत सदस्य अपने क्षेत्र से संबंधित कार्यो संबंधित प्रस्ताव को समय से उपलब्ध करा दें ताकि कार्य योजनाओं में सम्मिलित कर विचार किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र के विकास के लिये अनवरत प्रयास किये जा रहे हैं। आवश्यकता अनुसार क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर विकास कार्य को गति प्रदान किया गया है। जन समुदाय के सहयोग से अन्य जरूरी शेष कार्यो को भी पूरा कराने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि जनता की ओर से चुने गए सभी जनप्रतिनिधि व शासन के सभी अधिकारी और कर्मचारी जब मिलकर काम करँगे, तभी क्षेत्र व देश-प्रदेश का बेहतर विकास होना संभव है। ब्लॉक प्रमुख ने क्षेत्र पंचायत सदस्यों व ग्राम प्रधानों के द्वारा विकास कार्य में सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। ब्लॉक प्रमुख ने यह भी कहा कि इस महत्वपूर्ण बैठक में जिन विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति नहीं रही है , उनके खिलाफ उच्चाधिकारियों को पत्र देकर आवश्यक कार्यवाही के लिये अवगत कराया जायेगा। कार्यक्रम को पूर्व विधायक चौधरी अमर सिंह, जिला पंचायत सदस्य जहूर खान, सबलू साहनी, रमजान अली सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने विभाग से जुड़ी योजनाओं व उनकी प्रगति के बारे में सदन में चर्चा किया। सर्वसम्मति से 2 करोड़ 50 लाख रुपए का बजट विकास कार्यो के लिये पास किया गया। इस दौरान मोहम्मद अकरम, सीडीपीओ प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, खण्ड शिक्षा अधिकारी रामू , एडीओ आईएसवी अब्दुल गफ्फार, एडीओ सहकारिता अंबरीश यादव, एडीओ एमआई सुनील सुनील कुमार मिश्रा, प्रभारी एडीओ पंचायत आशुतोष यादव, मोहम्मद अजहरुद्दीन, मनोहर लाल बरनवाल, शैलेन्द्र गुप्ता नागेंद्र राव, राजदीप मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

# कोन पुलिस को मिली बड़ी सफलता, एनबीडब्लू/धारा 82/83 सीआरपीसी में वांछित फरार अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा न्यायालय

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** -पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सोनभद्र एवं क्षेत्राधिकारी ओबरा के मार्गदर्शन में शुक्रवार दिनांक 10.04.2026 को थाना कोन पुलिस द्वारा एक बड़ी सफलता प्राप्त करते हुए काफी दिनों से फरार चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त राजेन्द्र चेरो पुत्र लालजी चेरो उर्फ शीतल चेरो निवासी ग्राम अंजोरी (टोला कोल्हवा), थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र है, जिसके विरुद्ध मु0अ0सं0-20/2001 धारा 5/26 फॉरेस्ट एक्ट एवं 41/42, 379/411 भादवि व 3 लोक सम्पत्ति अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत था। अभियुक्त काफी समय से फरार चल रहा था, जिसके विरुद्ध मा. न्यायालय अपर सिविल जज (जू0डि0)/न्यायिक मजिस्ट्रेट दुद्धी, सोनभद्र द्वारा N B W/धारा 82/83 CrPC जारी किया गया था। मुखबिर की सूचना पर थाना कोन पुलिस द्वारा अभियुक्त को उसके पैतृक आवास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के उपरांत अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

पूछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि उसके विरुद्ध जनपद सोनभद्र में लगभग 6-7 मुकदमे पंजीकृत हैं तथा गैंगस्टर एक्ट भी लगा है, जिसके कारण वह काफी दिनों से फरार चल रहा था। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार सिंह, थाना कोन,चौकी प्रभारी चकरीया उ0नि0 शिवप्रकाश यादव, का0 कृष्ण कुमार यादव, चौकी चकरीया, का0 सूरज कुमार, चौकी चकरीया शामिल रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## नगर परिषद बकहो की गड़बड़ी हुई उजागर आवास योजना में भारी गड़बड़ी

**तहसीलदार ने भी माना आवास योजना गलत आवंटित हुए है- कलेक्टर संज्ञान में ले।**

**शहडोल** इन दिनों भ्रष्टाचार इतना बढ़ चुका है कि प्रधानमंत्री आवास योजना जैसे मुहिम अभियान में भी जानबूझकर या आंख मूंदकर अपात्र लोगों को आवास योजना का लाभ ऐसे व्यक्ति की जमीन पर आवंटित की गई है, जिस पर स्वयं नगर परिषद सी.एम.ओ. एवं हल्का पटवारी के साथ तहसीलदार ने भी माना की भूमि स्वामी कोई और आवास योजना का लाभ कोई और ले रहा है, जो बहुत बड़ी साजिस के तहत धोखाधड़ी व 420 की श्रेणी में आता है, नगर परिषद बकहो वार्ड क्र.5 टिकुरी टोला में भूमि स्वामी अमित सिंधानियां की वर्षो पुराने पट्टे की जमीन पर नगर परिषद की लापरवाही के कारण आवास योजना अपात्र लोगों को सिंधानियां की जमीन में बनवाने के लिए प्रेरित की या परिषद ने आंख मूंदकर प्रधानमंत्री आवास योजना के पैसों का बंदरबाट कर नियम कानून की धज्जियां उड़ाते हुए कमिष्नर व कलेक्टर से की गई षिकायत के बाद स्वयं सी.एम.ओ. बकहो व तहसीलदार ने स्वीकार किया की जिन लोगां के आवास योजना के मकान बने हैं, व पूर्ण रूप से अवैध जिन्हे शीघ्र बेदखल किया जाना तय है, पर इनती बड़ी गलती करने वाले व गड़बड़ी में लिप्त कर्मचारी अधिकारी के ऊपर संभागीय कमिष्नर व जिला कलेक्टर शीघ्र कार्यवाही कर प्रधानमंत्री आवास योजना की गड़बड़ी करने वालों के ऊपर कार्यवाही हो सके।

## स्कूल चलो अभियान के तहत काशीपुर में निकाली रैली




**सिद्धार्थनगर** जिले के बर्डपुर ब्लाक के कंपोजिट जूनियर हाईस्कूल काशीपुर में स्कूल चलो अभियान एवं संचारी रोग नियंत्रण पखवाड़ा रैली प्रधानाध्यापक अब्दुल अजीज की अगुवाई में निकाली गई, जिसमें विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों ने हाथों में स्लोगन लिखे हुए तख्ती और नारों के साथ कई गांव का भ्रमण किया और लोगों को स्वच्छता और शिक्षा से संबंधित जानकारियां देकर सबको आकर्षित किया। इस अवसर पर बर्डपुर ब्लॉक के एआरपी अभय कुमार यादव और एआरपी विवेक पासवान ने भी बच्चों के साथ गांव का भ्रमण कर लोगों को जागरूक किया, रैली बनकटवा, काशीपुर पिपरा, रोशन जोत आदि गांव में जाकर आमजन को जागरूक किया गया, रैली में बच्चों के साथ समसुल हक, नागेश्वर प्रसाद, विजयलक्ष्मी, रितु मलिक, वंदना चौधरी, उर्मिला देवी, वीरेंद्र चौधरी, सुनीता चौधरी आदि ने शामिल रहे।

## अंबेडकर जयंती को लेकर सुरियावां थाना में पीस कमेटी की बैठक




**भदोही।** आगामी अंबेडकर जयंती को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से सुरियावां थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासन एवं क्षेत्रीय लोगों ने मिलकर कानून-व्यवस्था बनाए रखने पर चर्चा की। थानाध्यक्ष मनीष द्विवेदी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर का जन्मदिवस हर्षोल्लास के साथ मनाएं, लेकिन नियमों का पालन करना आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिया कि तेज आवाज में डीजे न बजाया जाए और जो भी झांकियां निकाली जाएं, उन्हें निर्धारित समय (लगभग रात 10 बजे) तक समाप्त कर लिया जाए। साथ ही बिना अनुमति किसी भी प्रकार का कार्यक्रम या झांकी निकालने पर रोक रहेगी तथा विवादित या सरकारी भूमि पर किसी प्रकार की प्रतिमा स्थापना या आयोजन नहीं किया जाएगा। थानाध्यक्ष ने कहा कि लोग अपने-अपने घरों पर बाबा साहेब की जयंती मना सकते हैं, लेकिन सार्वजनिक कार्यक्रम के लिए पूर्व अनुमति अनिवार्य होगी। बैठक में उपनिरीक्षक योगेंद्र नाथ सिंह यादव, कमलेश कुमार, जितेंद्र यादव, धीरज यादव, शकील खां, जय शंकर, मनोज कुमार गौतम, दिलीप रावण, अरविंद कुमार प्रधान सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# रेत माफियाओं का बड़ा खेल उजागर: जनता से खुली लूट

## 200 घनफीट के नाम पर 130 घनफीट रेत

**● कलेक्टर से कार्यवाही की मांग**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**
**दिनेश चौधरी**

**शहडोल।** जिले में रेत कारोबार से जुड़ा एक बड़ा मामला सामने आया है, जिसमें आम नागरिकों के साथ खुलेआम धोखाधड़ी किए जाने का आरोप लगाया गया है। इस संबंध में घेरोला मोहल्ला निवासी समाजसेवी अशरफ खान द्वारा कलेक्टर शहडोल को लिखित शिकायत सौंपकर पूरे मामले की जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। शिकायत में जो तथ्य सामने आए हैं, वे न सिर्फ चौंकाने वाले हैं बल्कि प्रशासनिक व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करते हैं।

**रेत की गाड़ियों में बड़ा खेल, 70 प्रतिशत तक धोखाधड़ी का आरोप**

शिकायत पत्र में बताया गया है कि शहडोल जिले में चल रही रेत की गाड़ियों/डंपरों में से लगभग 70 प्रतिशत गाड़ियां आम जनता को धोखा दे रही हैं। यदि कोई व्यक्ति रेत खरीदता है, तो उसे 180 से 200 घनफीट रेत बताकर दी जाती है, जबकि वास्तविकता में मात्र 130 घनफीट रेत ही उपलब्ध कराई जाती है।

**गाड़ियों में की जा रही है तकनीकी हेराफेरी**

मामले का सबसे गंभीर पहलू यह है कि रेत की गाड़ियों की बॉडी के अंदर एंगल की पट्टियां लगाकर और उनमें लोहे की चादर फिट कर दी जाती है। इससे गाड़ी की ऊंचाई 8 से 10 इंच तक कम हो जाती है, लेकिन बाहर से देखने पर गाड़ी पूरी भरी हुई और बड़ी दिखाई देती है। इस तरह ग्राहकों को भ्रमित कर कम रेत देकर पूरा पैसा वसूला जाता है।

**खाली कराने के बाद खुलती है पोल**

शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि जब गाड़ी को खाली कराकर उसकी वास्तविक माप ली जाती है, तब जाकर इस धोखाधड़ी का खुलासा होता है। गाड़ी में कम रेत होने के बावजूद ग्राहकों से पूरा पैसा लिया जाता है, जिससे आम लोगों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

**भोले-भाले लोगों को बनाया जा रहा शिकार**

समाजसेवी अशरफ खान ने अपने पत्र में लिखा है कि जिले के सीधे-साधे और भोले-भाले लोग इस धोखाधड़ी का शिकार हो रहे हैं। जीवनभर की कमाई से अपना घर बनाने का सपना देखने वाले लोगों के साथ इस तरह की ठगी उनके सपनों पर कुठाराघात कर रही है।

**हाईवा और ट्रॉली सिस्टम से भी हो रही गड़बड़ी**

शिकायत में रेत व्यापारियों की एक और चाल का खुलासा किया गया है। बताया गया है कि व्यापारी हाईवा से रेत लाकर एक स्थान पर गिरवा देते हैं, फिर उसी रेत को छोटी




ट्रॉलियों के माध्यम से अलग-अलग ग्राहकों तक पहुंचाया जाता है। एक हाईवा की रेत से 5 से 6 ट्रिप बनाकर बेची जाती है, जिससे मुनाफा कई गुना बढ़ जाता है।

**ग्रामीण और अनजान जनता सबसे ज्यादा प्रभावित**

पत्र में यह भी कहा गया है कि जानकारी के अभाव में ग्रामीण और गरीब तबके के लोग इस धोखाधड़ी को समझ नहीं पाते। यदि वे गाड़ी खाली करवाकर लंबाई और चौड़ाई नाप लें, तो सच्चाई सामने आ सकती है, लेकिन अधिकांश लोग ऐसा नहीं कर पाते और ठगी का शिकार बन जाते हैं। कीमत में भी बड़ा अंतर, 5000 की रेत के लिए 8000 की वसूली शिकायत के अनुसार, आम जनता से रेत के लिए 8000 रुपये तक वसूले जा रहे हैं, जबकि वास्तविक मूल्य लगभग 5000 रुपये के आसपास होना चाहिए। यानी कम मात्रा देने के साथ-साथ अधिक कीमत वसूलकर दोहरी मार दी जा रही है।


**प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग**

समाजसेवी अशरफ खान ने कलेक्टर से मांग की है कि जिले में चल रही सभी रेत गाड़ियों, विशेषकर 912 मॉडल डंपरों की जांच कराई जाए और दोषी व्यापारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि भविष्य में कोई भी व्यापारी आम जनता की मेहनत की कमाई को इस तरह न लूट सके।

**संबंधित विभागों को भी दी गई सूचना**

इस पूरे मामले की जानकारी जिला खनिज अधिकारी एवं नाप-तौल विभाग के अधिकारियों को भी दी गई है, ताकि संयुक्त रूप से कार्रवाई कर इस गोरखधंधे पर रोक लगाई जा सके। जनता में आक्रोश, कार्रवाई का इंतजार। इस मामले के सामने आने के बाद क्षेत्र में लोगों के बीच आक्रोश का माहौल है। अब सभी की निगाहें प्रशासन पर टिकी हैं कि आखिर कब तक इस अवैध और धोखाधड़ी भरे कारोबार पर लगाम लगाई जाती है। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या प्रशासन इस शिकायत को गंभीरता से लेकर ठोस कार्रवाई करेगा या फिर रेत माफियाओं का यह खेल यूं ही चलता रहेगा?

# ईरान से बातचीत के लिए अमेरिकी उपराष्ट्रपति पाकिस्तान रवाना




**● कहा- ईरान खेल न खेले, ईमानदारी से बात करे; अब तक पाकिस्तान नहीं पहुंचा ईरानी डेलीगेशन**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

ईरान के साथ अहम बातचीत के लिए अमेरिकी उपराष्ट्रपति JD वेंस पाकिस्तान रवाना हो गए हैं। रवाना होते वक्त उन्होंने कहा कि ईरान ईमानदारी से बातचीत करे और कोई 'खेल' न खेले। वेंस ने कहा कि अगर तेहरान गुड फेथ में बात करेगा, तो अमेरिका भी खुले तौर पर बातचीत के लिए तैयार है। लेकिन अगर वह चालाकी करने की कोशिश करता है, तो अमेरिकी टीम सख्त रुख अपनाएगी।

इस्लामाबाद में दोनों देशों के बीच अहम बैठक होने वाली है। लेकिन बैठक से पहले ही अनिश्चितता बनी हुई है क्योंकि ईरानी डेलिगेशन अब तक पाकिस्तान नहीं पहुंचा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरान लेबनान में जारी इजराइली हमलों से नाराज है और इसी वजह से उसने बातचीत को लेकर सख्त रुख अपनाया है। इससे पहले खबर आई थी कि ईरानी प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान पहुंच चुका है, लेकिन ईरानी मीडिया ने इन दावों को खारिज कर दिया। गौरतलब है कि 8 अप्रैल को अमेरिका और ईरान के बीच दो हफ्ते के सीजफायर पर सहमति बनी थी।

**अमेरिका-ईरान के बीच इन मुद्दों पर बातचीत होनी है**

ईरान का न्यूक्लियर प्रोग्राम- अमेरिका का कहना है कि ईरान में कोई संवर्धन नहीं होगा। ईरान को अपना सारा हाई-लीवल इनरिच्ड यूरेनियम बाहर करना होगा और न्यूक्लियर फैसिलिटीज बंद या सीमित करनी होंगी।

**स्ट्रेट ऑफ होर्मुज-** दुनिया का बहुत सारा तेल और गैस इसी रास्ते से गुजरता है। ईरान अभी भी इसका नियंत्रण रखना चाहता है और टोल (फीस) लेने की बात कर रहा है। वहीं, अमेरिका चाहता है कि रास्ता पूरी तरह खुला और सुरक्षित हो, बिना किसी रुकावट या फीस के।

**बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम-** अमेरिका ईरान की लंबी दूरी की मिसाइलों पर रोक लगाना चाहता है।

**सैंक्शंस हटाना-** ईरान चाहता है कि सभी अमेरिकी और अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध तुरंत हटा दिए जाएं, फ्रोजन एसेट्स वापस मिलें और मुआवजा भी मिले।

# वानिंदु हसरंगा की जगह एलएसजी में खतरनाक ऑलराउंडर की एंट्री, टी20 में चटका चुका है 218 विकेट





**● वानिंदु हसरंगा चोट की वजह से आईपीएल 2026 से बाहर**

**लखनऊ की आईपीएल 2026 में लगातार दूसरी जीत**

**एलएसजी की टीम में स्टार ऑलराउंडर की एंट्री**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 के बीच लखनऊ सुपर जायंट्स को बड़ा झटका लगा है। श्रीलंका के दिग्गज ऑलराउंडर वानिंदु हसरंगा पूरे सीजन से बाहर हो गए हैं। हसरंगा का चोटों से पुराना नाता रहा है और वे इंजरी की वजह से कई बार नहीं खेल सके हैं। श्रीलंकाई खिलाड़ी टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भी नहीं खेल सके थे और इसका असर टीम के प्रदर्शन पर भी दिखाई दिया था। अब वे आईपीएल 2026 से भी बाहर हो गए हैं। बता दें कि लखनऊ ने हसरंगा को 2 करोड़ रुपए में अपनी टीम में शामिल किया था। फ्रेंचाइजी को उम्मीद थी कि वे बल्ले और गेंद के साथ टीम के लिए अच्छा केल दिखाएंगे लेकिन अब पूरे सीजन से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह एलएसजी ने साउथ अफ्रीका के हरफनमौला खिलाड़ी जॉर्ज लिंडे को अपने साथ जोड़ा है, जो पूरे सीजन खेलते हुए दिखाई देंगे।

**जॉर्ज लिंडे को लखनऊ ने टीम में शामिल किया**

साउथ अफ्रीका के लिए जॉर्ज लिंडे तीनों फॉर्मेट में खेल चुके हैं। प्रोटियाज खिलाड़ी बल्ले और गेंद दोनों के साथ ही टीम के लिए योगदान दे सकते हैं। लिंडे बाएं हाथ के गेंदबाज और बल्लेबाज हैं। फ्रेंचाइजी ने उन्हें 1 करोड़ में अपने साथ जोड़ा है। वे आईपीएल में पहली बार नजर आने वाले हैं। इससे पहले उन्हें किसी भी टीम ने अपने स्क्वाड में शामिल नहीं किया था। 34 वर्षीय खिलाड़ी को टी20 क्रिकेट का अच्छा खासा अनुभव है, जो लखनऊ के काम आ सकता है। लिंडे ने साउथ अफ्रीका के लिए 3 टेस्ट, 4 वनडे और 37 टी20 मैच खेले हैं। टी20 इंटरनेशनल में उन्होंने 35 विकेट हासिल किए हैं, जबकि 403 रन बनाए हैं। इसके अलावा उन्होंने अब तक कुल 250 टी20 मुकाबले खेले हैं। इस दौरान लिंडे ने 218 विकेट हासिल किए हैं और बल्ले के साथ 2746 रन बनाए हैं।

**लखनऊ की लगातार दूसरी जीत**

आईपीएल 2026 में लखनऊ को अपने पहले मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद उन्होंने वापसी की और लगातार दो मैचों में जीत दर्ज की। ऋषभ पंत की अगुवाई वाली टीम ने सनराइजर्स हैदराबाद को 5 और कोलकाता नाइट राइडर्स को 3 विकेट से हराया।

# लेबनान में नागरिकों की बढ़ती मौतों पर भारत ने जताई चिंता, पाकिस्तान में अमेरिका-ईरान वार्ता को लेकर लग रहीं तमाम तरह की अटकलें

**● भारत सरकार ने अपनी ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए सक्रिय कदम उठाए हैं। प्रधानमंत्री के निर्देश पर विभिन्न मंत्री खाड़ी देशों की यात्रा कर रहे हैं। विदेश मंत्री की यात्रा के तहत संयुक्त अरब अमीरात के साथ संबंधों को और मजबूत करने पर जोर दिया जा रहा है, जबकि पेट्रोलियम मंत्री कतर में ऊर्जा सहयोग को लेकर बातचीत कर रहे हैं।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच इस समय पूरी दुनिया की नजर पाकिस्तान पर टिकी हुई है, जहां ईरान और अमेरिका के बीच अहम वार्ता होनी है। लेकिन हालात बेहद अलग तस्वीर दिखा रहे हैं। इस्लामाबाद में सन्नाटा पसरा हुआ है, कड़ी सुरक्षा के बीच लगभग लॉकडाउन जैसी स्थिति बना दी गई है और सड़कों पर आवाजाही बेहद सीमित है। जिन प्रतिनिधिमंडलों को इस वार्ता में शामिल होना है, उनके आने को लेकर अब भी संशय बना हुआ है। हालात ऐसे हैं मानो पाकिस्तान वार्ता की मेज सजाकर, समोसे और जलेबी रखकर इंतजार कर रहा हो, लेकिन मेहमान अभी तक पहुंचे ही नहीं हैं। उधर, ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच बढ़ते टकराव के साथ लेबनान की स्थिति और जटिल हो गई है, जबकि भारत सहित कई देश इस पूरे घटनाक्रम पर करीबी नजर बनाए हुए हैं। भारत के विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि वह पश्चिम एशिया की स्थिति पर लगातार नजर रख रहा है और खाड़ी क्षेत्र के देशों के साथ संपर्क बनाए हुए है। साथ ही भारत सरकार ने अपनी ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए सक्रिय कदम उठाए हैं। प्रधानमंत्री के निर्देश पर विभिन्न मंत्री खाड़ी देशों की यात्रा कर रहे हैं। विदेश मंत्री की यात्रा के तहत संयुक्त अरब अमीरात के साथ संबंधों को और मजबूत करने पर जोर दिया जा रहा है, जबकि पेट्रोलियम मंत्री कतर में ऊर्जा सहयोग को लेकर बातचीत कर रहे हैं।

भारत ने अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए विविध स्रोतों की नीति अपनाई है। इसी क्रम में रूस और अमेरिका दोनों से ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। इसके साथ ही भारत अपने पड़ोसी देशों की सहायता भी कर रहा है। हाल ही में श्रीलंका को पेट्रोलियम उत्पाद की आपूर्ति की गई, जबकि मॉरीशस के साथ तेल और गैस आपूर्ति को लेकर समझौते को अंतिम रूप दिया जा रहा है। दूसरी ओर, लेबनान में हालात चिंताजनक बने हुए हैं। इजराइल के हमलों के कारण नागरिकों की बढ़ती मौतों पर भारत ने गहरी चिंता जताई है। भारत ने स्पष्ट किया है कि वह लेबनान की शांति और सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध है और वहां संयुक्त राष्ट्र मिशन में उसकी सक्रिय भागीदारी है। हम आपको बता दें कि लेबनान में लगभग एक हजार भारतीय नागरिक भी रह रहे हैं, जिससे भारत की चिंता और बढ़ गई है। इस बीच, इजराइल के प्रधानमंत्री ने साफ कहा है कि लेबनान में कोई युद्धविराम लागू नहीं है और हिजबुल्लाह के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। हालांकि उन्होंने यह भी संकेत दिया कि यदि अनुरोध किया गया तो शांति वार्ता के लिए रास्ता खुला है।

इस पूरे संकट के बीच ईरान से जुड़ी एक महत्वपूर्ण खबर भी सामने आई है। ईरान के पूर्व विदेश मंत्री कमाल खराजी जोकि हवाई हमले में घायल हो गये थे, उनकी मृत्यु हो गयी है। हम आपको याद दिला दें कि उन्होंने ईरान की परमाणु क्षमता के बारे में बयान देते हुए कहा था कि तेहरान के पास परमाणु बम बनाने की तकनीकी क्षमता है। उधर, कूटनीतिक स्तर पर भी गतिविधियां तेज हो गई हैं। लेबनान ने संकेत दिया है कि वह वाशिंगटन में प्रस्तावित वार्ता में शामिल हो सकता है, जिससे युद्धविराम की संभावनाओं को बल मिल सकता है। हालांकि इस प्रक्रिया में कई बाधाएं बनी हुई हैं, जिनमें सबसे बड़ी समस्या लेबनान को युद्धविराम समझौते में शामिल करने को लेकर मतभेद है।

दूसरी ओर, इस संघर्ष का एक महत्वपूर्ण पहलू होर्मुज जलडमरूमध्य की स्थिति है, जो वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति का प्रमुख मार्ग है। ईरान ने यहां जहाजों की आवाजाही पर सख्त नियंत्रण लगा दिया है। प्रतिदिन सीमित संख्या में जहाजों को अनुमति दी जा रही है, जिससे तेल आपूर्ति प्रभावित हो रही है और वैश्विक बाजार में अस्थिरता बढ़ रही है। जहाजों के लिए नए नियम, अनुमति प्रणाली और संभावित शुल्क ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार को जटिल बना दिया है। बताया जा रहा है कि ईरान इस मार्ग से गुजरने वाले जहाजों पर शुल्क लगाने पर विचार कर रहा है, जिसे लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आलोचना हो रही है। इस स्थिति ने बीमा लागत, कानूनी जोखिम और परिवहन खर्च को बढ़ा दिया है, जिससे कई कंपनियां सतर्क हो गई हैं।

इसी बीच, चीन की भूमिका इस पूरे संकट में उभरकर सामने आई है। कूटनीतिक सूत्रों के अनुसार, जब युद्धविराम की संभावना कमजोर पड़ रही थी, तब चीन ने हस्तक्षेप कर ईरान को प्रारंभिक सहमति देने के लिए राजी किया। चीन के विदेश मंत्री ने कई देशों के साथ लगातार संपर्क बनाए रखा और क्षेत्र में सक्रिय कूटनीति के माध्यम से तनाव कम करने की कोशिश की।

माना जा रहा है कि भले वार्ता के लिए मेज पाकिस्तान में सजी हो लेकिन असल मध्यस्थता चीन ने ही की थी। वैसे अभी यह स्पष्ट नहीं है कि ईरान, इजराइल और अमेरिका के बीच औपचारिक बातचीत शुरू हुई है या नहीं। ईरान ने इस बात से इंकार किया है कि उसका कोई प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान पहुंचा है। उसने यह भी कहा है कि जब तक लेबनान में युद्धविराम नहीं होता, तब तक वह व्यापक वार्ता में शामिल नहीं होगा। अमेरिका की ओर से उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के पाकिस्तान जाने की तैयारी इस बात का संकेत है कि वार्ता को आगे बढ़ाने की कोशिशें जारी हैं। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि बातचीत प्रत्यक्ष होगी या अप्रत्यक्ष। कुल मिलाकर देखें तो फिलहाल स्थिति बेहद जटिल बनी हुई है। परमाणु कार्यक्रम, क्षेत्रीय संघर्ष, समुद्री सुरक्षा और लेबनान का मुद्दा जैसे कई बड़े प्रश्न अभी अनसुलझे हैं। कूटनीतिक प्रयास जारी हैं, लेकिन स्थायी समाधान के लिए सभी पक्षों को कठिन समझौते करने होंगे। बहरहाल, इस पूरे घटनाक्रम ने यह स्पष्ट कर दिया है कि पश्चिम एशिया का संकट केवल क्षेत्रीय नहीं बल्कि वैश्विक प्रभाव वाला है, जिसमें ऊर्जा, सुरक्षा और कूटनीति के कई आयाम जुड़े हुए हैं।

# माधुरी दीक्षित का रियल एस्टेट गेम, शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी की ओ रोमियो ओटीटी पर रिलीज

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



आज बॉलीवुड में 'धुरंधर 2'की ऐतिहासिक सफलता की गूंज है, जिसने 1000 करोड़ का आंकड़ा पार कर बॉक्स ऑफिस पर नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। वहीं, थलपति विजय की फिल्म 'जना नायकन' के रिलीज से पहले लीक होने की खबरों ने फिल्म इंडस्ट्री को सकते में डाल दिया है। टीवी की दुनिया में 'बिग बॉस 19' में चल रहे ड्रामे और सलमान खान की सुरक्षा से जुड़े अपडेट्स चर्चा का केंद्र बने हुए हैं, जबकि अक्षय कुमार की 'भूत बंगला' और शाहिद कपूर की 'ओ'रोमियो' की रिलीज ने सिनेमा प्रेमियों के उत्साह को दोगुना कर दिया है।

'जना नायकन' लीक होने पर भड़के मेकर्स, लीगल एक्शन को तैयार विजय की मोस्ट अवेटेड अंतिम फिल्म 'जना नायकन' की टीम ने फिल्म के ऑनलाइन लीक होने के बाद एक कानूनी नोटिस जारी किया है।

मेकर्स दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने वाले हैं 'जना नायकन' थलपति विजय की सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली फिल्मों में से एक है, क्योंकि राजनीति में पूरी तरह से उतरने से पहले यह उनकी आखिरी फिल्म है 'जना नायकन' को शुरू में 9 जनवरी को रिलीज करने का प्लान था, लेकिन सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन (सीबीएफसी) ने इसे सर्टिफिकेट, देने से मना कर दिया और दावा किया कि कुछ सीन सही नहीं है।

रणदीप हुड्डा ने अलग अंदाज में बताया बेटी का यूनिक नाम रणदीप हुड्डा और लिन बीते महीने बेबी गर्ल के पेरेंट्स बने थे। एक महीने बात ही दोनों ने बेटी का प्यारा नाम फैंस के साथ साझा किया इसके साथ ही बेटी की पहली झलक भी दुनिया को दिखा दी है रणदीप और लिन ने अपनी बेटी का नाम न्योमिका रखा है। यह नाम न केवल सुनने में मॉडर्न और मधुर है, बल्कि इसका अर्थ भी बेहद गहरा है 'न्योमिका' का अर्थ दिव्य कृपा, स्वतंत्रता और आकाश की तरह असीम होता है।

**शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी की 'ओ'रोमियो' ओटीटी पर रिलीज**

शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'ओ'रोमियो' आज ओटीटी पर रिलीज हो गई है फिल्म आज़ादी के बाद के मुंबई अंडरवर्ल्ड की एक डार्क लव स्टोरी है अन्य रिलीजः अक्षय कुमार की 'भूत बंगला' भी आज सिनेमाघरों में रिलीज हुई है, जिसे 'भूल भुलैया' जैसा रिस्पॉन्स मिल रहा है।

**माधुरी दीक्षित का रियल एस्टेट गेम**

माधुरी दीक्षित ने मुंबई के रियल एस्टेट मार्केट में हलचल मचा दी है। उन्होंने हाल ही में जुहू स्थित अपना अपार्टमेंट बेचकर मलाड में एक नया कमर्शियल वेंचर शुरू किया है। उनकी इस 'शार्प' बिजनेस स्ट्रैटेजी की काफी तारीफ हो रही है।

# रश्मिका मंदाना 'स्पेशल 30' जन्मदिन! कूर्ग की गलियों में ताज़ा कीं बचपन की यादें, पति विजय देवरकोंडा संग मनाया पहला जन्मदिन

**साउथ और बॉलीवुड की चहेती एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने अपना 30वां जन्मदिन बेहद सादगी और इमोशनल अंदाज़ में मनाया।**

**इस बार का जन्मदिन उनके लिए कई मायनों में खास था—पहला यह कि उन्होंने अपने जीवन के तीन दशक पूरे किए, और दूसरा यह कि शादी के बाद पति विजय देवरकोंडा के साथ यह उनका पहला जन्मदिन था।**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

साउथ और बॉलीवुड की चहेती एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने अपना 30वां जन्मदिन बेहद सादगी और इमोशनल अंदाज़ में मनाया। इस बार का जन्मदिन उनके लिए कई मायनों में खास था—पहला यह कि उन्होंने अपने जीवन के तीन दशक पूरे किए, और दूसरा यह कि शादी के बाद पति विजय देवरकोंडा के साथ यह उनका पहला जन्मदिन था।

**अपने होमटाउन कूर्ग लौटीं 'नेशनल क्रश'**

रश्मिका ने इस खास मौके पर चकाचौंध से दूर अपने गृहनगर कूर्ग जाने का फैसला किया। उन्होंने विजय के साथ मिलकर उन जगहों की यात्रा की, जहाँ उनका बचपन बीता था।

**स्कूल की यादें:** रश्मिका अपने पुराने स्कूल गई। समय की कमी के कारण उन्होंने इसे बाहर से ही देखा, लेकिन वह कुछ पल के लिए अपनी पुरानी यादों में खो गई। **मंदिर में दर्शन:** वह उस स्थानीय मंदिर में भी माथा टेकने गई, जहाँ वह बचपन से अक्सर जाया करती थीं।

**शादी के बाद परिवार संग खास डिनर**

फरवरी 2024 में उदयपुर में हुई ग्रैंड वेडिंग के बाद रश्मिका अपने उन रिश्तेदारों से नहीं मिल पाई थीं, जो शादी में शामिल नहीं हो सके थे। जन्मदिन के बहाने उन्होंने एक छोटी सी डिनर पार्टी रखी, जहाँ उन्होंने अपने परिवार के बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। रश्मिका मंदाना ने लिखा 'मैंने उन लोगों के बीच केक काटा, जिनकी वजह से मैं आज जो कुछ भी हूँ, वो हूँ। वे लोग जिन्होंने मेरे जन्म से लेकर आज तक मुझे अपना प्यार दिया है। मेरी स्कूल की सहेलियाँ और वे दोस्त, जो अब परिवार बन चुके हैं... सब कुछ बहुत कीमती लग रहा है!'

**वर्क फ्रंट: रश्मिका और विजय फिर दिखेंगे साथ**

रश्मिका मंदाना का करियर इस समय बुलंदियों पर है। उनके पास कई बड़े प्रोजेक्ट्स हैं:

**रणबाली:** वह एक बार फिर अपने पति विजय देवरकोंडा के साथ बड़े पर्दे पर नज़र आएंगी।

**कॉकटेल 2:** बॉलीवुड सुपरस्टार शाहिद कपूर के साथ उनकी यह फिल्म काफी चर्चा में है।

**मायसा:** रविंद्र पुल्ले के निर्देशन में बन रही यह एक तेलुगू थ्रिलर फिल्म है।

**द गर्लफ्रेंड:** रश्मिका इस फिल्म में लीड भूमिका निभा रही हैं, जिसकी शूटिंग हाल ही में चर्चा में रही थी।